▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 225 ▸▸ पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 14 मई, 2025
▸▸ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> मेरे पास कोई विशेष प्रतिभा नहीं है। मैं केवल जुनूनी रूप से जिज्ञासु हूं।
> -अल्बर्ट आइंस्टीन

**सीबीएसई रिजल्टः** 12वीं में 88.39 और 10वीं में 93.66 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण

# 3.10 लाख विद्यार्थियों ने हासिल किए 90 फीसदी से ज्यादा अंक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस बार भी छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में अच्छे अंक हासिल किए हैं। 10वीं और 12वीं दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण प्रतिशत में मामूली बढ़त देखने को मिली है, लेकिन सबसे खास बात यह रही कि कुल 3.10 लाख से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, जो बोर्ड परीक्षाओं में लगातार बढ़ती मेधा और प्रतिस्पर्धा का संकेत है।

यदि दोनों कक्षाओं के आंकड़ों को जोड़कर देखा जाए, तो कुल 3,11,000 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, जिनमें से लगभग 70,383 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। यह बोर्ड परीक्षाओं में न केवल प्रतिस्पर्धा की तीव्रता को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि देश भर के विद्यालयों में मेधावी छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लड़कों के 92.63 प्रतिशत के मुकाबले, 95 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता दर्ज की। ट्रांसजेंडर छात्रों की सफलता दर इस बार 95 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष के 91.30 प्रतिशत से ■ शेष पृष्ठ 7 पर


फोटोः एचसी वर्मा

### 10वींः 93.66% सफल


10वीं में कुल 93.66 प्रतिशत छात्र सफल रहे, जो पिछले वर्ष की 93.60 प्रतिशत की तुलना में हल्की बढ़त है। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि कुल 23,71,939 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 1.99 लाख से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 45,516 छात्रों ने 95 प्रतिशत से भी अधिक अंक हासिल किए। हालांकि, 1.41 लाख से अधिक छात्रों को कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए रखा गया है, जिनकी मुख्य परीक्षा में सफलता नहीं मिली।

### 12वींः 88.39% सफल

12वीं के लिए 16,92,794 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 88.39 प्रतिशत सफल हुए। यह आंकड़ा पिछले साल के 87.98 प्रतिशत से थोड़ा बेहतर है, जो बताता है कि छात्र स्थिरता के साथ अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जैसा कि हर बार होता आया है, इस बार भी लड़कियां लड़कों पर भारी रहीं। 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों की संख्या 1,11,544 रही, वहीं 24,867 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कंपार्टमेंट में रखे गए छात्र 12वीं में 1.29 लाख से अधिक हैं।

### प्रदेश में छात्राओं ने मारी बाजी

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में सीबीएसई की 10वीं में 92.71 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुए हैं, जबकि 12वीं में 88.39 फीसदी स्टूडेंट ने बाजी मारी। इस बार 10वीं में एक लाख 15 हजार 645 स्टूडेंट परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से एक लाख 7 हजार 211 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। पास हुए स्टूडेंट्स में 94.40 प्रतिशत लड़कियां जबकि 91.32 प्रतिशत लड़के हैं। 12वीं का परीक्षा परिणाम 82.46 प्रतिशत रहा। इस बार 12वीं में 16,92,794 छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, जिसमें से 14,96,307 स्टूडेंट पास हो पाए। इसमें भी पास होने वाली छात्राओं का प्रतिशत 91.64 रहा, जबकि छात्रों का प्रतिशत 85.70 फीसदी रहा। इस साल का रिजल्ट साल 2024 से बेहतर रहा है। लड़कियों का पास प्रतिशत लड़कों के मुकाबले 5.94 फीसदी ज्यादा है। सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता।




# 6 वर्ष के निचले स्तर पर महंगाई

## अप्रैल में 3.16 फीसदी रही, ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खुदरा महंगाई के मोर्चे पर देश को बड़ी खुशखबरी मिली है। अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 3.16 फीसदी के स्तर पर रही। यह पिछले 6 वर्ष का निचला स्तर है। महंगाई दर के लगातार 4 फीसदी से नीचे रहने की वजह से आने वाले दिनो में रिजर्व बैंक की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और बढ़ गई है।

सरकार की ओर से जारी डाटा के मुताबिक, अप्रैल में भारत की खुदरा महंगाई दर 3.16 प्रतिशत रही। इससे पहले मार्च में महंगाई दर 3.34 प्रतिशत रही थी। इस तरह मासिक आधार पर भी महंगाई में कमी आई है। वहीं, सालाना आधार पर देखा जाए, तो इसमें 1 फीसदी से च्यादा की कमी आई है। पिछले वर्ष यानी अप्रैल 2024 में खुदरा महंगाई दर 4.83 फीसदी रही थी। इस तरह सालाना आधार पर महंगाई 1.67 फीसदी घटी है।

महंगाई दर इस साल लगातार 5 फीसदी से नीचे उस दायरे में बनी हुई, जिसे रिजर्व बैंक ने टोलरेंस एरिया माना है। जनवरी में महंगाई दर 4.31 फीसदी रही। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



**क्यों घटी महंगाईः** महंगाई कम होने के पीछे कई कारण रहे हैं। इनमें सबसे बड़ा योगदान खाद्य कीमतों में आई गिरावट है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक 43 अर्थशास्त्रियों ने अप्रैल में भारत में महंगाई दर 3.27 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। इस तरह महंगाई दर अनुमान से भी कम रही है।

**खाद्य महंगाई में बड़ी गिरावटः** खुदरा महंगाई में खाद्य महंगाई की अहम भूमिका रहती है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में फूड इंडेक्स की भागीदारी करीब 50 फीसदी रहती है। अप्रैल खाद्य महंगाई कम होकर 1.78 फीसदी हो गई है, जबकि मार्च में यह 2.69 फीसदी रही थी। खाद्य महंगाई घटने के पीछे बड़ा कारण फसलों का अच्छा उत्पादन रहा है।

**ग्रामीण महंगाई में 3 फीसदी से नीचेः** अप्रैल में ग्रामीण महंगाई में भी कमी आई है। अप्रैल में यह 2.92 फीसदी रह गई, जो मार्च में 3.25 फीसदी थी, जबकि शहरी मुद्रास्फीति घटकर 3.36 फीसदी रह गई, जो एक महीने पहले 3.43 फीसदी रही थी।

**ऑफ बीट**

## इंग्लैंड के रेसलिंग चर्च में रोज होती है कुश्ती



*लंदन, जेएनएन। चर्च ईसाइयों का प्रार्थना स्थल होता है। यहां लोग भगवान यीशु से प्रार्थना करते हैं, लेकिन इंग्लैंड में एक चर्च ऐसा है, जहां कुश्ती कराई जाती है। इसे कई लोग रेसलिंग यानी कुश्ती वाले चर्च के नाम से जानते हैं। इस चर्च का असली नाम सेंट पीटर्स एंग्लिकन चर्च है, जो उत्तरी इंग्लैंड के शिप्ले शहर में बना है। इसे 37 साल के गैरेथ थॉम्पसन ने बनवाया था। उनका कहना है कि यीशु मसीह और कुश्ती ने ही उनकी जान बचाई थी, इसीलिए उन्होंने दोनों को एक साथ लाने का फैसला किया। इस चर्च में रोजाना कुश्ती आयोजित की जाती हैं, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है।*

*थॉम्पसन बताते हैं कि सभी लड़ाइयां स्क्रिप्टेड होती हैं, यानी सब कुछ पहले से तय होता है लेकिन लड़ने के लिए पेशेवर पहलवान ही बुलाए जाते हैं। थॉम्पसन का कहना है कि वह कुश्ती करवाकर अच्छाई और बुराई के बीच का अंतर समझाना चाहते हैं। उनका कहना है, जब मैं ईसाई बना तो मैंने कुश्ती की दुनिया को ईसाई नजरिए से देखना शुरू किया। मैंने सोचा कि मैं कुश्ती के जरिए ईसाई धर्म की कहानियां व्यक्त करूंगा।*

**पाकिस्तान ने कबूला नुकसान का सच**

# 11 सैनिकों की मौत, 78 घायल, एक दर्जन लापता

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान ने कबूल कर लिया है कि भारत की कार्रवाई में उसके 11 सैनिक मारे गए है और 78 घायल हो गए। इसके अलावा गोलाबारी में 40 नागरिकों की भी मौत हो गई। पाकिस्तान की एयरफोर्स को भी नुकसान हुआ है। मंगलवार को पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर रावलपिंडी अस्पताल पहुंचे और घायल सैनिकों का हाल जाना।

भारतीय सेना ने अपनी जवाबी कार्रवाई के बाद दी जानकारी में स्पष्ट कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 आतंकी और उसके बाद जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के 40 जवान और अधिकारी मारे गए हैं। अब इस जानकारी की पुष्टि पाकिस्तान भी कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, फौज ने मंगलवार को भारत के साथ हाल ही में हुए टकराव के दौरान हुए सैन्य और नागरिक हताहतों का आधिकारिक ब्यौरा जारी किया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, 6 और 7 मई को भारतीय कार्रवाई के जवाब में ऑपरेशन बुनयान-उन-मार्सस के दौरान 11 सैनिक मारे गए तथा 78 घायल हो गए।



### पाक वायुसेना को भी भारी नुकसान

आईएसपीआर ने यह भी स्वीकार किया है कि भारतीय हमलों में पाकिस्तानी वायुसेना को भी भारी नुकसान हुआ है, जिसमें एयरफोर्स के पांच अधिकारी मारे गए हैं। सैन्य हताहतों के अलावा भारत की गोलाबारी में कई नागरिक भी घायल हुए। आईएसपीआर के बयान के अनुसार, सात महिलाओं और 15 बच्चों समेत 40 नागरिकों की जान चली गई, जबकि 121 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें 27 बच्चे और 10 महिलाएं शामिल हैं।

### हार को जीत बता रहे पाकिस्तानी

भारत की कार्रवाई में पाकिस्तान की स्पष्ट हार हुई है। हालांकि, पाकिस्तानी आर्मी अपनी इस हार को जीत बता रही है। इस बीच पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर का एक वीडियो सामने आया है। वह रावलपिंडी के एक अस्पताल में घायल सैनिकों से मुलाकात करने पहुंचा है। इससे पहले पाकिस्तान भारतीय एयर स्ट्राइक में अपने नुकसान और सैनिकों के मारे जाने के दावों का लगातार खंडन कर रहा था। अब इस वीडियो के सामने आने के बाद पाकिस्तान के फर्जी दावों की पोल खुल गई है। हालांकि, पाकिस्तान की सड़कों पर मंगलवार को भी जश्न मनाया गया। आतिशबाजियां हुईं। लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे थे।

# मप्र कैबिनेटः जंगली हाथी प्रबंधन योजना पर लगी मुहर, बनेगी रैपिड रिस्पांस टीम

**विशेष संवाददाता , भोपाल।** प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को 47 करोड़ 11 लाख के एक प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। यह योजना जंगली हाथियों को लेकर प्रबंधन और मानव हाथी द्वंद को कम करेगी। सरकार इसके लिए रैपिड रिस्पांस टीम का गठन करेगी।



मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने राज्य के तीन जिलों में जंगली हाथियों की आबादी क्षेत्रों में अक्सर होने वाली मौजूदगी और उससे होने वाले संभावित नुकसान से बचने एवं हाथियों की सुरक्षा के लिए एक योजना के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत मंत्रिपरिषद ने इस योजना के लिए 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपए का प्रावधान कर दिया। बताया गया कि हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में कुल एक करोड़ 52 लाख 54 हजार रुपए व्यय किए गए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के 20 करोड़ रुपयों और वर्ष 2026-27 के लिए 25 करोड़ 59 लाख 15 हजार रुपए का प्रावधान किया गया। इस तरह आगामी 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों के लिए 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

इस संबंध में नगरीय निकाय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश के तीन जिलों में जंगली हाथियों का आवागमन देखा गया है। सरकार ने तय किया है कि योजना के जरिए संरक्षित ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### रायसेन में बनेंगे हाईस्पीड रेल और मेट्रो कोच

कैबिनेट में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड द्वारा रायसेन जिले के गौहरगंज में हाईस्पीड रेल और मेट्रो के कोच बनाए जाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। विजयवर्गीय ने बताया कि संस्था को जमीन देने का प्रस्ताव कैबिनेट में बाद में लाया जाएगा। इसके अलावा कैबिनेट ने कुछ और प्रस्तावों पर सहमति जताई है।

## चैनल '4पीएम' ब्लॉक करने का आदेश वापस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट को मंगलवार को सूचित किया गया कि यूट्यूब पर 73 लाख सब्सक्राइबर वाले चैनल '4पीएम को ब्लॉक करने का आदेश केंद्र सरकार ने वापस ले लिया है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ को बताया कि उन्होंने (सरकार ने) ब्लॉक करने का आदेश वापस ले लिया है।

इसके बाद जस्टिस बीआर गवई ने पूछा कि क्या इसके बाद भी मामले में कुछ बचा है? इस पर सिब्बल ने अनुरोध किया कि इस याचिका को अलग-अलग लंबित याचिकाओं के साथ संलग्न किया जाए, जिनमें आईटी नियमावली, 2009 के नियम 16 को चुनौती दी गई है।

## शोपियां में लश्कर के तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस एनकाउंटर में तीन आतंकी मारे गए। इन आतंकियों का संबंध लश्कर-ए-तैयबा से था। दो आतंकवादियों के घिरे होने की संभावना के चलते सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कोई मिला नहीं।

अधिकारियों के मुताबिक, विशेष इनपुट के आधार पर सुरक्षाबलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। इसमें तीन आतंकी मारे गए। इनमें से दो की पहचान कर ली गई। पहले आतंकी का नाम शाहिद कुट्टे है, जो चोटिपोरा हीरपोरा, शोपियां का निवासी है। यह 8 मार्च, 2023 को लश्कर के साथ जुड़ा था।

# बिगड़े बोलः विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को बताया आतंकवादियों की बहन

### भाजपा ने लगाई फटकार दिल्ली ने मांगी रिपोर्ट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के जनजातीय कार्यमंत्री विजय शाह ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, मोदी जी ने उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करा दी। बयान सामने आते ही प्रदेश संगठन के सामने पहुंचे शाह ने अपनी सफाई दी है।

दरअसल सोमवार को राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में हलमा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंगलवार को इस कार्यक्रम ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### सफाई देने शाह चप्पल पहने ही पहुंचे मुख्यालय



बयान सामने आते ही सरकार से लेकर भाजपा संगठन सकते में आ गया। सूत्रों की मानें तो इस मामले में दिल्ली ने प्रदेश संगठन से रिपोर्ट मांगी है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने शाह को तलब किया, तो वे हवाई चप्पल पहनकर ही पार्टी मुख्यालय पहुंचे और तकरीबन आधा घंटे तक बंद कमरे में अपनी सफाई देते रहे। बताया गया है कि मंत्री को जमकर फटकार मिली है, जिस पर उनके द्वारा माफी मांगते हुए भविष्य में इस तरह के बयान नहीं देने का भरोसा दिलाया है। शाह प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से भी मिले और उनके सामने अपनी बात रखी।

### जीतू बोले- तत्काल बर्खास्त करो



जीतू पटवारी ने विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि ऐसा व्यक्ति जो देश की बहादुर बेटियों के लिए बेहद निंदनीय शब्दों का इस्तेमाल करता है-क्या वह मंत्रिमंडल में रहने लायक है? मैं प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, भाजपा अध्यक्ष और प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूछूंगा कि अगर वे इस बयान से सहमत हैं, तो क्या यह भाजपा की भाषा है? अगर नहीं-तो शाह को बर्खास्त करिए।

## पद्मश्री वैज्ञानिक की संदिग्ध हालात में मौत

**मैसूर, जेएनएन।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन संदिग्ध परिस्थिति में मृत पाए गए। बीते शनिवार को कर्नाटक में कावेरी नदी के पास साईं आश्रम में एक शव देखा गया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और उसकी पहचान की। मंगलवार को पता चला कि शव मशहूर मत्स्य वैज्ञानिक अय्यप्पन का है। वे अपनी पत्नी के साथ मैसूर में रहते थे। उनकी दो बेटियां हैं। 7 मई से ही अय्यप्पन के लापता होने के बात सामने आई थी। अय्यप्पन का स्कूटर भी कावेरी नदी के किनारे मिला था। डॉ. अय्यप्पन को 2022 में पद्मश्री से नवाजा गया था। उन्होंने मत्स्य पालन की ऐसी तकनीक विकसित की, जिसने मछली पालन के पुराने तरीकों को बदल दिया। इससे ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली आई, खाद्य सुरक्षा मजबूत हुठ और तटीय तथा आंतरिक उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहा।

# अमेरिका में दवा के नए नियम लागू हुए तो भारत में भी कीमतों पर होगा असर

**नई दिल्ली जेएनएन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दवा कंपनियों को अमेरिका में प्रेसक्रिप्शन दवाओं के दाम घटाने का आदेश दिया है। एक महीने में इन दवाओं के दाम 59 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक घटाने का आदेश है। ट्रंप के इस आदेश से अमेरिकी नागरिकों को तो फायदा मिलेगा, लेकिन सवाल है कि इसका भारत जैसे देशों में दवा की कीमतों पर क्या असर होगा। ट्रंप ने मोस्ट फेवर्ड नेशन के नए प्राइसिंग नियम की भी बात कही है। इसके अनुसार, अगर 30 दिन में दवा कंपनियां दाम नहीं घटाती हैं तो किसी दवा की दुनिया के बाकी देशों में जो सबसे कम कीमत होगी, वही कीमत अमेरिका में भी लागू होगी। इसलिए कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि फार्मा कंपनियां भारत जैसे देशों में अपने प्रोडक्ट के दाम बढ़ाने के लिए दबाव डाल सकती हैं। दवा बनाने वाली कंपनियां अमेरिका में रेवेन्यू में नुकसान की भरपाई और आरएंडडी के लिए इन देशों में अपने प्रोडक्ट के दाम बढ़ाएंगी।

### भारत में भी होगी उपभोक्ताओं को बचत

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के अनुसार मोस्ट फेवर्ड नेशन प्राइसिंग नियम लागू होने पर बाकी दुनिया में दवा कीमतें नए सिरे से तय करने का सिलसिला शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दवा कंपनियां भारत जैसे कम कीमत वाले बाजारों में अपनी दवाओं के नाम बढ़ाने के लिए दबाव डाल रही हैं। इसके लिए ट्रेड वार्ताओं में पेटेंट नियमों को सख्त करने के लिए कहा जा रहा है। कंपनियों का तर्क है कि मोस्ट फेवर्ड नेशन नियम में सबसे कम कीमत का फॉर्मूला लागू किया जाएगा। इसलिए अगर दूसरे देशों में भी दवा के दाम कुछ बढ़ते हैं, तो अमेरिका में उन्हें अपने प्रोडक्ट की कीमत कम घटनी पड़ेगी। कंसल्टेंसी फर्म ईवाई के टैक्स पार्टनर सौरभ अग्रवाल ने भी कहा कि इससे अमेरिकी कंज्यूमर को तो काफी बचत होगी, लेकिन इंडस्ट्री पर दबाव बढ़ने से कंपनियां कम लागत वाले देशों में दाम बढ़ा सकती हैं।

### जेनरिक दवाओं पर नहीं होगा कोई प्रभाव

जेनरिक दवा बनाने वाली भारतीय कंपनियों का कहना है कि इस आदेश का उन पर कोई खास असर नहीं होगा, लेकिन इनोवेटर ड्रग कंपनियां इससे प्रभावित होंगी। इंडियन फार्मास्यूटिकल एलायंस के सेक्रेटरी जनरल सुदर्शन जैन ने एक बयान में कहा कि जेनेरिक इंडस्ट्री बहुत ही कम मार्जिन पर काम करती है। अमेरिका में 90 प्रतिशत प्रेसक्रिप्शन दवाएं जेनेरिक होती हैं, हालांकि उनकी मार्केट वैल्यू सिर्फ 13 प्रतिशत है। लोगों को सस्ती दवाई उपलब्ध कराने में जेनरिक इंडस्ट्री की महत्वपूर्ण भूमिका है। जैन के अनुसार ट्रंप के आदेश में इस बात पर जोर दिया गया है कि इनोवेशन की लागत का बोझ सभी स्टेकहोल्डर पर समान रूप से लागू होना चाहिए। आईपीए 23 प्रमुख भारतीय दवा कंपनियों का संगठन है। ये कंपनियां बड़े पैमाने पर दवा का निर्यात भी करती हैं।भारत जेनरिक दवाओं का सबसे बड़ा सप्लायर है। ग्लोबल सप्लाई में भारत की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत के आसपास है। यहां 60 थैरेप्यूटिक कैटेगरी में लगभग 60,000 जेनरिक ब्रांड की दवाएं बनती हैं। भारत में बनी दवाएं लगभग 200 देशों को निर्यात की जाती हैं। इनमें अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे विकसित देश भी हैं।

# दमोह में 3 बेटियों को जहर देकर पिता ने भी खाया, चारों की मौत

**जागरण, दमोह।** दमोह जिले के मुहरई गांव में एक पिता ने अपनी तीन बेटियों को जहर खिलाकर खुद भी जहर खा लिया। गंभीर हालत में चारों को हटा अस्पताल लाया गया, जहां पिता सहित दो बेटियों की मौत हो गई। बड़ी बेटी की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया।

पिता बेटियों को समोसा खिलाने का कहकर बाजार ले गया था। पड़ोस के एक युवक ने उन्हें तालाब किनारे तड़पते देखा तो घरवालों को सूचना दी। परिजन वहां पहुंचे तो चारों बेहोश मिले। उन्हें हटा अस्पताल ले जाया गया। यहां पिता विनोद अहिरवाल, बेटी महक (डेढ़ साल) और खुशी (5) की मौत हो गई।


खुशी, मृतक | खुशबू, मृतक | महक, मृतक


बड़ी बेटी खुशबू (7) को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। घटना हटा ब्लॉक के मुहरई गांव में मंगलवार सुबह की है। परिवार हरियाणा से यहां शादी समारोह में आया था। फिलहाल घटना की वजह का खुलासा नहीं हो सका। मृतक विनोद की पत्नी जूली ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## साहित्य सृजन




### भारत पाक युद्ध

अब का युद्ध छिड़ा तो पाक तुझे कर्ज चुकाना होगा,
हरकत करके भोगेगा अब सीना तेरा छलनी होगा।
भारतीय सेना आ रही अपना धर्म बताने को,
पचहत्तर सालों का हिसाब तुम्हे बताना होगा।।
तुम धर्म - धर्म की बात कर रहे मै धर्म बताने निकला हूं,
अब जंग शुरू मै पाक मिटाने निकला हूं।
भारत मां के लालों को तुम धर्म पूछकर मारा है,
सर्प की भांति पाक तेरा अब फन कुचलने निकला हूं।।
एक चुटकी सिंदूर की कीमत पाक तुम्हें चुकाना होगा,
एक गोली के बदले तुमको सौ- सौ गोली खाना होगा।
आतंक मचाना हत्या करना क्या मजहब तुम्हें सिखाता है,
देश की माटी का कर्ज एक मुस्लिम
कलाम बन चुकाता है।।
भूल चुके क्या अब्दुल हमीद को सन् पैसठ
मे सबक सिखाया था,
लाहौर करांची तक तिरंगा फहराया था।
शुक्र मनाओ भारत जो अपनी नजर घुमाएगा ,
पाकिस्तान का हर कोना चूर- चूर हो जाएगा।।



प्रीतम शुक्ल, सीधी



### समर भूमि

कैसे तुमसे मातृभूमि का भार उठाया जाएगा...
समर भूमि में लड़ने जिस दिन तुम्हें बुलाया जाएगा...
देख सकोगे क्या आंसू तुम अपनी मां की आंखों में...
जब चंदन की बनी चिता पर तुम्हें सुलाया जाएगा...
बोलो कभी तिरंगे का जयघोष बोल कर देखा है?
बोलो कभी क्या अपने घर का ताला खोल के देखा है?
मोल राष्ट्र का कहां करोगे धरती पर या अम्बर में?
भारत मां को अपनी मां से कभी तोल कर देखा है?
मां कहते हो, मां जैसा सम्मान कभी दे पाओगे ?
भारत मां को इतना बोलो मान कभी दे पाओगे...
खूब लगा ली फोटो वोटो वाट्सएप के स्टेटस में...
पड़ी जरूरत अगर तो बोलो जान कभी दे पाओगे....
इतना कह कर के अब बस मैं मौन
अधर पर धरता हूं...
अपनी मां जितना ही प्रेम मैं भारत मां
से करता हूं...
पर जो प्रतिदिन वार हृदय पर देश
विरोधी करते हैं...
देख दशा यह मातृभूमि की भी
प्रतिदिन मरता हूं...।



सुंदरम उपाध्याय, हनुमना



### अब आतंक मिटाना है

बहुत बह चुका खून हमारे
मातृभूमि के पहरेदारों का,
तलवार उठाकर बनके राणा
सिर कलम कर दो गद्दारों का।
बहुत हुआ ये शांति समझौता
अब लड़ने की बारी आई,
मार दो गोली उन गद्दारों को
जिसने पर्यटकों पर गोली चलाई।
आतंकियों को जहां पनाह है मिलती
सब ऐसे देश के हिजड़े हैं,
चुन-चुन कर मार दो गोली,
जहां-जहां ये बिखरे हैं।
मिटा दो हर उस आतंक की जड़ को
जो खून बहाती भारत मां के पहरेदारों का,
जाग उठो अब हर हिंदुस्तानी,
सिर कलम कर दो गद्दारों का।
बहुत बट चुके जात पात में
अब सबको मिलकर लड़ना होगा,
भारत मां की आन की खातिर
अब हिंदुस्तानी बनना होगा।
बनना होगा वह चट्टान जिसे
कोई दुश्मन तोड़ न पाए ,
चंद्रशेखर, भगत, राजगुरु के जैसे
हर हिंदुस्तानी गाथा गाए।
जागो भारत मां के वीर सपूतों
अब शस्त्र उठाना है,
भारत के हर कोने से,
अब आतंक मिटाना है ।



देवांशु शर्मा, बहुरीबांध रीवा



### पाक तुझे तेरी औकात दिखा देंगे

सुन पाक तेरे मनसूबे को
हम पल में राख बना देंगे
यदि बात वतन पर लाओगे
इतिहास से तुम्हें मिटा देंगे।
पानी तो बंद हुआ है अभी
अब खून से तेरे नहाएंगे
है संयम मुझमें जान रहे
तो बाहुबल भी दिखलाएंगे।
जंग छेड़ा है तुमने तो
अब प्रलय तुम्हें दिखलाएंगे
इतनी लास बिछेगी अब
की कफन नहीं मिल पाएंगे।
तुम कायर थे यह पता था
हम वीरता तुम्हें दिखलाएंगे
तुमने चुन-चुन कर हिंदू मारा
हम आतंकी चुन चुन मारेंगे।
तू बुला ले जो तेरे साथी हैं
तेरा कब तक साथ निभाएंगे
अब काल स्वयं मंडराया है
धरती पर नर्क दिखाएंगे।



राघवेंद्र तिवारी 'राज',
पताई रीवा

# एयरपोर्ट के मामले में वास्तविक स्थिति स्पष्ट करे जिला प्रशासन : कांग्रेस


## जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की



**जागरण, सतना ।** जिला कांग्रेस कमेटी ने सतना एयरपोर्ट के एयर स्ट्रिप की लंबाई बढ़ाये जाने एवं जिला वासियों को हवाई सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बंध में हो रही कार्यवाही को लेकर जिला प्रशासन से वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग करते हुए कहा है कि इस मामले में सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा एवं शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर को पुनः सौंपे गए एक ज्ञापन पत्र में कहा है कि पिछले 15 सालों से सतना की जनता को हवाई सुविधा का जो सब्जबाग दिखाया जा रहा है आखिर उसे जमीन पर कब उतारा जाएगा जिला कांग्रेस ने हैरानी जताते हुए कहा है कि जिस एयरपोर्ट के उन्नयन के पहले यहां विमान उतर जाते थे लेकिन एयरपोर्ट बन जाने के बाद यहाँ छोटा विमान भी नहीं उतर पा रहा है द्य जिला कांग्रेस ने 11 अप्रैल को दिए गए ज्ञापन का जिक्र करते हुए कहा है कि उक्त ज्ञापन पत्र के बाद दिनांक 25 अप्रैल को हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर सांसद के पत्र के आधार पर एक बैठक आयोजित की गई लेकिन कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आये । कांग्रेस ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है की एयर स्ट्रिप को बड़ा करने में 248 बाधाएं बताई जा रही हैं लेकिन उन बाधाओं को दूर करने के क्या प्रयास किये जा रहे हैं किसी को जानकारी नहीं है द्य प्रमुख विपक्षी दल होने के नाते जिला कांग्रेस कमेटी और जिले की जनता यह जानना चाहती है की एयरपोर्ट कब बनेगा एवं बड़ा विमान कब उतर पाएगा संभावित रूप से उसकी तिथियों का निर्धारण किया जाना चाहिए ।

# चौराहे में लगनी थी पूर्व मंत्री की प्रतिमा, दो साल से कमरे में रखे है नगर पालिका

## परिषद के संकल्प के बाद सर्वहारा वर्ग के नेता इंद्रजीत कुमार की प्रतिमा लगाने का लिया गया था निर्णय



**जागरण, रीवा।** सीधी नगर पालिका का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। सर्वहारा वर्ग के एक नेता की प्रतिमा चौराहे में लगवाने के वजाय उसे दो साल से एक कमरे में रखे हुए है। जबकि प्रतिमा लगाने का संकल्प भी नगरपालिका परिषद ने ही पारित किया और अपने खचे से प्रतिमा भी बनवाई लेकिन लगाने में आनाकानी कर रहा है। हालांकि इसमें स्थानीय राजनीति की बात कही जा रही है।

दरअसल सीधी नगरपालिका परिषद द्वारा पूर्व मंत्री व सर्वहारा वर्ग के नेता इंद्रजीत कुमार की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव होने के बाद प्रतिमा बनवाई। प्रतिमा बन कर आ भी गई लेकिन नगरपालिका अब उक्त प्रतिमा को अभी तक लगवा नहीं पा रहा है। एक महापुरुष की प्रतिमा बनवा कर उसे कमरे में बंद कर अपमान किया जा रहा है। जाहिर है जिस समय यह संकल्प पारित किया गया उस समय भी प्रदेश में भाजपा की सरकार ही थी। फिर अब प्रतिमा स्थापित करने में क्या दिक्कत समझ से परे है। जिला कांग्रेस रीवा के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने इस मसले पर आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी को भी रीवा प्रवास दौरान ज्ञापन देकर प्रतिमा स्थापना की मांग की गई थी लेकिन अभी तक प्रतिमा नहीं लग पायी। बताया कि सीधी प्रशासन द्वारा पूर्व मंत्री इद्रजीत कुमार की मूर्ति लगाने के लिए नगर पालिका परिषद सीधी की कार्यवाही पुस्तिका के प्रस्ताव क्रमांक 20 व 31 अगस्त 2022 को नगर पालिका परिषद सीधी व मुख्य नगर पालिका परिषद अधिकारी के द्वारा एक प्रस्ताव बनाकर दिनांक 2 सितंबर 2023 को पत्र क्रमांक 3097/2024 को मुख्य नगर पालिका परिषद अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी ने जिला कलेक्टर सीधी को पत्र लिखकर यह अवगत कराया है कि नगर पालिका परिषद गोपद बनास के ग्राम कोतरा कला में आरजी क्रमांक 676 रकबा 0.429 हेक्टेयर में पार्क निर्माण के साथ पूर्व मंत्री श्री इंद्रजीत कुमार की मूर्ति का अनावरण किया जा सकता है। लगभग पौने दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सीधी के पूर्व कलेक्टर के मौखिक आदेश के अनुसार आधा पार्क का निर्माण भी कराया जा चुका है तथा स्वर्गीय पूर्व मंत्री इंद्रजीत कुमार जी की प्रतिमा बन कर तैयार है लेकिन वर्तमान कलेक्टर सीधी द्वारा भूमि का स्थानांतरण नहीं किया गया व अपर कलेक्टर सीधी द्वारा मूर्ति लगाने की अनुमति नहीं प्रदान की गई। सर्वहारर वर्ग के नेता पूर्व मंत्री इद्रजीत कुमार की प्रतिमा राजनीति का शिकार होती जा रही है।

उन्होंने आज सीधी दौरे में आ रहे सीएम से प्रतिमा स्थापना को लेकर गंभीर कम उठाने की मांग की है ताकि एक जन नायक का सम्मान सुरक्षित रह सके।

# प्रिज्म जॉन्सन ने वितरित किये उपहार



**जागरण, सतना।** प्रिज्म सीमेंट द्वारा सतना में जुलाई एवं नवंबर माह में आयोजित प्रतियोगिताके सपने रिडेम्पशन के उपहार वितरण समारोह का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर तालुका क्षेत्र के सैकड़ों ठेकेदारों और मिस्त्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुणवत्ता निर्माण पद्धतियों पर एक ज्ञानवर्धक सत्र से हुई जिसमें प्रिज्म सीमेंट की विशेषज्ञ टीम ने निर्माण की तकनीकी बारीकियों और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों पर विस्तार से जानकारी साझा की। इसके पश्चात कंपनी द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रस्तुति दी गई जिनमें शामिल थीं प्रिज्म छात्रवृत्ति योजना प्रिज्म बीमा योजना भूमि पूजन किट और पीजेएल कवर ब्लॉक्स के उपयोग। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रिज्म चैंपियन प्लस प्रिज्म चैंपियन ड्युराटेक तथा प्रिज्म चैंपियन ऑल वेदर जैसे उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रिज्म सपने के माध्यम से कंपनी ने ठेकेदारों एवं मिस्त्रियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करते हुए अपने उत्पादों और योजनाओं को सरलए प्रभावी एवं व्यावहारिक रूप से प्रस्तुत किया। इस समारोह की गरिमा को बढ़ाया क्षेत्रीय तकनीकी प्रमुख अक्षुण्ण राजए शाखा प्रबंधक सदाब्रज सिंह तथा सेल्स प्रमोटर भव्य छाछरिया की उपस्थिति ने जिन्होंने मंच से अपने प्रेरणादायक विचार एवं अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का सफल संचालन आईआरएम लोकेश गुप्ता द्वारा किया गया जिन्होंने प्रिज्म सीमेंट की विशेषताओं गुणवत्ताए एवं भविष्य की योजनाओं के बारे उपस्थित जलसमूह को विस्तार से जानकारी दी। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एण्ड जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

# बच्चों ने फिर किया कमाल





**जागरण, सतना।** अकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सी बी एस सी बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। कठिन परिश्रम,अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर हमारे नन्हें सितारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12 कॉमर्स समूह - गुरलीन कौर ओबेरॉय 90.6 प्रतिशत पराग वसानी 82.8 महक मूलचंदानी 80.4 आर्ट्स समूह हर्षिता सोनी 89.8 उत्कर्ष शुक्ला 88 यथार्थ सिंह 87 साइंस समूह उंजी माही नेमा 88.2 आशुतोष गुप्ता 79.2 पार्थ शर्मा 78 जीवविज्ञान शौर्या सिंह 81 श्रेया गुप्ता 79.4 स्नेहा सिंह 78.8 कक्षा 10 शौर्य श्रीवास्तव 95 अर्चित तिवारी 94.6 मेधावी रॉय 94.6 अश्विन तिवारी 94.4 आरुष निगम 92.8 गगन प्रताप सिंह 92.8 धर्य गजनानी 92.4 श्रेया पटेल 91.8 शाश्वत तिवारी 91.6 अर्चिता सिंह 90.6 अदिति अग्निहोत्री 90.6 वष्णवी पाण्डेय 90.4 प्रतिशत विद्यालय प्रबंधन शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई।

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हुआ सतना, तिरंगा यात्रा हेतु सर्व समाज की बैठक आज

**सतना।** आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और भारतीय सेना के सम्मान में सतना के सर्व समाज द्वारा एक विशेष तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी। इस यात्रा की तैयारियों को लेकर आज शाम 4:30 बजे श्री शाइन मैरिज गार्डन, रीवा रोड पर एक वृहद बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में तिरंगा यात्रा के आयोजन, रूपरेखा और सहयोग के संबंध में चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक एवं सतना के महापौर योगेश ताम्रकार ने शहर के सभी सामाजिक संगठनों, नागरिकों और युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के इस पुनीत उद्देश्य में सहभागी बनें। महापौर ताम्रकार ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा आतंकवाद के खिलाफ देश की एकजुटता और सेना के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करेगी।

# नवागत सीईओ ने कर्मचारियों पर कसी नकेल

## विलंब से आने वाले कर्मचारियों का काटो वेतन



**जागरण, सतना ।** जनपद पंचायत रामपुर बघेलान के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पांडेय ने अपना पदभार संभालते ही निरंकुश कर्मचारियों पर नकेल कसना प्रारंभ कर दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार जो कर्मचारी 12 बजे कार्यालय पहुंचते थे उनका वेतन काटने के निर्देश भी दे दिए हैं।साथ ही योजनाओं पर हीलाहवाली करने वाले सभी कर्मचारियों पर टारगेट की तलवार लटगा दी है जिसमें आयोजित आवश्यक बैठक में कार्यों की समीक्षा लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पांडेय ने मनरेगा अंतर्गत प्रारम्भ कार्यों की प्रगति देखी और नाराजगी व्यक्त करते हुए पीसीओ और पंचायत सचिव के साथ जीआरएसो को मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों को अतिसीघ्र प्रारंभ करते हुए उनकी रिपोटिंग प्रस्तुत करने के निर्देश दिए वही श्री पांडेय ने इस समय जनपद की महत्वपूर्ण योजना में तालाब डगवेल और ई केवाईसी पर विशेष फोकस किया है और कहा है कि सीएम हेल्पलाइन का त्वरित निराकरण करें और आवास के चल रहे कार्यों को अतिसीघ्र पूरा कराएंएसाथ ही कहा कि कार्यों को सही समय पर पूर्ण ना किए जाने पर जवाब दारों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी वही जनपद कार्यालय में लेट पहुंचने वाले कुछ कर्मचारियों को वार्निंग देते हुए कहा कि सभी कर्मचारी समय से कार्यालय आए ऐसा न करने वाले कर्मचारियों की वेतन काटी जाएगी जिसके वे स्वयं जवाबदार होंगे।

# स्वर्णिम का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम



**सतना।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में अध्ययनरत छात्र स्वर्णित अवधिया का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। उल्लेखनीय है कि स्वर्णिम ने 10वीं की परीक्षा में 90.2 प्रतिशत अंक अर्जित किये है। उल्लेखनीय है कि स्वर्णिम शिक्षिका स्वर्ण लता सोनी एवं इंजीनियर उमेश कुमार अवधियॉ के पुत्र है। कक्षा ध्यापक श्रीमती वर्षा खरे और प्राचार्य सूर्यकांत पाठक ने शुभकामनाए दी है।

# नैतिक सिंह का सुयश



**सतना।** मंगलवार को आए सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट में नैतिक सिंह ने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में अव्वल नंबरों के साथ पास किया है। नैतिक सिंह डीपीएस सतना में कक्षा 10वीं का छात्र है जो सीबीएसई बोर्ड परिणाम में 80 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। नैतिक कुर्मी क्षत्रिय संघ संतना के जिलाध्यक्ष डॉ दुर्योधन सिंह व रागनी सिंह के अनुज पुत्र हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

में घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम RANJEET KUMAR SENANI लिखा था जिसे बदल कर अब अपना नाम RANJEET SENANI S/O TARACHAND SENANI कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम RANJEET SENANI S/O TARACHAND SENANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता WARD NO.21, BEHAIND OF SARKARI HOSPITAL, SINDHI CAMP PO. SATNA BIRLA VIKAS SUB DISTRICT RAGHURAJNAGAR DISTRICT SATNA (M.P.) है।

R.N. 80715

# शिव कुमार का परीक्षा परिणाम अव्वल



**सतना।** प्रियम्बदा बिरला सीनियर सेकंडरी स्कूल सतना में अध्ययनरत शिव कुमार कनौजिया पिता विनय कुमार कनौजिया माता निर्मला कनौजिया ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं में 500 में से 474 अंक प्राप्त कर 95 प्रतिशत हासिल करके प्रियम्बदा बिरला सीनियर सेकंडरी स्कूल सतना में प्रथम स्थान हाँसिल किया। शिव कुमार कनौजिया ने कड़ी मेहनत करके यह मुकाम हांसिल किया है। शिव कुमार कनौजिया ने इसका श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

# मकान में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर खाक



**जागरण, अमदरा।** ग्राम ककरा बराकला में विपिन तिवारी राहुल के मकान में आग लग जाने से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है यह घटना 12 मई को हुई है। इस घटना में लाखो रूपये का नुक्सान बताया जा रहा है। विपिन तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की रात्रि करीब 10.30बजे मेरी छोटी बहन टीवी देख रही थी अचानक से आग की लपट अपने का कच्चे घर में देखी और जोर से चिल्लाने लगे कि घर में आग लग गई इतने में ही गांव के सभी लोग इकठ्ठा हो गए और किसी तरह आग को बुझाने में सफलता हासिल हुई। लेकिन जब तक घर का सामान जल कर राख हो गया तिवारी जी ने बताया कि छोटी बहन की शादी करनी थी उसके के पूरे गहने थे वही पर मेरे परिवार का पूरा सामान था सब कुछ जल कर राख हो गया।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 48 आवेदन



**सतना।** मंगलवार को नगर निगम में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान 48 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमें सर्वाधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास के लिए आये है। जनसुनवाई का आयोजन महापौर योगेश ताम्रकार की मौजूदगी में 11 दिन शुरू हुई जो दोपहर एक बजे तक चली। अतिक्रमण से संबंधित 03 आवेदन, जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 03 , साफसफाई से संबंधित 01 , प्रधानमंत्री आवास योजना के 17 , पेयजल से संबंधित 10 , विकास कार्य से संबंधित 11 , सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 03 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटनए आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्योंए अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

# प्रजापति संघ ने प्रतिभावान छात्रा का किया सम्मान



**सतना।** गोरेलाल प्रजापति संघ जिला अध्यक्ष पूर्व जनपद पंचायत सदस्य रामपुर बघेलान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कुम्हार संघ सतना के नेतृत्व में प्रजापति युवा संघ सतना नव नियुक्त अध्यक्ष रंजीत प्रजापति उपाध्यक्ष शिवराम प्रजापति को युवा संघ की जिम्मेदारी तथा प्रतिभावान बेटी कु स्वाति प्रजापति पिता शिवरामन प्रजापति कक्षा 10वीं में 94.6 प्रतिशत लाकर मां.पिता गुरुजन स्कूल समाज जिला प्रदेश देश में नाम रोशन किया इस खुशी के अवसर पर जिला प्रजापति संघ सतना की ओर से मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करते हुए मंगलकामनाएं बधाइयां देकर प्रकृति शक्ति से उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की है।

# समर कैंप में बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**सतना ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कृष्ण नगर सतना में सात दिवसीय बच्चों का समर कैंप आयोजित किया गया था जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को कृष्ण नगर सेंटर की मुख्य संचाली का राजयोगिनी आयरन क्वीन डॉक्टर रानी दीदी ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया है साथ ही कहा है कि बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए मेडिटेशन अति आवश्यक है इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को राजयोग यानी मेडिटेशन का अभ्यास अवश्य कराएं।

**न्यायालय कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 95/बी–121/मूल/2024–2025

प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया मुख्य शाखा रानीगंज व्यंकट मार्ग रीवा
.......... आवेदक

बनाम

1. श्रीमती अर्चना तिवारी पत्नी रामअशीष तिवारी निवासी वार्ड नं.16 मकान नंण् 453 हीरालाल कालोनी पीके स्कूल के पीछे तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) 2. श्रीमती प्रभा गौतम पत्नी अमित कुमार गौतम निवासी ग्राम बरेही तहसील रायपुर कर्चु. जिला रीवा। 3. रामअशीष तिवारी तनय स्व. बाबूलाल तिवारी निवासी वार्ड नं. 16 मकान नं. 453 हीरालाल कालोनी पीके स्कूल के पीछे तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) 4. श्रीमती किरण शर्मा पत्नी हरिशरण शर्मा निवासी 16/1278 पवार मेन संस्कृति बिहार बरा तहसील हुजूर जिला रीवा 5. श्रीमती प्रेमा तिवारी पत्नी स्व. बाबूलाल तिवारी निवासी वार्ड नं. 16 मकान नं. 453 हीरालाल कालोनी पीके स्कूल के पीछे तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)
............अनावेदक गण

प्रकरण दिनांक 08.04.2025 को नियत है। उक्त प्रकरण में अनावेदक गण पक्षकार है। अनावेदक गण को सूचना दी जाती है कि प्रकरण में अगली तारीख पेशी दिनांक 17.06.2025 नियत है। नियत दिनांक को अनावेदक गण समय 3:00 बजे दिन स्वंय या अपने अभिभाषक या प्रतिनिधि जो जवाव प्रस्तुत करने के संबंध में कार्यवाही करने में सक्षम हो, कलेक्टर महोदय के न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत करें। आपको निर्देशित किया जाता है कि नियत दिनांक को आवश्यक लोक दस्तावेज जो अपने पक्ष समर्थन के लिये आवश्यक हों प्रस्तुत करें यदि नियत दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर गैर हाजिरी की दशा में उक्त प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर निर्णय किया जावेगा। (कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

प्रभारी अधिकारी
न्यायालय कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)

**प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 18 मई रविवार को रीवा में**



रीवा। राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा ,दिनांक 18 मई 2025 को (प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/ डाइग्नोस्टिक & विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द(माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 15000 (पंद्रह हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को विगत सात (07) वर्षो से कमाता क्लीनिक में मरीजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें।

**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में**



**रीवा।** अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे- केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक & विज़न हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, ज़मीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेढ़े मेढ़े पाँव का उपचार, रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें।

ADVT

# मुख्यमंत्री के आगमन पर मिलेंगी बड़ी सौगातें



जागरण कार्यक्रम

## कल मुख्यमंत्री का सीधी एवं मझौली में कार्यक्रम

### शहर की थोक फल एवं सब्जी मंडी का होगा उद्घाटन

जागरण, सीधी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 मई को सीधी एवं मझौली में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सीधी में मुख्यमंत्री का मुख्यमंत्री लाडली बहना सम्मेलन का आयोजन निर्धारित है। मुख्यमंत्री शहर के जोरौंधा में निर्मित थोक फल एवं सब्जी मंडी का उद्घाटन भी इस अवसर पर करेंगे। वहीं बताया गया है कि मुख्यमंत्री मझौली में आदिवासी सम्मेलन में शिरकत करेंगे। बताया गया है कि अपने आगमन के दौरान मुख्यमंत्री सीधी जिले को कई बड़ी सौगातें देंगे। 300-400 करोड़ की सौगातें मुख्यमंत्री द्वारा देने की संभावना बताई गई है। सीधी में मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन हो चुका है। लेकिन इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। यह माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में भी आवश्यक पहल की जाएगी। वहीं सीधी में इंजीनियरिंग कॉलेज की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक दशक पूर्व की गई थी लेकिन इसको लेकर भूमि पूजन तक नहीं हुआ। जिला मुख्यालय को कई बड़ी सौगातों की जरूरत है जिससे वह भी बड़े शहरों की तर्ज पर विकसित हो सके। इस संबंध में सांसद-विधायक द्वारा आवश्यक पहल की जा रही है। उनके द्वारा मुख्यमंत्री से समय-समय पर मुलाकात पर इस संबंध में मांग पत्र भी सौंपा जा रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान सांसद एवं सीधी विधायक द्वारा रखी गई कई मांगों पर भी सीधी को सौगातें मिलने की उम्मीदें जताई जा रही हैं। पार्टी के कुछ बड़े नेताओं का कहना था कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर काफी भव्य तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम फौरी तौर पर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना सम्मेलन के तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में ही सीधी को कई बड़ी सौगातें मिलने की चर्चा तेजी के साथ चल रही है। जिला प्रशासन द्वारा भी इसी के मद्देनजर अपनी तैयारियों को पूर्ण किया जा रहा है। जिससे मुख्यमंत्री के आगमन पर कई बड़े कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हो सके। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन जहां पूरी तरह से व्यस्त हैं वहीं भाजपा द्वारा भी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पार्टी स्तर से भी बड़ी तैयारियां की जा रही हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके लिए भी तैयारियां तेज हैं।



### मुख्यमंत्री देंगे कई बड़ी सौगातें: रीती



सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीधी आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री सीधी जिलेवासियों को कई बड़ी सौगातें प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन पर निश्चित ही उनकी ओर से भी कई मांगें रखी जाएंगी। यह मांगें लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहेंगी। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री सीधी जिले को कई बड़ी सौगातें प्रदान करेंगे। उनके द्वारा पूर्व में भी कुछ मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई थी। इन पर भी घोषणा होने की उम्मीदें हैं।

### हम सब स्वागत के लिए आतुर: डॉ. राजेश



लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्र ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 15 मई को प्रस्तावित सीधी दौरे को लेकर कहा कि मेरे नामांकन फार्म में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भरपूर आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त हुआ था। जिसके कारण केवल मैं ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश की सभी 29 की 29 सीटें जीतकर प्रदेश की जनता जनार्दन ने इतिहास रचा था। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि मैं जनता जनार्दन के आशीर्वाद से लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद के रूप में निर्वाचित होने के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर सीधी जिले में एक बार पुनः आने के लिए आमंत्रित किया था। मेरे आमंत्रण पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिले वासियों को करोड़ों की सौगात देने के लिए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सीधी नगर और मझौली नगर में आगमन हो रहा है। इसके लिए लोकसभा संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन और पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सभी जनप्रतिनिधि जोरदार तैयारी में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री का आगमन निश्चित रूप से हम सभी के लिए सौभाग्यशाली होगा।

## शंकराचार्य ने देश को जगाने का कार्य किया: रामसुंदरदास



जागरण, सीधी। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद कुसमी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टमसार में आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी रामसुंदर दास, विशिष्ट अतिथि के रूप में अंगिरा प्रसाद द्विवेदी बीआरसी कुसमी एवं धीरेंद्र सिंह परिहार व्याख्याता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राम पाल सिंह द्वारा किया गया। सर्वप्रथम विकासखंड समन्वयक रजनीश मिश्रा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अंगिरा प्रसाद द्विवेदी द्वारा बताया गया कि आदि गुरु शंकराचार्य ने धर्म और देश को जगाने का कार्य किया है, क्योंकि वर्तमान स्थिति में समाज में अनेकों प्रकार की भ्रांतियां फैल चुकी थी, जिनको दूर करने का प्रयास आदिगुरु शंकराचार्य के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे धर्मेंद्र सिंह परिहार द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एकात्म यात्रा एवं ओंकारेश्वर में आदि गुरु शंकराचार्य की मूर्ति की स्थापना के बारे में बताया गया एवं संदेश दिया गया कि पूर्व में जिस प्रकार से आदिगुरु शंकराचार्य ने समाज को जगाने का कार्य किया था, उसी प्रकार से आज भी समाज में अनेकों बुराइयां स्थापित हो चुकी हैं, जिनको दूर करने की आवश्यकता है। हम सभी लोग मिलकर आदि गुरु शंकराचार्य की उपदेशों को जाने समझे और उनके पद चिन्हों में चलने का प्रयास करें। उन्होंने आगे बताया कि आदिगुरु शंकराचार्य के द्वारा ही ओंकारेश्वर में नर्मदा के तट पर नर्मदा अष्टक की रचना की और अनेकों प्रकार की ग्रंथों की उन्होंने रचना की, जिसको हम सभी को आज ग्रहण करने की आवश्यकता है, क्योंकि उनके द्वारा पूर्व से लेकर पश्चिम तक उत्तर से लेकर दक्षिण तक सभी को एक समान करने का प्रयास किया गया था। उनका जब जन्म केरल के छोटे से गांव कलादि में हुआ था और उनके द्वारा पैदल यात्रा करके देश के कोने-कोने में चार मठों की स्थापना की गई और उनमें यह व्यवस्था बनाई गई की पूर्व का पूर्व में जो मंदिर है उसमें पश्चिम के लोग पूजा करेंगे, उत्तर की जो मंदिर है उसमें दक्षिण के लोग पूजा करेंगे, इस प्रकार से हमारी जो सामाजिक संरचना है वह निरंतर हल्की-फूलती रहेगी।

## शिवसेना सीधी को संभाग बनाने सीएम से करेगी मांग



जागरण, सीधी। शिवसेना मध्यप्रदेश इकाई की ओर से सीधी जिले को नया संभाग बनाने की मांग को लेकर एक बड़ा कदम उठाया जाएगा। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि सीधी जिला वर्षों से उपेक्षित रहा है और विकास के अनेक अवसरों से वंचित रहा है। ऐसे में सीधी, मऊगंज और सिंगरौली जिलों को मिलाकर एक नया संभाग बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कहा कि यदि सीधी को संभाग का दर्जा दिया जाता है, तो इससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि वर्तमान में रीवा संभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में से सतना, पन्ना और मैहर को मिलाकर अलग संभाग बनाया जा सकता है। पाण्डेय ने आरोप लगाया कि सीधी जिले की जनता के साथ लंबे समय से अन्याय हो रहा है और उनके साथ लगातार उपेक्षा बरती गई है। शिवसेना इस विषय पर कई बिंदुओं के साथ विस्तृत ज्ञापन तैयार कर रही है, जिसे आगामी मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मांग केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। शिवसेना आने वाले समय में इस मुद्दे पर बड़ा जनआंदोलन भी खड़ा कर सकती है।

## 15 को शहर की थोक सब्जी मंडी रहेगी बंद

जागरण, सीधी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 15 मई को सीधी आगमन पर नवीन थोक सब्जी मंडी स्थल में कार्यक्रम आयोजित होगा। इस वजह से 15 मई को शहर की थोक सब्जी मंडी पूरी तरह से बंद रहेगी। सब्जी-फल मंडी एशोसिएशन सीधी द्वारा उक्त जानकारी देते हुए कहा गया है कि जिनके यहां वैवाहिक आदि कार्यक्रम आयोजित हैं वह असुविधा से बचने के लिए 14 मई को ही सब्जी की खरीदी कर सकते हैं।

## केंद्रीय विद्यालय कक्षा 12वीं का रिजल्ट जारी

जागरण, सीधी। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सीधी का रिजल्ट कक्षा 12वीं का रिजल्ट बोर्ड ने जारी किया है, जिसमें ग्राम डेम्हा की छात्रा अनन्या सिंह पिता अजय सिंह बाबा ने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता समेत पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। एक मिडिल क्लास फैमिली से बिलॉन्ग करने वाली अनन्या की रुचि शुरू से ही पढ़ाई के क्षेत्र में एक अव्वल स्थान प्राप्त करने की थी, उनके परिणाम ने यह साबित किया है कि वे अपनी पढ़ाई में पूरी मेहनत और लगन के साथ जुटी हुई थीं।

## रेत के अवैध उत्खनन पर जेसीबी मशीन जब्त



जागरण, सीधी। जिले के बहरी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत डोल में लंबे अर्से से चल रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन को जप्त कर लिया गया। यह कार्रवाई खनिज विभाग को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर की गई। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 11 मई 2025 की सुबह खनिज निरीक्षक की अगुवाई में बहरी पुलिस के सहयोग से डोल नदी पर छापा मारा गया। इस कार्रवाई में एक जेसीबी मशीन को मौके से जप्त कर लिया गया जबकि अन्य वाहन मौके से भागने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि यह अवैध रेत उत्खनन सरपंच के पति द्वारा अपने सहयोगियों के साथ लंबे अर्से से किया जा रहा था। जब्त की गई जेसीबी मशीन को बहरी थाना परिसर में पुलिस की सुरक्षा में खड़ा किया गया है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन इस मामले में आगे क्या सार्थक कार्रवाई करता है।

## 77 हजार रूपए कीमती 5.160 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी खड्डी नीरज साकेत एवं टीम ने मादक पदार्थ विक्रेता को गिरफ्तार करते हुए 5.160 ग्राम गांजा जप्त कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम सतोहरी का रामराज तिवारी अपने घर के अंदर अवैध मादक पदार्थ गाजा बिक्री कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी खड्डी नें वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एवं उनके निर्देशानुसार स्वयं के नेतृत्व में टीम गठित कर रवाना हुए एवं मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम सतोहरी रामराज तिवारी के घर पहुंच कर घर की तलाशी लेने पर पुलिस टीम को कमरे मे एक सफेद रंग के झोले मे अवैध मादक पदार्थ गाजा बरामद हुआ जिसको तौल करने पर 5 किलो 160 ग्राम कीमती 77 हजार 400 रूपए पाया गया जिसको विधिवत जप्त किया गया तथा आरोपी रामराज तिवारी पिता केमलाराज तिवारी उम्र 65 वर्ष निवासी सतोहरी चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी को गिरफ्तार कर चौकी लाया गया एवं आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया तथा आरोपी को वैधानिक कार्रवाई पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, चौकी प्रभारी खड्डी सउनि नीरज साकेत, आरक्षक प्रकाश सिंह, आरक्षक वेद प्रकाश केवट, नायक कृष्ण कुमार पाण्डेय, सैनिक राजबहोर द्विवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## सरस्वती विद्यालय में टॉपर आर्यन का सम्मान



जागरण, सीधी। सरस्वती विद्यालय कोटहा सीधी में आज मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाई स्कूल के घोषित परीक्षा परिणाम 2025 में सरस्वती विद्यालय कोटहा के कक्षा 10वीं के मेधावी छात्र आर्यन शर्मा ने प्रथम श्रेंणी में 90.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर समूचे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। सम्मान समारोह में बताया गया कि कक्षा 10वीं में अध्ययनरत अन्य छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। वहीं कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। तीनो कक्षाओं में प्राप्त परिणामों में विद्यार्थियों की निष्ठा, मेहनत एवं आचार्यों का उत्तम अध्ययन के साथ ही अभिभावकों का समय-समय पर मिला मार्गदर्शन रहा। सम्मान समारोह विद्यालय के व्यवस्थापक द्वारिका प्रसाद गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप समिति के सदस्य रविराज सिंह परिहार, प्रभारी प्राचार्य दिनेश कुमार तिवारी, वरिष्ट आचार्य सतेन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती अर्चना तिवारी, कार्यालय अधीक्षक छविराम यादव, ग्राम भारती जिला सह समन्वयक अमितेश शुक्ल के साथ ही मेधावी छात्र आर्यन शर्मा के दादाश्री रमेश प्रसाद शर्मा, दादी और उनके परिजनों के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, गंभीर



जागरण, सीधी। जिले के कमर्जी थाना अंतर्गत ग्राम पटपरा में मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सुबह करीब 9 बजे लालीमाटी की ओर से मुख्य मार्ग पर जा रहे एक बाइक सवार को सिहावल की दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के दो टुकड़े हो गए और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और घायल को तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घायल की पहचान रविंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो अपने घर से बाजार में सामान लेने निकले थे, दुर्भाग्यवश रास्ते में उन्हें यह हादसा झेलना पड़ा। राहगीर संतोष गुप्ता ने हादसे की सूचना तत्काल कमर्जी थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पवन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ट्रक को मौके पर ही जप्त कर थाने में खड़ा कर दिया गया है। थाना प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और घायल को प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

## गणेश स्कूल के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम



जागरण, सीधी। मंगलवार को सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। घोषित परिणाम में एक बार फिर से शहर के श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पड़रा के विद्यार्थियों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उनके मेहनत के पीछे शिक्षक-शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत एवं अभिभावकों के सहयोग एवं बच्चों की कड़ी मेहनत से एक बार फिर सफलता का परचम लहराते हुए गणेश स्कूल का नाम पूरे जिले में रौशन किया।

RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI

Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
| --- | --- | --- |
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

# मुख्यमंत्री के नगर आगमन पर होगा भव्य ऐतिहासिक स्वागत: रीती

## मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारी चरम पर: देव कुमार

जागरण, सीधी




भारतीय जनता पार्टी की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नगर आगमन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की विशिष्ट उपस्थिति में पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नगर आगमन पर शानदार और ऐतिहासिक स्वागत के लिए तैयारी की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन से जिले वासियों को कई सौगातें प्राप्त होंगी। विधायक श्रीमती पाठक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि पूरी ताकत लगाकर जनता-जनार्दन तक यह बात पहुंचाएं की मुख्यमंत्री डॉ. यादव का 15 मई को सीधी आगमन हो रहा है। उनके आगमन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए जिले की जनता जनार्दन प्रत्यक्षदर्शी बनने के लिए उतावली है। सीधी विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि 14 मई को स्थानीय मानस भवन में ब्लड बैंक कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी युवा रक्तदान कर अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करें। अध्यक्षीय उद्बोधन मे भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि आगामी 15 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सीधी नगर आगमन हो रहा है। जिसके लिए प्रत्येक बूथ से अधिकतम कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित हो, इसके लिए हम सभी प्रयासरत हैं। आगामी दिनों में एक देश एक चुनाव और तिरंगा यात्रा की भी व्यापक तैयारी हमें करनी है। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए पूर्व जिला अध्यक्ष मऊगंज जिला संगठन प्रभारी के के तिवारी ने भी कार्यक्रम की योजना रचना की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद साकेत ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, डॉ. विक्रम सिंह चौहान, सरस्वती बहेलिया, प्रमोद द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, संदीप शर्मा, मोर्चे के प्रदेश मंत्री एवं रामपुर नगर परिषद के अध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला मंत्री पूजा सिंह कुशराम, उर्मिला साकेत, अमित प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, मोर्चे के जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा, पूनम सोनी, राजमणि साहू, राकेश मौर्य, पुन्नू खान, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, सूर्य प्रताप सिंह, सूबेदार यादव, आशीष तिवारी, राजेश द्विवेदी, योगेंद्र सिंह, विमलेश रावत, सिद्धार्थ गौतम, पुष्पेंद्र पाण्डेय, रजनीश शुक्ला, नीरज मिश्रा, प्रमोद सिंह, जितेंद्र तिवारी, महेंद्र यादव, दिनेश गुप्ता, आरती सिंह सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कराते संघ के अध्यक्ष बने डॉक्टर अनूप मिश्रा



जागरण, सीधी। मध्य प्रदेश शीगोसोवाकाई कराते डू इंडिया ऑर्गनाइजेशन के द्वारा सीधी जिले में चल रही कराते क्लास की मान्यता प्रदान की गई है और कराते संघ के डॉ. अनूप मिश्रा को अध्यक्ष बनाए जाने पर समस्त कराते एवं बॉक्सिंग संघ के खिलाड़ी के बीच खुशी की लहर देखने को मिली। मानस भवन के प्रांगण में उपस्थित अध्यक्ष महोदय को कराते सचिव संध्या मिश्रा व बॉक्सिंग एवं कराते कोच माखन मिश्रा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विकासखंड समन्वयक जयवीर सिंह एवं गौरव द्विवेदी के द्वारा पुष्पगुच्छ व माला पहना कर स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया और कराते संघ के समस्त पदाधिकारी प्रकाश प्रजापति सुनील संजीव सोंधिया, राजेंद्र केवट, रवि मिश्र, रोशन जायसवाल आदि ने डॉ. मिश्रा को अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अभिभावकों को रिझाने में जुटे प्रायवेट स्कूल संचालक

## ज्यादा से ज्यादा प्रवेश देने अपनाये जा रहे हथकंडे

### इंग्लिश मीडियम के नाम पर किया जा रहा झूंठा प्रचार

जागरण, सीधी




नये शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने के बाद अभी भले ही ग्रीष्मकालीन छुट्टियां चल रही हैं लेकिन प्रायवेट स्कूलों का घर-घर अभिभावकों से जन संपर्क शुरू है। ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों द्वारा झूठे दावे कर अभिभावकों को रिझाने के प्रयास में जुटे हुए हैं। इसके लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। विद्यालय संचालकों द्वारा अपने स्टाफ पर भी दबाव बनाकर ज्यादा से ज्यादा प्रवेश कराने की सक्रियता शुरू की गई है। ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों को आकर्षित करने के लिए इग्लिस मीडियम में पढ़ाई कराने का भी झांसा दिया जाता है। जबकि ज्यादातर इंग्लिस मीडियम स्कूल सिर्फ प्रचार तक ही सीमित हैं। नये सत्र में प्राइवेट स्कूलों के प्रचार के लिए झूठे दावे किये जा रहे हैं। कम्प्यूटर शिक्षा के नाम भी स्कूलों द्वारा शुल्क लिया जाता है। जबकि सत्र कम्प्यूटर पढ़ाने के नाम पर केवल सामने बैठाया ही जाता है। कम्प्यूटर सीखने के लिए बच्चों को न देने के कारण उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल पाती। प्राइवेट स्कूलों में कुछ कम्प्यूटर शो-पीस बनाकर रखे गये हैं। कम्प्यूटर शिक्षक न होने के कारण उन्हें खुद भी अपना कार्य बाजार से कराना पड़ता है। इसी तरह प्राइवेट स्कूलों में प्रयोगशाला के नाम पर दो चार उपकरण ही रखे गये हैं। फिर भी लैब की सुविधा उपलब्ध कराने का झूठा दावा किया जाता है। लाइब्रेरी की सुविधा न होने के कारण भारी भरकम शुल्क देने वाले बच्चों को पूरे सत्र में एक भी किताबें स्कूल से नहीं मिल पातीं। जबकि लाइब्रेरी का शुल्क भी वसूलने में प्राइवेट स्कूल संचालक गुरेज नहीं करते। नये प्रवेश के दौरान जो स्कूल संचालक एवं संस्था प्रमुख अभिभावकों से काफी शालीनता से पेश आते हैं। प्रवेश का कार्य खत्म होते ही उनका असली चेहरा सामने आ जाता है। अभिभावकों से तरह-तरह के शुल्क के नाम पर वसूली का उनका बहीखाता शुरू हो जाता है। जो साल भर चलता रहता है। कई प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा प्रवेश शुल्क के नाम पर भारी भरकम शुल्क वसूलने का दौर शुरू किया गया है। प्रवेश शुल्क जमा होने के बाद विशेष दुकान से सांठ-गांठ करके वहां से किताब एवं ड्रेस खरीदने का दबाव बनाया जाता है। ऐसी दुकानों में उनका मोटा कमीशन फिक्स होने के कारण अभिभावकों को काफी मंहगे दामों पर शिक्षण एवं ड्रेस सामग्री खरीदने की मजबूरी बनी हुई है। चर्चा के दौरान कुछ अभिभावकों ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों इंग्लिस मीडियम का दावा किया जाता है किन्तु बाद में मालुम पड़ता है कि इंग्लिस पढ़ाई के नाम पर बच्चों को कुछ अंग्रेजी के नाम ही रटाये जाते हैं। इंग्लिस मीडियम के नाम पर प्राइवेट स्कूलों द्वारा जमकर धोखाधड़ी की जा रही है। यहां तक कि काफी संख्या में स्कूलों में भी इंग्लिस मीडियम लिखवाया गया है। हकीकत यह है कि इंग्लिस मीडियम की स्कूलें सीधी शहर में चन्द ही हैं। फिर भी गली-गली संचालित हो रही ज्यादातर स्कूलों में झांसा देने का सिलसिला शुरू है।

### स्कूल बस के नाम पर मनमानी वसूली

जिले में काफी संख्या में संचालित प्राइवेट स्कूलों द्वारा बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए बस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। स्कूल बसों से परिवहन विभाग द्वारा नाम मात्र का शुल्क लिया जाता है। फिर भी संचालकों द्वारा हर वर्ष मनमाफिक स्कूल बस का शुल्क बढ़ा दिया जाता है। एक किलोमीटर की परिधि से आने वाले छात्र-छात्राओं से भी 600-800 रूपये मासिक स्कूल बस का किराया डंके की चोंट पर जिला मुख्यालय में ही वसूला जा रहा है। जिस संबंध में जिला परिवहन विभाग पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि परिवहन विभाग को पूरे जिले में स्कूल बस का किराया निर्धारण करने की कार्रवाई वर्षों पहले ही करनी चाहिए थी। प्रशासनिक उदासीनता का पूरा-पूरा फायदा स्कूल संचालक उठाते हुए अभिभावकों से मनमानी किराया वसूलने में मुस्तैद हैं। स्कूल बसों के किराये से लाखों रूपये साल में कमाई करने वाले संचालक हर वर्ष बसों की संख्या अपने स्वार्थ के लिए बढ़ाते जा रहे हैं। जबकि स्कूल बसों का किराया देने के बाद भी छात्र-छात्राओं को बैठने के लिए जगह पाने के लिए भटकना पड़ता है। ज्यादातर स्कूलों की बसों में दो बसों के छात्र-छात्राओं को एक बस में ही ठूस-ठूसकर बैठाने का काम किया जाता है।

# लवकुशनगर में झोलाछाप डॉक्टरों पर दूसरी बार कार्रवाई, एक पैथलॉजी सहित दो क्लीनिक सील



**जागरण, लवकुशनगर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर जिले भर में झोलाछाप डॉक्टरों व अवैध रूप से संचालित पैथालॉजी पर कार्रवाई लगातार की जा रही है कलेक्टर के निर्देश पर लवकुशनगर में मंगलवार को दूसरी बार अवैध रूप से संचालित एक पैथलॉजी व दो झोलाझाप डॉक्टरों की क्लिनिक पर कार्रवाई की गई बीएमओ डॉ. एसपी शाक्यवार ने पुलिस के सहयोग से नगर के तलैया मोहाल रोड में संचालित रिया पैथलॉजी पर कार्रवाई की गई बीएमओ को मौके पर कोई भी वैध दस्तावेज नही मिले बीएमओ ने उक्त पैथॉलजी को सील किया उक्त पैथॉलाजी की शिकायत पूर्व में स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन से की गई थी पैथालॉजी में बगैर किसी प्रशिक्षित व्यक्ति बैठे ही धड़ाधड़ अंदाजिया जांचे की जाती रही है पैथालॉजी में अन्य लड़के द्वारा संचालित करना पाया गया जिसके दौरान पैथालॉजी को सील कर दिया

**दो झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिक सील यहां भी कोई दस्तावेज नही मिले :** नगर की पुरानी तहसील के पास चांदसी क्लिनिक अवैध रूप से संचालित हो रहा था बीएमओ व पुलिस टीम ने मौके पर पहुचकर उक्त क्लिनिक के संचालन के सम्बंधित दस्तावेज मांगे लेकिन क्लिनिक में मौजूद डा. सिदगर द्वारा क्लिनिक के संचालन के सम्बंधित कोई भी दस्तावेज नही उपलब्ध कराएं गए इसी प्रकार ग्राम बगमऊ में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक को सील किया गया है क्लिनिक में मौजूद अरविंद अहिरवार द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज नही उपलब्ध कराएं गए ।

बीएमओ द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद नगर सहित आसपास सक्रिय झोलाछाप डॉक्टर अपने-अपने क्लिनिक बंद कर भाग गए। बीएमओ ने बताया कि नगर और क्षेत्र में ऐसे क्लीनिक प्राईवेट जो अवैध तरीके से चल रहे उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की जाएंगी झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**छतरपुर।** जिले के बमीठा क्षेत्र में ग्राम गंज के पास बीती रात करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ है। दोनों ग्राम नारायणगढ़, थाना अजयगढ़, जिला पन्ना के निवासी हैं, जो कि शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ निवासी किशोरीलाल पुत्र सुकरता आदिवासी उम्र 45 वर्ष, कल्लू पुत्र नंबरी आदिवासी उम्र 20 वर्ष के साथ बाइक से छतरपुर जिले के ग्राम छापर निमंत्रण में जा रहे थे, इसी दौरान अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान किशोरीलाल की मौत हो गई, जबकि कल्लू का इलाज जारी है। पुलिस ने किशोरीलाल का पोस्टमार्टम करवाया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## घर के पीछे गड्ढे में छिपा रखा था शराब का जखीरा

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाहियां किए जाने निर्देशित किया गया है । जिनके निर्देश पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा व थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में बिलहरी पुलिस के इलाका भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति परोहा पिपरिया स्लीमनाबाद मेन रोड में अपने खेत में बने घर के पीछे गड्ढा में अत्यधिक मात्रा मे अवैध देशी शराब कार्टून के डिब्बे में रखे बिक्री करने की फिराक में खड़ा है मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचने पर विजय नारायण लखेरा पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे स्टाफ के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा। नाम पता पूछने पर अपना नाम विजय नारायण लखेरा पिता स्वर्गीय मुरली मनोहर लखेरा उम्र 58 साल निवासी परोहा पिपरिया चौकी बिलहरी थाना कुठला का रहने वाला बताया पूछताछ करने पर बताया कि मेरे खेत में बने गड्ढे में 14 पेटी कार्टून देसी शराब रखी है जिसे मैं बोरियों से ढक कर रखा है तलाशी लेने पर 700 पाव 126 लीटर शराब जिसकी कीमत 77000 हजार रुपए को जप्त कर धारा आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

सैनिक स्कूल रीवा (मध्यप्रदेश), रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित
-वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना-
THIRD CALL/FOURTH CALL)

सैनिक स्कूल रीवा 16 जून 2025 से 30 अप्रैल 2025 की अवधि के लिए निम्नलिखित वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति हेतु वार्षिक दर अनुबंधों के लिए पंजीकृत एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित कर रहा है:-

| क्र. | श्रेणी |
|---|---|
| 1. | विभिन्न प्रकार के सेवाओं की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। (CATEGORY-III, SERVICES) |
| 2. | स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के दुकान संचालन के लिए वार्षिक अनुबंध। (CATEGORY-IV, SHOPS) |
| 3. | सामान्य दवाओं और घोड़े की दवाओं की आपूर्ति के लिए वार्षिक अनुबंध। (CATEGORY-VI, MEDICINES) |

निविदाओं की विस्तृत जानकारी, निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु जरूरी दस्तावेजों की जानकारी सैनिक स्कूल रीवा की वेबसाइट www.sainikschoolrewa.ac.in देखें।

प्राचार्य
सैनिक स्कूल रीवा (मध्यप्रदेश)

जन्मतिथि सुधार सूचना/D.O.B. Correction Notice

मैं बीरेन्द्र कुमार चौरसिया रैंक हवलदार आर्मी नं. 14659034Y सेवारत 6255 (i) Armd WKSP लेह लद्दाख में सेवारत हूं व ग्राम पो. खजुहा (कला) तह. गुढ़ जिला रीवा (म.प्र.) का मूल निवासी हूं। मेरे आर्मी सेवा रिकार्ड में मेरे पिता श्री रामानुज चौरसिया की जन्मतिथि 01.01.1956 से बदलकर 01.01.1957 एवं माता श्रीमती रामबाई की जन्मतिथि 01.07.1958 से बदलकर 01.01.1957 कर दिया जाए।

I Net Birendra Kumar Chaurasia Rank Havildar Army No. 14659034Y Working 6255 (i) Armd WKSP. Village Khajuha (Kala) Tehsil Gurh District Rewa (MP). Currently Posted at Leh Laddakh. That My Father Mr. Ramanuj Chaurasia. Changed Date of Birth 01.01.1956 Change to 01.01.1957 and mother name Mrs. Rambai Chaurasia Date of Birth 01.07.1958 change 01.01.1957 my Service Records.

बीरेन्द्र कुमार चौरसिया
RN- 82244 Birendra Kumar Chaurasia

## नगर विकास एवं आम नागरिकों की सुविधा हेतु 1 करोड़ रूपये से अधिक राशि के विकास कार्यो की निविदा जारी

### महापौर के निर्देशन में विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी



**जागरण, कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के कुशल नेतृत्व एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में नगर विकास का सिलसिला अनवरत जारी है। इसी श्रृंखला में नगर विकास को गति प्रदान करते हुए लगभग 7 विकास कार्यों के लिए लगभग 1 करोड़ 11 लाख 35 हजार 668 रुपये की निविदा आमंत्रण सूचना टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से जारी की गई। यह निर्णय जनता की बहुप्रतीक्षित आवश्यकताओं और सुझावों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

**इन विकास कार्यो की सौगात :** नागरिकों की सुविधा हेतु निगम प्रशासन द्वारा जिन विकास कार्यों के टेंडर जारी किये गए है उनमें विशेष रूप से सुगम पानी निकासी की व्यवस्था हेतु जगमोहन दास वार्ड में विभिन्न स्थानों पर 32 लाख 97 हजार 906 रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य सहित जाकिर हुसैन वार्ड स्थित संजय नगर में अनिल बर्मन के घर से अमीर गंज तालाब 16 लाख 8 हजार 445 रुपये की लागत से आरसीसी नाला निर्माण कार्य सहित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में अमन खटीक के घर के पास 4 लाख 85 हजार 922 रुपये की लागत से सीष्सी नाली निर्माण कार्य का काम शामिल है। जबकि आम नागरिकों की मांग एवं जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए हेमू कालाणी वार्ड स्थित जेठानंद गली में 17 लाख 85 हजार 586 रूपये की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में डॉ.तोमर गौर मार्ग तथा अंशुल गुप्ता के घर के सामने 4 लाख 87 हजार 766 रूपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य के टेंडर जारी किये गए है।

**31.27 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन :** नागरिकों के यहां होने वाले छोटे कार्यक्रमों को सुगमता से साथ अच्छी तरह से संपादित कराने हेतु निगम प्रशासन द्वारा नवीन पहल की जाकर विभिन्न वार्डो में गुणवत्तापूर्ण एवं सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उपनगरीय क्षेत्र जाकिर हुसैन वार्ड के नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए संजय नगर खेरमाई मंदिर के पास 31 लाख 27 हजार 336 रुपये से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराने की निविदा जारी की गई है। सामुदायिक भवन के निर्माण हो जाने से स्थानीय नागरिकों को अपने घरों के शादी, ब्याह, जन्मदिन एवं अन्य कार्यक्रमों को सस्ते दरों पर संपन्न कराने की सुविधा मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त नगर निगम के माध्यम से संचालित दीनदयाल रसोई भवन की वर्तमान सुविधाओं के सुदृढीकरण को दृष्टिगत रखते हुए लगभग 3 लाख 49 हजार 707 रुपये की लागत से भवन मरम्मती करण एवं पुताई का कार्य कराये जाने की निविदा जारी की गई है।

**नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता :** निगम प्रशासन ने यह कदम स्वच्छता, सुविधा और नागरिक सम्मान को प्राथमिकता देते हुए उठाया है ।

## पुलिस की ताकत बन पुलिस से जुड़े और देश भक्ति की भूमिका अदा करें : विरेंद्र धार्वे

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना परिसर मे आला अधिकारियों की उपस्थिति में नगर के गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधियों पत्रकारों के बीच थाना प्रभारी ने देश के हालातों को लेकर सुरक्षात्मक बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना तथा पुलिस व्यवस्था मे सहयोग करना था। बैठक के दौरान एसडीओपी विरेंद्र धार्वे ने सभी उपस्थित जनो से कहा की सभी लोग जागरूक हो किसी तरह की अफवाह न फैलाए न ही अफवाहों मे विश्वास करें। हिन्दू, मुस्लिम जाति धर्म को लेकर किसी भी तरह के विवाद न करे मिल कर रहे अपराधिक गतिविधियों की जानकारी लगे या शंका हो तो पुलिस को बताए, सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर अनेको तरह की लिंक आ रही है जो मोबाईल को हैक कर आप की सम्पूर्ण जानकारी ले सकते हैं। ऐसी किसी भी लिंक को टच न करे साथ ही थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने सभी से क्षेत्रीय गतिविधियों की जानकारी मांगी तथा कहा की कोई भी व्यक्ति शंका के दायरे मे दिखे तो तुरंत जानकारी दे संदिग्ध वस्तु न छुऐ सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर दूसरो की पोस्ट फार्वड करने से बचे, बिना सत्यता की जानकारी के कोई पोस्ट न करे अन्यथा कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

नाम सुधार सूचना/Name Correction Notice

मैं बीरेन्द्र कुमार चौरसिया रैंक हवलदार आर्मी नं. 14659034Y सेवारत 6255 (i) Armd WKSP लेह लद्दाख में सेवारत हूं व ग्राम पो. खजुहा (कला) तह. गुढ़ जिला रीवा (म.प्र.) का मूल निवासी हूं। मेरे पुत्र का नाम मान्सू है जो बदलकर मान्सू चौरसिया लिखा, पढ़ा व बोला जाए।

I Net Birendra Kumar Chaurasiya, Rank Havaldar, Army No. 14659034Y, village Khajuha (Kala), Tehsil Gurh, District Rewa (MP). Currently Posted at 6255 (i) that my son name Mansu Changed from Mansu Chaurasia in my service records.

बीरेन्द्र कुमार चौरसिया
RN- 82243 Birendra Kumar Chaurasia

## रिश्वत और मारपीट के आरोप में टीआई सहित दो कांस्टेबल नपे

**छतरपुर।** पिछले दिनों महाराजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत सेन और दो कांस्टेबल पर लगे, एक फरियादी के साथ मारपीट और 80 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में उन्हें निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की है और खजुराहो एसडीओपी को पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले एक फरियादी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि वह अपनी शिकायत लेकर महाराजपुर थाने गया था, जहां थाना प्रभारी प्रशांत सेन ने उसकी शिकायत सुनने के बजाय दो कांस्टेबलों के साथ मिलकर मारपीट की और बाद में 80 हजार रुपये की रिश्वत लेकर उसे छोड़ा गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि मारपीट और रिश्वत लेने की शिकायत मिली थी।

## छतरपुर के तालाबों में गंदगी और जलकुंभी का आलम

**छतरपुर।** शहर के प्राचीन तालाबों में इन दिनों गंदगी और जलकुंभी का बोलबाला है, जिससे न केवल तालाबों की सुंदरता नष्ट हो रही है, बल्कि पर्यावरण और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्वालमंगरा तालाब, सिंघाड़ी नदी, संकट मोचन तालाब सहित अन्य तालाबों में साफ-सफाई के अभाव ने स्थिति को बदतर बना दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल सफाई कराने की मांग की है। ग्वालमंगरा तालाब, जो कि शहर की ऐतिहासिक धरोहर है, पूरी तरह जलकुंभी और गंदगी की चपेट में है। यही हाल सिंघाड़ी नदी और संकट मोचन तालाब का है, जहां जलकुंभी की मोटी परत और कचरे का ढेर तालाबों को नष्ट कर रहा है। भाजपा के जिला सह कोषाध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार ने बताया कि स्थानीय लोग लंबे समय से इन तालाबों की सफाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं गया। उन्होंने कहा कि तालाबों की गंदगी से मच्छरों और दुर्गंध की समस्या बढ़ रही है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा है। गौरतलब है कि इन जलस्रोतों की सफाई होने से तालाबों का प्राकृतिक सौंदर्य लौटेगा, जो शहर की पहचान को और निखारेगा। भूजल स्तर में सुधार होगा, क्योंकि साफ तालाब वर्षा जल को संरक्षित करने में मदद करते हैं। साथ ही, स्वच्छ जलाशय मछली पालन और अन्य स्थानीय गतिविधियों को बढ़ावा देंगे, जिससे आर्थिक लाभ होगा। तालाबों की सफाई से पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि स्वच्छ और सुंदर तालाब आगंतुकों को आकर्षित करते हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तालाबों की नियमित सफाई, जलकुंभी हटाने और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करने की अपील की है।

## आबकारी विभाग की शह पर गली मोहल्लों में फल-फूल रहा अवैध शराब का कारोबार

**नौगांव।** शहर में शराब माफिया और आबकारी विभाग के बीच की सांठगांठ अब किसी रहस्य की बात नहीं रही। सोशल मीडिया पर दो चौंकाने वाले वीडियो वायरल हुए हैं। जिनमें नौगांव स्थित अधिकृत शराब ठेके से शराब की पेटियों को दुल्हन की तरह मूंह ढांक और मोटरसाइकिलों पर लादकर शहर के विभिन्न इलाकों और आसपास के गांवों में सप्लाई करते साफ़ देखा जा सकता है। इन वायरल वीडियो ने जिला आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बी आर वैध और नौगांव आबकारी निरीक्षक अजय वर्मा की भूमिका पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। गांव गांव और शहर के वार्डों में अवैध शराब बिक रही है और जिम्मेदार विभाग मूक दर्शक बना हुआ है । जबकि नियमों के मुताबिक ठेके से शराब की बिक्री केवल निर्धारित परिसर में ही होनी चाहिए,परंतु नौगांव शहर के हालात बिल्कुल इसके उलट हैं। दिनों ठेकों से रोजाना शराब की पेटियाँ मोटरसाइकिलों पर लादकर शहर की गलियों, मोहल्लों और आसपास के गांवों तक पहुंचाई जा रही हैं। ये अवैध सप्लाई कानून की सीधी अवहेलना है, और यह बिना प्रशासनिक संरक्षण के मुमकिन नहीं जब वायरल वीडियो के कुछ दिनों पश्चात जिला आबकारी अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया की हम कार्यवाही कर चुके है इसके बाद पूछा गया की कहा कहा और कितनी मात्रा में शराब से विभागीय अधिकारी शराब माफियाओं की जेब में बैठे हैं। हर दिन ठेके से गांवों और शहर के वार्डों में शराब की खुली सप्लाई करवा रहे हैं ।

### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

मैरिज गार्डन किराये से देना है

कोष्ठा रीवा में मैरिज गार्डन किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-
संपर्क करें : 6260806864
आरएन. 82088/(15/5)

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

आवश्यकता है

आफिस कार्य हेतु महिलाओं एवं लड़कियों की। योग्यता 10वीं, 12वीं मान्य, सैलरी 5000, कमीशन के साथ 10,000 से 15,000 महीना कमाएं। पता : पीके स्कूल के पीछे हनुमान डेयरी आजाद नगर रीवा संपर्क सूत्र : 7803062902, 8827006389
आरएन. 82093/(16/5)

न्यायालय तहसीलदार
तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र.)
आम इश्तहार

आवेदक तुलसीदास विश्वकर्मा पिता रामप्रसाद विश्वकर्मा सा. गोहट तह. जवा द्वारा ग्राम नगमा की आ.नं. 738 रकवा 3.21 ए. 740 रकवा 0.10 ए. 741 रकवा 0.21 ए., 742 रकवा 1.33 ए. का सिविल डिग्री नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय मे विचाराधीन है प्रकरण में अनावेदक रामप्रभाव पिता रामविशाल विश्वकर्मा एवं मोती लाल पिता रामपियारे विश्वकर्मा मृतक वारिस बद्री प्रसाद पिता मोतीलाल, रामगोपाल पिता मोतीलाल, रामगनेश पिता मोतीलाल, गोगवा पिता मोतीलाल, मुडडी पिता मोतीलाल एवं अन्य है उक्त नामान्तरण से किसी को कोई हस्ताक्षेप यां आपत्ति हो तो दिनांक 22.05.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है अन्यथा समयावधि प्रश्चात कोई सुनवाई नही होगी। प्रकरण का निराकरण होने के बाद न्यायालय की कोई जबावदेही नहीं होगी।

तहसीलदार
तहसील जवा,
RN-82241 जिला रीवा (म.प्र.)

न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)
प्रकरण क्रमांक /0395/अपील/2025-26
रीवा दिनांक 05/05/2025

01. गुरु प्रसन्न सिंह पिता स्व. लाल बृजेन्द्र सिंह 02. गुरुचरण सिंह पिता स्व. लाल बृजेन्द्र सिंह 03. गीता सिंह बेवा पत्नी गुरुदेव सिंह 04. अभिमन्यु सिंह पिता गुरुदेव सिंह सभी निवासी भीष्मपुर तहसील अमरपाटन जिला सतना मध्यप्रदेश। 05. मीरा कुमारी सिंह पुत्री स्व. लाल बृजेन्द्र सिंह निवासी एमआईजी 16 भरहुत नगर सतना मध्यप्रदेश। 06. शिवेन्द्र सिंह माता शिवकुमारी सिंह निवासी कतकोन तहसील नागौद जिला सतना मध्यप्रदेश 07. शैलेन्द्र सिंह माता शिवकुमारी सिंह।

............ अपीलार्थीगण।

बनाम

01. राज श्री सिंह पिता स्व. श्री गुरु प्रसाद सिंह
02. जय श्री सिंह पिता स्व. श्री गुरु प्रसाद सिंह
03. विजया श्री सिंह पिता स्व. श्री गुरु प्रसाद सिंह
04. मन्जू सिंह पिता स्व. श्री गुरु प्रसाद सिंह
05. श्रद्धा सिंह पति अभिषेक सिंह । सभी निवासी नरेन्द्र नगर रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश ............ उत्तरवादीगण

//आम इश्तहार //

उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 05 को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी गुरु प्रसन्न सिंह पिता स्व. लाल बृजेन्द्र सिंह वगै. निवासी भीष्मपुर तहसील अमरपाटन जिला सतना मध्यप्रदेश द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0212/अ-6-अ/2023-24 आदेश दिनांक 16.08.2024 के आदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 09.06.2025 को पेशी नियत है। अतः उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 05 को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 09.06.2025 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, उत्तरवादीगण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर उत्तरवादीगणों के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
RN- 82094 जिला रीवा (म.प्र.)

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)
भवन हस्तानान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बोदाबाग हाऊसिंग बोर्ड कालोनी रीवा में आवंटित एम.आई.जी. भवन क्र0- 38 के मूल आवंटी श्रीमती कान्ता देवी पति स्व. श्री लीला सिंह माखीजा को आवंटित था, उनके द्वारा उक्त भवन को मेसर्स हरपाल इंडस्ट्रीज में बंधक रखकर बैंक ऑफ बडौदा मुख्य शाखा रीवा से ऋण लिया गया था। जिसमें श्रीमती कान्ता देवी पति स्व. श्री लीला सिंह माखीजा द्वारा ऋण न चुकाये जाने के कारण बैंक ऑफ बडौदा मुख्य शाखा रीवा द्वारा उक्त भवन को श्रीमती पुष्पा गुप्ता पति श्री अनिल गुप्ता को विक्रय किया गया है। बैंक ऑफ बडौदा के प्राधिकृत अधिकारी व मुख्य प्रबंधक (विक्रेता) श्री धनराज भावसार पिता श्री मनोहर लाल परसरामजी भावसार द्वारा विधिवत नीलामी प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् दिनांक 27.03.2025 को विक्रय का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया व पंजीयन कार्यालय रीवा के माध्यम से दिनांक 28.03.2025 को रजिस्ट्री श्रीमती पुष्पा गुप्ता पति श्री अनिल गुप्ता के नाम कराई गई है। जिसमें क्रेता श्रीमती पुष्पा गुप्ता पति श्री अनिल गुप्ता द्वारा दिनांक 08.05.2025 को उक्त भवन के नामान्तरण हेतु आवेदन व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया था। जिसमें उसी दिनांक को क्रेता-विक्रेता दस्तावेज सत्यापन हेतु कार्यालय को उपस्थित हुये व दस्तावेजो का सत्यापन पश्चात् क्रेता द्वारा दिनांक 08.05.2025 को ऑनलाइन के द्वारा भी भवन अपने नाम नामान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया हैं।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त भवन को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद भवन हस्तानान्तरण श्रीमती पुष्पा गुप्ता पति श्री अनिल गुप्ता के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना
विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)
RN- 82095

### समर कैम्प में छात्रों को सिखाई जा रहीं खेल की बारीकियां :

**कटनी ।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी कटनी पृथ्वी पॉल सिंह के निर्देशन में शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय माधव नागर कटनी के समर कैंप में 10 से 18 वर्ष के 40 छात्रों को क्रिकेट, टेबल टेनिस और बैडमिंटन खेल में प्रशिक्षण के साथ-साथ खेल की बारीकियां शेखर पाठक एवं शैलबाला मैथ्यूज द्वारा दी जा रही है।

कार्यालय नगर परिषद गुढ़ जिला- रीवा (म.प्र.)
Office of The Nagar Parishad Gurh Dist. Rewa (M.P.)
Address:- Ward No.-12 Gurh Dist.- Rewa (M.P.) Pin No. 486553
Email: cmogudh@mpurban.gov.in

क्र. 635/(E.T.)/न.परि./2025 गुढ़ दिनांक 13.05.2025

द्वितीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्दीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_422892_1 दिनांक- 13.05.2025 | वार्ड क्रमांक- 07 एवं 13 बस स्टैण्ड में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य | 1-6 वर्ष वर्षाकाल सहित 2-52.20 लाख | 1-10000.00 2-39150.00 | 29.05.2025 |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http:www.//mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(के.एन. सिंह)
मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद गुढ़
जिला-रीवा (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 09/ब.ले.लि./निविदा/2025-2026 रीवा, दिनांक 09/05/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1- अमानत राशि 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1- निविदा आमंत्रण क्र. 2- कार्यावधि सहित/ छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 422088 | उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा के अन्तर्गत संधारण मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य। | 16.92 | 1- 33840.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 422089 | उपसंभाग क्रमांक-3 रीवा के अन्तर्गत संधारण मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य। | 16.92 | 1- 33840.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 422090 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत संधारण मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य। | 16.92 | 1- 33840.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 422091 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत संधारण मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य। | 16.92 | 1- 33840.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 422092 | उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत संधारण मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य। | 16.92 | 1- 33840.00 2- 2000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 84.60 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 28/05/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.)
G- 12796/25 संभाग क्रमांक-1 रीवा

नाम सुधार सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं हीरा देवी पत्नी स्व. श्री राममिलन मिश्रा, निवासी ग्राम गंग्तीरा, पोस्ट कटरा, तहसील त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.) की हूँ एवं एतद् द्वारा कथन करती हूँ कि मेरा सही नाम हीरा देवी है, जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में अंकित है किन्तु लिपकीय त्रुटिवश जानकारी के अभाव में मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम हीरावती मिश्रा अंकित हो गया है जो कि गलत नाम है । अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम हीरावती मिश्रा की जगह हीरा देवी दर्ज किया जाए एवं लिखा पढ़ा व जाना जाए।

भवदीय
RN- 82242 हीरा देवी पत्नी स्व. श्री राममिलन मिश्रा

कार्यालय जिला पंचायत
रीवा (म.प्र.)
क्रमांक/1179/स्टोर/2025 रीवा, दिनांक : 06.05.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक 560/एनआर-4/वित्त एवं लेखा/2017 भोपाल, दिनांक 10.08.2017 के अनुक्रम में जिला पंचायत रीवा में शासकीय कार्य हेतु 6 नग वाहन (बुलेरो, सफारी, स्ट्रोम, इनोवा, क्रिस्टा, स्कार्पियो) वाहन चालक सहित किराये पर अनुबंधित किया जाना है। इच्छुक निविदाकार निविदा **प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर** (अवकाश अवधि सहित) कार्यालयीन दिवस/समय पर जिला पंचायत कार्यालय के लेखा शाखा में निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित राशि रुपये 1500.00 (एक हजार पांच सौ रुपये) मात्र जमा कर निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक नियम-शर्तें प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म.प्र. माध्यम/120061/2025 जिला पंचायत रीवा (म.प्र.)

कार्यालय कलेक्टर जिला-रीवा (म0प्र0)

निविदा सूचना क्र0 96 /नजारत/2025 रीवा, दिनांक 08/05/2025

//निविदा विज्ञप्ति//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर रीवा द्वारा 1 वर्ष हेतु कलेक्टेट परिसर में वाहन पार्किंग फीस वसूली करने के लिए निविदाऐं लम्प-सम दर पर MP Tender Portal URL:- https://mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म, शुल्क जमा कर निविदा में भाग ले सकता है।

दस्तावेजों के अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी , जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी निविदाकार की स्वयं की होगी। निविदा संबंधित प्रमुख तिथियां निम्नानुसार हैः-

1. निविदा फार्म खरीदने की प्रारंभ तिथि - 09.05.2025 समय सुबह 09:00 बजे से।
2. निविदा फार्म खरीदने की अंतिम तिथि -29.05.2025 समय सायं 3:00 बजे तक।
3. निविदा फार्म जमा करने की प्रारंभ तिथि -16.05.2025 समय सुबह 09:00 बजे से।
4. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि -29.05.2025 समय सायं 3:00 बजे तक।
5. निविदा खुलने की तिथि -29.05.2025 समय सायं 3:30 बजे तक।
6. निविदा प्रतिभूति राशि -रू. 25000/- (पच्चीस हजार)
7. निविदा प्रपत्र का मूल्य -रू. 1000/- (एक हजार)
8. न्यूनतम निर्धारित प्रीमियम राशि -रू. 13,75,000/-(तेरह लाख पचहत्तर हजार)

| क्र0 | कार्य का नाम | न्यूनतम निर्धारित प्रीमियम राशि | प्रतिभूति (EMD) राशि रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय कलेक्टर रीवा क्षेत्रान्तर्गत कलेक्टर परिसर में वाहन पार्किंग | रू. 13,75000.00 तेरह लाख पचहत्तर हजार मात्र अधिकतम वाले पात्र होंगे | रू. 25000/- रूपये (पच्चीस हजार) | रू. 1000/- | 01 वर्ष इससे अधिक समय लगने पर आगामी निविदा प्राप्त न होने तक समानुपातिक राशि जमा करना होगा |

निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें MP Tender Portal URL:- https://mptenders.gov.in के माध्यम से निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन देखे व डाउनलोड किये जा सकते हैं।

(कलेक्टर द्वारा आदेशित) G- 12787/25
अपर कलेक्टर
जिला-रीवा (म.प्र.)

# रानी दुर्गावती स्टेडियम शहपुरा में संपन्न हुआ मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत सामूहिक विवाह समारोह



## कार्यक्रम में 179 वर वधु परिणय सूत्र से बंधे

**जागरण डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में रानी दुर्गावती स्टेडियम शहपुरा में आज मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुद्रेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू ब्यौहार, नगर परिषद अध्यक्ष शहपुरा श्रीमती शालिनी अग्रवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री जीतेन्द्र चन्देल, जनपद अध्यक्ष शहपुरा श्रीमती प्रियंका आर्मो, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति प्रकाश धुर्वे सहित सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय श्री श्याम सिंगौर, सीईओ जनपद पंचायत शहपुरा श्री अरविंद बोरकर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम जनपद पंचायत शहपुरा के 179 वर-वधु परिणय सूत्र से बंधे। प्रशासन ने सभी युगलों को टोकन प्रदान करने की व्यवस्था की। कार्यक्रम में नृत्य, गुदुम बाजा की रोचक प्रस्तुति दी गयी, विवाह पूरी रीति रिवाज से सम्पन्न हुए। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित इस भव्य सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सहायता प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का भी प्रतीक है। आज जिन नवदम्पत्तियों का विवाह हुआ है, उन्हें मैं शुभकामनाएं देता हूँ और उनके सुखद व समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना करता हूँ। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना वास्तव में गरीब और वंचित वर्ग के लिए एक वरदान साबित हो रही है। हम सभी को मिलकर ऐसे आयोजनों को सफल बनाना चाहिए।

शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित इस सामूहिक विवाह समारोह में उपस्थित सभी नवविवाहित जोड़ों को हार्दिक बधाई देता हूँ। यह योजना समाज के उन वर्गों के लिए बहुत सहायक है, जो संसाधनों की कमी के कारण विवाह जैसे संस्कार को पूरे रीति-रिवाज़ों से नहीं कर पाते। राज्य सरकार की यह पहल सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे आयोजनों से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है। मैं आयोजन समिति को धन्यवाद देता हूँ और नवदम्पत्तियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जोड़ों को प्रतीकात्मक चैक प्रदान किया गया, जिसकी राशि 179 वर-वधुओ को ऑनलाइन उनके बैंक खाते में प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह में दोनों पक्ष के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में परिवारजनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। सभी के भोजन के पश्चात् कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के सामूहिक विवाह समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कि वर-वधुओं को शुभकामनाएं दी।

# आदिगुरु शंकराचार्य की जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन




**जागरण मंडला।** संपूर्ण सांस्कृतिक भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य करने वाले अद्वैत वेदांत के प्रवक्ता आदिगुरू शंकराचार्य जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रकटोत्सव-एकात्म पर्व के रूप में 2 मई से 16 मई तक पखवाड़ा मनाया जाना है। इसी तारतम्य में जन अभियान परिषद विकासखण्ड घुघरी द्वारा शासकीय सीएम राइज विद्यालय घुघरी में व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सरस्वती उच्चतर विद्यालय मंडला प्राचार्य श्रीमान कमलेश अग्रहरि, विशिष्ट अतिथि संत श्री महात्मा रघुवीर, जनपद सदस्य श्रीमान नीरज मरकाम, म.प्र. जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्रीमान राजेन्द्र चौधरी, ब्लॉक समन्वयक श्रीमान नेमलाल धुर्वे, समाजसेवी श्रीमान अवधेश चौरसिया, परामर्शदाता-अशोक राजे, हेमन्त चन्द्रौल, नीरज दुबे, नन्दकिशोर राजे, श्रीमती शैल संत नवांकुर संस्था से बाबूराम मरकाम, मिलन धुर्वे,रमेश यादव एवं किशोरी यादव, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्रीमान कमलेश अग्रहरि ने सभी उपस्थितजनों से कहा कि अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रखर प्रवक्ता थे आदि शंकराचार्य। प्रत्येक मनुष्य को आदि शंकराचार्य से जीवन दर्शन की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आदि शंकराचार्य के विचारों को अपने जीवन में उतारने के लिये प्रेरित किया। नीरज मरकाम जी ने भी आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन को समझाया। संत महात्मा रघुवीर जी के द्वारा आदि शंकराचार्य जी के दर्शन एवं नर्मदा मैया के गीत द्वारा सभी को संगीतमय वातावरण बना दिया। व्याख्यान माला के दौरान हेमन्त चन्द्रौल के द्वारा मंच संचालन किया गया।

## लोगों ने तालाब की सफाई कार्य में किया श्रमदान, दिया जल संरक्षण का संदेश

**जागरण शहडोल।** जल है तो कल है, आओ मिलकर कदम बढ़ाएं शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के नगरपालिका ब्यौहारी द्वारा ब्यौहारी के वार्ड नंबर 2 के चौधरी तालाब में लोगों ने श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

## कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में ब्यौहारी तहसील की ग्राम पंचायत खरपा निवासी अवनीश कुमार द्विवेदी ने अनुकंपा नियुक्त हेतु, ग्राम पंचायत रेउसा निवासी रमेश्वर पाल पिता भगवत पाल ने कपिल धारा योजना की आहरण की गई राशि की जांच कराने हेतु, शहडोल निवासी शालिनी डबरईया ने जिला जेल शहडोल मे किए गए विद्युतीकरण के भुगतान के संबंध में एवं महावीर तीर्थंकर संग्रहालय के शेष भुगतान कराने के संबध में आवेदन कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता को दिए। । जिस पर कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जिस पर कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के ग्राम पंचायत विक्रमपुर निवासी सचिन कुमार मिश्रा ने कृषि निस्तार हेतु शासकीय रास्ता खुलवाने बावत, तहसील ब्यौहारी के ग्राम पंचायत पपोड़ निवासी जगन्नाथ प्रसाद रजक ने बरसात के कारण जल भराव की निकासी सुनिश्चित कराने, सोहागपुर तहसील की ग्राम पंचायत सिन्दुरी चुनिया निवासी रामावतार पटेल ने गरीबी रेखा में नाम जोड़वाने हेतु, ग्राम पोस्ट खन्नौधी निवासी भूषण प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जुड़वाने बावत, जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत चंदनियाकलॉ निवासी रामनरेश सिंह ने अपनी बच्ची का आधार कार्ड बनवाने हेतु आवेदन कलेक्टर को दिए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

# अन्तर्राज्यीय गैंग जमीन समतलीकरण के नाम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों से करते है फ्रॉड

## कई राज्यों में जमीन समतलीकरण के नाम से फ्रॉड करने वाले अतंराज्यीय गैंग का मण्डला पुलिस ने किया खुलासा, राजस्थान के दो आरोपी गिरफ्तार

**मंडला।** थाना बम्हनी में सेवा निवृत्त शिक्षक निवासी चिरईडोंगरी थाना बम्हनी ने शिकायत की थी ,जिसने अपने रिपोर्ट में बताया कि कुछ लोगों ने जे.सी.बी. मशीन रेल्वे विभाग में लगी हुई है, जो दो तीन दिन की छुट्टी होने से कम पैसे में खेत में काम कराने के संबंध मे कहते प्रार्थी के खेत पर जे.सी.बी. मशीन से खेत में खुदाई कर सुबह तीन अन्य व्यक्ति आये जिन्होने अपने आप को रेल्वे के अधिकारी एंव तहसील कार्यालय के कर्मचारी बताकर प्रार्थी के ऊपर कार्यवाही करने का कहकर जेल भेजने की धमकी देते हुये 10 से 15 लाख रुपये का जुर्माना पटाकर रशीद प्राप्त कर मामला रफा दफा करने की बात कर भय दिखाया गया। प्रार्थी द्वारा सरकारी कर्मचारी होने के कारण भय मे आकर एव जेल जाने के डर से उन 3 व्यक्तियों के साथ स्टेट बैंक मण्डला (मेन ब्रांच) से चैक द्वारा 10,70,000/- रुपये निकलवाया व प्रार्थी एंव उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर महाराजपुर में छोड़ धमकी देकर भाग गये । प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना बम्हनी मे अपराध क्रं. 129/2025 धारा 318(4),308(2),3(5) ब्नहस का कायम कर कर विवेचना मे लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये मामले के खुलासा व अज्ञात आरोपीगणो की गिरफ्तारी करने के संबंध मे निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी अरूण प्रताप सिंह भदौरिया थाना प्रभारी बम्हनी के के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। विवेचना के दौरान टीम द्वारा घटना स्थल का रूट मैप तैयार कर सीसीटीवी एवं सायबर सेल मंडला से प्राप्त तकनीकी जानकारी का विष्लेषण कर 06 सदस्यीय टीम को राजस्थान अज्ञात संदेही आरोपिगणो की जानकारी प्राप्त करने रवाना किया गया। जो आरोपी परवीन खान पिता कमाल खान उम्र 31 साल एंव नबीशेर खान पिता मुलताज खान उम्र 55 साल दोनो निवासी पुलिस लाईन के सामने करौली राजस्थान के लिप्त होने की जानकारी प्राप्त हुई। घटना को अंजाम देने वाले दोनो आरोपियों को थाना घंसौर जिला सिवनी मे प्राप्त होने पर गठित पुलिस टीम के द्वारा आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पुछताछ पर जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में अन्य राज्यों में भी घटना की बात स्वीकार किया गया। आरोपियों के संबंध में छत्तीसगढ के विभिन्न जिलो बालोद, बालोद बाजार, राजनानंद गांव, जबलपुर, सिवनी मे भी इसी तरह से धोखाधडी कर रूपये पैसे वसूल किये गये है तथा बालोद, राजनांदगांव में इस तरह के प्रकरणों में जेल निरूध्द रहे है। पुलिस द्वारा प्रकरणो के संबंध मे अन्य जिला व राज्यो से जानकारी प्राप्त की जा रही है जिससे और भी मामले की जानकारी मिल सकती है।



उक्त कार्यवाही में एसडीओपी नैनपुर श्री मनीष राज, उप.निरी. अरूण प्रताप सिंह भौदरिया थाना प्रभारी बम्हनी, सहा. उप.निरी. राकेश बघेल, सहा. उप. निरी. मुकेश चौरसिया, प्रधान आरक्षक धीरज नाग, प्र.आर. इंदर सिंह राजपूत, आरक्षक सुनील सिंह, आरक्षक खिलेन्द्र राहगडाले, नवीन कठौते एव सायबर सेल मण्डला की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# डिंडोरी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों की सफाई और जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन



**जागरण डिंडोरी।** जल संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना, पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण करना और समुदाय को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में कुएं, बावड़ियां, तालाब, जलाशय एवं नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों, स्कूलों, आंगनवाड़ियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की भागीदारी से इन जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों को घरेलू जल संरक्षण उपाय जैसे रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की बर्बादी रोकने के उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के तहत जिला प्रशासन, जन अभियान परिषद, जनपद पंचायत, नगर निकाय, जल संसाधन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों की सक्रिय भूमिका देखी गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने भी इस कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल स्रोतों की रक्षा करें, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और वर्षा जल संग्रहण को अपनाएं, जिससे आने वाले समय में जल संकट से बचा जा सके। यह अभियान जिले में जन-भागीदारी से जल स्वावलंबन की दिशा में एक सशक्त पहल साबित हो रहा है।

## जनसुनवाई में पहुंचे 52 आवेदन, कलेक्टर ने दिए निराकरण के निर्देश

**जागरण मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में संपन्न हुई जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका समुचित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में 52 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए एवं आवेदन की प्रकृति के अनुसार समय सीमा निर्धारित की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में त्रुटि सुधार, आवास योजना, पेयजल, सीमांकन, वृद्धा पेंशन, ट्राई साइकिल आदि आवेदन प्रस्तुत किए गए।

## शासकीय आईटीआई शहडोल में रोजगार मेले का आयोजन 15 मई को

**शहडोल।** शासकीय आईटीआई शहडोल में जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं आप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 15 मई 2025 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 04 बजे तक किया जाएगा। रोजगार मेले में बीएफएन फोर्जिंग्स प्राइवेट लिमिटेड बोईसर पालधर महाराष्ट्र, मदरसन समी वायरिंग इंडिया लिमिटेड अहमदाबाद गुजरात, केस कॉर्प लिमिटेड देवास मध्यप्रदेश, ट्राईटेंड ग्रुप यार्न युनिट ब ु ध न ी होशंगाबाद, भारतीय जीवन बीमा निगम शहडोल, प्रगतिशील बायोटेक रीवा मध्यप्रदेश की कम्पनियां शामिल होंगी।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **31/05/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक कब्जा दिनांक बकाया राशि | आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स शौर्य इण्डस्ट्रीज** प्रोपराइटर- श्री विक्रम प्रताप सिंह पुत्र श्री सरयु सिंह (निदेशक- केरला पब्लिक स्कूल) बोदाबाग तहसील - हुजूर, रीवा (म.प्र.)486001 श्री विक्रम प्रताप सिंह पुत्र श्री सरयु सिंह श्रीमती माधुरी सिंह पत्नि श्री विक्रम प्रताप सिंह | 1.भूमि स्थित सर्वे नं. 201/7, पटवारी हल्का नं. अम्वा 12, आरआई सर्कल बंकुनिया, तहसील हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)-486001, क्षेत्रफल-7000 वर्गफिट संपत्ति मालिक- श्रीमती माधुरी सिंह पत्नि श्री विक्रम प्रताप सिंह चर्तुसीमाएं- पूर्व- 23 फिट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम- सरकारी ग्रामीण रोड, उत्तर- वैन्डर की शेष भूमि, दक्षिण- वैन्डर की शेष भूमि | 22/07/2021 16/12/2022 दि. 09/05/2025 को ₹ 1,29,32,138.93/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे भौतिक कब्जा | ₹ 27,12,000/- ₹ 2,71,200/- ₹ 10,000/- |
| | 2. रिहायशी मकान स्थित भूमि खसरा नं. 893/3,894/3 मौजा- बोडा, जनरल नं. 458 प.ह. बोडा 24, वार्ड नं. 08, आनंद नगर, बोडा बाग, आर.आई.सर्कल, रीवा (म.प्र.) 486001 चर्तुसीमाएं- पूर्व- 15 फिट चौड़ी रोड, पश्चिम- सरकारी ग्रामीण रोड, उत्तर-वैन्डर की शेष भूमि, दक्षिण-वैन्डर की शेष भूमि | | ₹ 25,84,000/- ₹ 2,58,400/- ₹ 10,000/- |
| | 3. प्लांट एवं मशीनरी स्थित खसरा नं. 207/7, ग्राम- अम्वा, बीना समरिया रोड, तहसील एवं जिला- रीवा (म.प्र.) | | ₹ 12,23,000/- ₹ 1,22,300/- ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 30/05/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 31/05/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) या वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8989014648, 9140476074, 7905027805, 8073562754)

स्थान : भोपाल दिनांक : 09-05-2025

प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# क्या संघर्ष विराम से जागेगी शांति की उम्मीद

फिलहाल भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम ने पाकिस्तान के लिए एक मौका मुहैया कराया है कि वह आतंकवादी संगठनों को संरक्षण देने के रुख पर विचार करे। भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ दिनों से जिस तरह युद्ध के हालात बने हुए थे, उसमें यह आशंका गहरी हो रही थी कि कहीं यह ज्यादा जटिल शक्ल न अख्तियार कर ले। खासतौर पर पाकिस्तान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया देखी जा रही थी, उसमें ऐसा लग रहा था कि उसे भारत की ओर से आतंकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने से परेशानी है और इसी वजह से वह एक दिशाहीन टकराव की ओर बढ़ रहा है। मगर शनिवार को जिस तरह भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के लिए सहमति बनने की खबर आई, उससे शांति के लिए एक सकारात्मक उम्मीद बंधी है। दरअसल, भारत की मंशा पहले भी सिर्फ इतनी ही रही कि उसने बेलगाम आतंकियों को सबक सिखाने के लिए एक 'नपी-तुली और नियंत्रित' प्रतिक्रिया का रास्ता अपनाया था, वह भी उन्हें काबू में करने के लगभग सारे विकल्प खत्म हो जाने के बाद। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने को अपने ऊपर हमला माना और जवाब में जिस तरह की कार्रवाई शुरू कर दी, उसमें नाहक हड़बड़ी और अपरिपक्वता दिख रही थी। मगर इससे स्थिति बिगड़ जाने की आशंका खड़ी हो गई थी। हालांकि इस बीच भारत ने कूटनीतिक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव रखने वाले देशों के सामने समूची स्थिति स्पष्ट तौर पर रखी और इस संघर्ष में पाकिस्तान की भूमिका को भी रेखांकित किया। यह आतंकियों के खिलाफ प्रत्यक्ष कार्रवाई से लेकर कूटनीति के मोर्चे पर बहुस्तरीय घेरा

> इसमें कोई दोराय नहीं कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी हल नहीं है। विडंबना यह है कि कई बार किसी एक पक्ष की द्वेषपूर्ण जिद की वजह से दूसरे को मजबूरन और आखिरी विकल्प के रूप में अपने बचाव में ठोस कदम उठाने पड़ते हैं।

था, जिसका दबाव पाकिस्तान साफ महसूस कर रहा था। शायद यही वजह है कि अमेरिकी मध्यस्थता के बाद पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक यानी डीजीएमओ की ओर से भारत के डीजीएमओ को फोन आया और दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी कि शनिवार को शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। जाहिर है, गंभीर शक्ल लेने की ओर बढ़ते टकराव के बीच पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम की घोषणा शांति की राह तलाशने के लिहाज से एक जरूरी पहलकदमी है और इस पर पाकिस्तान को पहले ही गौर करना चाहिए था। मगर कई बार किसी मसले को इस रूप में भी देखा जाता है कि अगर अंत में सब ठीक कर लिया गया तो वही रास्ता सही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी हल नहीं है। विडंबना यह है कि कई बार किसी एक पक्ष की द्वेषपूर्ण जिद की वजह से दूसरे को मजबूरन और आखिरी विकल्प के रूप में अपने बचाव में ठोस कदम उठाने पड़ते हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के सामने यही विकल्प बचा था कि वह आतंकियों की लगातार ऐसी हरकतों को रोकने के लिए एक बड़ी कार्रवाई करे और उन्हें संरक्षण और शह देने वाले ठिकानों को निशाना बनाए।

# अब आतंकी नेटवर्क तोड़ने पर फोकस

आतंक के खिलाफ

ले.जन. डीएस हुड्डा (से.नि.)

छह-सात मई की रात, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे के खिलाफ श्रृंखलाबद्ध सैन्य हमले किए गए। नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाया, जिनमें से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में और चार उसके पंजाब प्रांत में थे। सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों में मुरीदके और बहावलपुर रहे। लाहौर के नजदीक मुरीदके लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और उसके प्रमुख संगठन जमात-उद-दावा का मुख्यालय है। द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), जिसने पहलगाम नरसंहार की जिम्मेदारी ली, एलईटी से संबंधित बताया जाता है। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है। इसके बाद दो दिन और यह ऑपरेशन चला जिसमें दोनों ओर से सीमा पर गोलाबारी हुई। भारत ने दुश्मन के कई शहरों पर मिसाइलें गिराई , वहीं पाक की ओर से भी ऐसी कोशिशें हुईं। अब 10 मई को सीजफायर का ऐलान हुआ।

ऑपरेशन सिंदूर 2016 और 2019 में सीमा पार किए गए सैन्य हमलों की तुलना में पैमाने और दायरे में काफी बड़ा रहा। इसका संदेश कहीं अधिक तगड़ा और स्पष्ट है। जिसमें, पाकिस्तान से निबटने के लिए भारत की भविष्य की रणनीति में किए गए कुछ महत्वपूर्ण बदलाव झलकते हैं।

प्रथम- बड़े आतंकी हमलों का दंडात्मक प्रतिकर्म होगा। चूंकि 2016 और 2019 के सीमित हमले पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को एक औजार की भांति इस्तेमाल किए जाने वाली अपनी राष्ट्रीय नीति त्यागने में असरदार नहीं रहे, इसलिए उन लोगों को दर्द महसूस करवाना जरूरी बन गया, जो आतंकवादी करतूतों को नियंत्रित कर रहे हैं। यदि पाकिस्तानी सेना आतंकवादी नेतृत्व पर लगाम लगाने को तैयार नहीं, तो भारत सैन्य संसाधन का उपयोग करके ऐसा करेगा। भारत ने रणनीतिक और सामरिक कारणों से लंबे समय तक संयम मुद्रा अपनाए रखी। हालांकि, बदलते सुरक्षा परिवेश, विशेषतः पहलगाम हमले ने, पुनर्संतुलन में उत्प्रेरक का काम किया। 6-7 मई की रात बहावलपुर और मुरीदके जैसी अंदरूनी जगहों को निशाना बनाना संकेत है कि भारत अब सरसरी जवाबी कार्रवाई पर्याप्त नहीं मानता। नया दृष्टिकोण सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के लिए एक चेतावनी है।



> उद्दंड पड़ोसी से निबटने के लिए भारत की रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत रहा ऑपरेशन सिंदूर । जिसका पहला बिंदु, देश के बाहर से आतंकी हमले के जवाब में सीमापार कड़ी सैन्य कार्रवाई करना था। तीन दिन चले ऑपरेशन सिंदूर से स्पष्ट हुआ कि अब फोकस सबूत सौंपने पर नहीं, बल्कि आतंकी नेटवर्क तोड़ने पर है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार के प्रवक्ता द्वारा दी गई प्रस्तुति में, सीमा पार से चलाए जा रहे आतंकवाद से हुई क्षति को रेखांकित करने के वास्ते पिछले आतंकी हमलों (2001 में संसद पर हमले से लेकर मुंबई 2008, उड़ी 2016, पुलवामा 2019 और पहलगाम हमले) का लेखा-जोखा दिखाया गया, जिसके अंत में 'अब और नहीं' स्क्रीन पर चमका। भले ही यह प्रस्तुति नाटकीय दिखाई दे, लेकिन यह भारत के संकल्प को रेखांकित करती है कि वह पाकिस्तानी धरती से निकल रहे आतंकवाद को और बर्दाश्त नहीं करेगा।

द्वितीय- सीजफायर के बाद पाकिस्तानी सेना के सामने दो विकल्प हैं। या तो वह स्वयं द्वारा लंबे समय से पोषित सैन्य-जिहाद परिसर को खत्म करे या फिर देश को भारत के साथ विनाशकारी संघर्ष में डुबाने का जोखिम उठाए। जो पाकिस्तान को और अधिक अस्थिरता और संकट में धकेल सकता है। दशकों से, पाकिस्तानी सेना ने जिहादी समूहों को अपनी रणनीतिक संपत्ति के रूप में माना है, उनका उपयोग भारत को जख्म देने के लिए किया जाता है, जबकि आधिकारिक रूप से इनकार करता है। ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए भारत वे स्पष्ट किया कि राज्य और उसके द्वारा प्रायोजित छद्म स्वरूपों के बीच कोई अंतर नहीं है। पाकिस्तान में कई अंदरूनी जगहों को निशाना बनाकर भारत ने संकेत दे दिया है कि सुरक्षित पनाहगाहें भी अब उतनी सुरक्षित नहीं रही। प्रेस ब्रीफिंग में 6-7 मई की कार्रवाई पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत की 'कार्रवाई नपी-तुली, चीजों को और आगे न भड़काने वाली, आनुपातिक और जिम्मेदाराना थी। इसके निशाने का केंद्र आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और भारत में भेजे जाने वाले आतंकवादियों को निष्क्रिय करना था'। यह पाकिस्तान के लिए संदेश था कि अगर वह किसी भी सैन्य जवाबी कार्रवाई से परहेज करे और आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगाने के दीर्घकालीन उपाय करे, तो बढ़ते तनाव को नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि पाकिस्तानी सेना ने प्रतिक्रिया में युद्ध जैसे हालात रखे, जिसकाभारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया। तृतीय- भारत इस बारे स्पष्ट है कि परमाणु युद्ध की नौबत बनने से जरा पहले तक, सीमित पारंपरिक संघर्ष के वास्ते गुंजाइश मौजूद है। जब भी भारत-पाकिस्तान संकट बनता है, तो पाकिस्तान सबसे पहले अपना परमाणु कार्ड लहराने लग जाता है। मंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को निलंबित करके पाकिस्तान को पानी की आपूर्ति रोकता है, तो इस्लामाबाद परमाणु हथियारों से हमला करने को तैयार रहेगा। पाकिस्तान के राजदूत ने भी ऐसी धमकी दी। पाकिस्तान की परमाणु ब्लैकमेलिंग से भारत अब खुद को बंधक नहीं मानता। पारंपरिक बलों के इस्तेमाल के जरिए पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ढांचे को निशाना बनाने में वाले तौर-तरीके में धीरे-धीरे बदलाव आया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी पंजाब समेत कई आतंकी गढ़ों पर धावा बोलने में, हवाई हमले की उपयोगिता के रूप में नया मानक स्थापित हुआ है। चतुर्थ- भारत में हुए आतंकी हमलों के तार पाकिस्तान से जोड़ने वाले प्रत्यक्ष सबूत उपलब्ध करवाने की कुछ अंतरराष्ट्रीय हलकों की मांग अब जाती रही है। भारत दशकों से पाक प्रायोजित आतंकवाद का शिकार रहा है और जब भी वह कहता है कि आतंकवाद का स्रोत पाकिस्तान है, तो यह बात सही है। समस्या यहां हमले करने वाले की नहीं, बल्कि पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी और उस सैन्य नेतृत्व की है, जो आतंकवाद को पाल-पोस रहे हैं। अकाट्य सबूत की मांग छद्म युद्ध की प्रकृति को नजरअंदाज करती है। आतंकी संगठनों का ढांचा ही इस प्रकार तैयार किया जाता है कि सिद्ध करना मुश्किल हो जाए। भारत में आतंकी हमलों की निरंतरता, अपराध करने वालों की पहचान, प्रशिक्षण केंद्र और फंडिंग स्रोत- ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र की ओर इशारा करते हैं जो राज्य के संरक्षण बिना काम नहीं कर सकता।

पंचम, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए भी एक संदेश है। आतंकवाद को शह-मदद करने वाले पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने में संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं की अक्षमता को लेकर भारत में निराशा है। बेशक,भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय जनमत और कूटनीतिक समर्थन जुटाना अहम है किंतु पाकिस्तान के आतंकवाद का जवाब देने में, भारत के लिए विकल्पों पर निर्णय लेते वक्त अड़चन बनने में ये कारक अहम नहीं रहे। इस बार उकसावे के बावजूद संयम बरतने का आह्वान करने वाली बातों को भारत ने नजरअंदाज किया। तीन दिन चले ऑपरेशन सिंदूर ने नए सैद्धांतिक मानदंड स्थापित किए हैं कि आतंकी ढांचे पर हमला किया जाएगा; कि परमाणु हमले का डर दिखाना छिपकर करतूतें करने वालों को नहीं बचा पाएगा; कि वैश्विक समुदाय की नैतिक दुविधा भारत की संप्रभुता के विकल्पों को नजरअंदाज नहीं कर सकती; कि पाकिस्तानी सेना को जिहादी समूहों के साथ लंबे समय से जारी अपने गठजोड़ के परिणामों का सामना करना होगा। यह स्थिति दक्षिण एशिया को कम स्थिर क्षेत्र बनाती है। यदि पाकिस्तान अब भी आतंकवाद को राज्य नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करने की राह पर बढ़ता रहा, तो उसे भविष्य में कठोर सच्चाई का सामना करना होगा।

**(लेखक थल सेना की उत्तरी कमान में कमांडर रहे हैं।)**

# आत्महंता मीडिया : दांव पर पत्रकारिता की साख

चौथा स्तंभ

अजीत सिंह

भारतीय लोकतंत्र में अघोषित तौर पर पत्रकारिता को चौथा स्तंभ का दर्जा हासिल है। वह स्तंभ जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर निगरानी रखता है; जनता की आवाज को मंच देता है और समाचारों-सूचनाओं को उत्तरदायित्वपूर्ण ढंग से प्रसारित-प्रकाशित करता है। किंतु विडंबना यह है कि आज यही स्तंभ अपनी जड़ों को खोदने में लगा हुआ है।

हाल ही में भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव के दौरान जिस प्रकार की रिपोर्टिंग सामने आई, वह पत्रकारिता के नाम पर एक उपहास से कम नहीं थी। कई चैनलों ने यह दावा किया कि भारतीय सेना ने इस्लामाबाद पर कब्जा कर लिया है, कराची पर हमला बोल दिया गया है, और पाकिस्तान का संपूर्ण ढांचा ध्वस्त हो गया है। दूसरे दिन पता चला कि ये सभी खबरें निराधार, मनगढंत और सफेद झूठ थीं। फिर भी उन्हें पूरे आत्मविश्वास और युद्धोन्माद के साथ परोसा गया।

यह तथ्य अब केवल मीडिया की लापरवाही नहीं बल्कि उस गहरे संकट की ओर इशारा करता है जिसमें भारतीय मीडिया स्वयं को फंसा चुका है। क्या चैनल संचालकों को यह भान नहीं है कि यदि दर्शकों का भरोसा एक बार टूट गया, तो उसे दोबारा पाना संभव नहीं होगा? और यदि यह भान है, तो वे इस प्रकार की आत्महंता प्रवृत्ति का अनुसरण क्यों कर रहे हैं?

दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आज दोहरे संकट से जूझ रहा है- एक ओर सूचना की गति को लेकर व्यामोह, और दूसरी ओर सनसनीखेज प्रस्तुति के दबाव का सम्मोहन। समाचार की पुष्टि, स्रोतों की




> मीडिया केवल एक व्यावसायिक उपक्रम नहीं है। वह लोकतांत्रिक संरचना का एक अभिन्न हिस्सा है। यदि वह स्वयं अपनी साख को नष्ट करता है, तो वह एक प्रकार की आत्मघातक प्रवृत्ति का प्रदर्शन करता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक हो चली है। टीआरपी की होड़, भावनाओं का दोहन और तथ्यों की बलि-इस त्रिकोणीय जकड़ में भारतीय मीडिया अपनी सबसे बड़ी थाती- विश्वसनीयता को ही दांव पर लगा दिया है।

जांच और तथ्यों की जिम्मेदारी जैसे पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धांत अब हाशिए पर जा चुके हैं। बचा है सिर्फ शोर, उत्तेजना और तात्कालिकता का वशीकरण। आत्मविनाश की ओर बढ़ती प्रवृत्ति के कुछ स्पष्ट कारण हैं...

**पहला**, टीआरपी का आतंक- समाचार चैनल दर्शकों की संख्या के आधार पर अपना अस्तित्व तय करता है। जितने दर्शक, उतने विज्ञापन। और जितने विज्ञापन, उतनी आय। इसमें तथ्य गौण हो जाते हैं और 'नाटकीयता' को महत्व मिलता है।

**दूसरा**, राजनीतिक प्रतिबद्धता- अनेक चैनलों की संपादकीय दिशा अब किसी वैचारिक या दलगत निष्ठा से संचालित होती है। पत्रकारिता निष्पक्षता से दूर होकर प्रचार व्यवस्था में तब्दील हो गई है। सत्ता से प्रश्नों को पूछने की बजाय, वह सत्ता के मुखपत्र की भूमिका निभा रही है।

**तीसरा** और सबसे चिंताजनक कारण है- जनता की भावनाओं से खेलना- राष्ट्रवाद, धर्म, सुरक्षा और सांस्कृतिक अस्मिता जैसे मुद्दों को भड़काकर 'भावनात्मक उबाल' पैदा करना अब एक सोची-समझी रणनीति बन चुकी है। भारत-पाक संघर्ष के दौरान की गई फर्जी रिपोर्टिंग इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

यह परिपाटी न केवल पत्रकारिता को गर्त में धकेल रही है, बल्कि नागरिक विवेक को भी क्षीण कर रही है। जब जनता को बार-बार भ्रामक और उत्तेजक सूचनाएँ दी जाती हैं, तो वह लोकतांत्रिक विवेक खो बैठती है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। यहां यह भी स्मरणीय है कि मीडिया केवल एक व्यावसायिक उपक्रम नहीं है। वह लोकतांत्रिक संरचना का एक अभिन्न हिस्सा है। यदि वह स्वयं अपनी साख को नष्ट करता है, तो वह एक प्रकार की आत्मघातक प्रवृत्ति का प्रदर्शन करता है। इस गिरावट को रोकने के लिए केवल आलोचना पर्याप्त नहीं है। हमें कुछ ठोस पहल करनी होंगी-

1- मीडिया स्व-नियमन को प्रभावी बनाया जाए। ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी जैसी संस्थाओं को केवल कागजी नहीं, कठोर अधिकारों से लैस किया जाए। 2- दर्शकों को यह समझना होगा कि हर खबर सत्य नहीं होती, और सत्य के अनेक स्तर होते हैं। विवेकपूर्ण उपभोग ही इस उन्मादी ध्वनि से रक्षा कर सकता है। 3. पत्रकारिता की शिक्षा में नैतिकता को केन्द्रीय स्थान दिया जाए। तथ्य-जांच, स्रोतों की पुष्टि और संपादकीय स्वतंत्रता को फिर से सम्मान मिले। 4. मीडिया प्रबंधन की भूमिका पुनर्परिभाषित हो-समाचार संस्थानों को केवल लाभ की दृष्टि से नहीं, सामाजिक उत्तरदायित्व के परिप्रेक्ष्य को भी केंद्र में रखना होगा।

यदि यह प्रक्रिया नहीं अपनाई गई, तो पत्रकारिता का भविष्य अधोगति को प्राप्त होगा। दर्शक समाचार चैनलों को गंभीर सूचना स्रोत नहीं, बल्कि मनोरंजन चैनल के रूप में देखने लगेंगे। और तब पत्रकारिता की भूमिका लोकतंत्र में समाप्त प्राय हो जाएगी।

अंततः यह केवल मीडिया का संकट नहीं है-यह समाज का संकट है। जब पत्रकारिता आत्मघात करे, तो लोकतंत्र को गंभीर आघात पहुंचता है। अब भी समय है कि हम इस आत्महंता प्रवृत्ति को पहचानें और उससे उबरने के प्रयास करें।

प्रसंगवश

# क्रिकेट के मैदान पर गूंजती कविता के सुर और राग, विराट-रोहित

सचिन श्रीवास्तव

एक युग की सांझ हो चली है। सूर्यास्त में दो छायाएं लंबी हुई हैं—एक दृढ़, तनी हुई, जो हर गेंद को चुनौती की तरह देखती थी। दूसरी, मृदु, लहराती हुई, जैसे संगीत की धुन पर नाचती गेंदें। ये छायाएं विराट कोहली और रोहित शर्मा की हैं – दो नाम नहीं, दो प्रवाह थे भारतीय क्रिकेट की नदी में। गावस्कर की तकनीकी दृढ़ता, सचिन की दिव्यता, गांगुली की आक्रामक कप्तानी, सहवाग की निर्भीकता, अजहर की कलात्मकता और धोनी की चतुराई- ये सभी भारतीय क्रिकेट की विरासत के स्तंभ रहे, लेकिन विराट कोहली और रोहित शर्मा ने इस विरासत को एक नए दौर की पहचान दी। जहां पहले के दिग्गज खिलाड़ी मुख्यतः अपनी शैली या नेतृत्व में विशेष थे, वहीं कोहली और रोहित ने खेल को ब्रांड, भाव और भरोसे का संगम बना दिया। विराट ने फिटनेस को धर्म की तरह अपनाया और भारतीय टीम को एक जुनूनी लड़ाकू दस्ते में बदला, जबकि रोहित ने संयम और विस्फोटकता के बीच संतुलन बनाते हुए क्रिकेट को शुद्ध सौंदर्य और रन मशीन का संगम बना दिया। इन दोनों ने भारतीय क्रिकेट को विश्वास का नया चेहरा दिया, जिसमें जीत की आदत, हार की गहराई, और क्रिकेट की आत्मा समाहित थी।

**विराट कोहली** – एक नाम नहीं, एक आग....। जब वो मैदान पर उतरता, तो जैसे कोई योद्धा रण में उतर रहा हो, आंखों में चुनौती, सीने में ज्वाला।

क्रीज पर उसका खड़ा होना, विरोधी गेंदबाजों के लिए एक मनोवैज्ञानिक युद्ध की शुरुआत था। वह नहीं खेलता था, वह लड़ता था – हर रन उसके आत्मबल का प्रमाण था।

कविता में जैसे हर शब्द का वजन होता है, वैसे ही कोहली के हर स्ट्रोक में उद्देश्य था।

कवर ड्राइव? नहीं, वो तो जैसे सितार की एक मीठी झंकार थी।

रन चुराना? वो मैदान पर बिजली बनकर दौड़ता नहीं, धड़कता था।

विराट की बल्लेबाजी में संघर्ष का सौंदर्य था। 2014 का इंग्लैंड हो या 2018 का ऑस्ट्रेलिया, जब टीम झुकती, वह तनकर खड़ा होता। वह आंकड़ा नहीं था, भावना था...। एक ऐसा खिलाड़ी, जिसने 'क्लास' को 'क्लॉ' से जोड़ा, यानी शुद्ध तकनीक को आदमखोर भूख से।

**रोहित-** शैली का सम्राट.... वो हवा में गंगा की तरह बहता, गेंद को चूमता था। उसे देखकर लगता था, जैसे क्रिकेट कोई शास्त्रीय राग है, जिसे वो आलाप रहा है।




> जब बल्ला गीत गाने लगे, और मैदान कविता लिखने लगे, तो समझो विराट और रोहित क्रीज पर हैं। कविता में जैसे हर शब्द का वजन होता है, वैसे ही कोहली के हर स्ट्रोक में उद्देश्य था। रोहित के शॉर्ट आर्म पुल से लेकर फ्लिक शॉट तक, हर बाउंड्री एक कविता की अंतिम पंक्ति सी लगती।

'हिटमैन' का नाम मिला, लेकिन असल में वह 'सुरों का बल्लेबाज' था। दुबई की शामों में उसकी बल्लेबाजी मंदिर की घंटियों सी गूंजती थी। एक, दो नहीं-तीन दोहरे शतक, और वो भी वनडे में?

यह कल्पना की उड़ान थी, जिसे महान सचिन के बाद रोहित ने नई बुलंदी दी। वह जब छक्का मारता, तो गेंद सिर्फ सीमा रेखा पार नहीं करती थी, दर्शकों के दिलों में उतर जाती।

**दो स्वर, एक राग**

विराट कोहली और रोहित शर्मा – जैसे राग भैरव और राग यमन। एक में तीव्रता, दूसरे में मधुरता।

एक में तेज बारिश, दूसरे में धीमी बूंदाबांदी। जहां विराट जीत को पसीने से सींचता था, वहीं रोहित उसे मुस्कराते हुए चुराने की कला में माहिर था।

इन दोनों ने भारत को गर्व, गर्जना और गौरव दिए।

विराट ने उस समय शतक जड़ा, जब टीम लड़खड़ाने के बाद उसकी ओर देखती थी। रोहित ने तब अपना बल्ला लहराया, जब टीम पर दबाव की छाया दिखाई दी।

इन्होंने संन्यास तो लिया है, लेकिन दिलों से कैसे जाएंगे? क्योंकि कोहली और रोहित अब सिर्फ खिलाड़ी नहीं, भारतीय क्रिकेट की आत्मा के दो सुर बन चुके हैं।

## ।।गीता।।



**श्लोक : विद्या वितर्को विज्ञानं स्मृतिः तत्परता क्रिया। यस्यैते षड्गुणास्तस्य नासाध्यमतिवर्तते ॥**

**भावार्थ**

**विद्या, तर्कशक्ति, विज्ञान, स्मृतिशक्ति, तत्परता, और कार्यशीलता, ये छह जिसके पास हैं, उसके लिए कुछ भी असाध्य नहीं।**

जीवन दर्शन

# हमेशा दुख को आकर्षित करता है मन का 'मैग्नेट'

हमारे मन की एक और विचित्रता है कि हम दुख के लिए जितना चिंतित और उत्सुक रहते हैं, उतना सुख के लिए उत्साहित नहीं। एक बार का अपमान मन को जिंदगी भर याद रहता है, पर सौ बार जो सम्मान मिला उसे भुला देता है। मन का 'मैग्नेट' हमेशा दुख को आकर्षित करता है। क्या इसलिए कि हमें दुख में रस मिलता है? कभी अपने आप से एक प्रश्न करके देखें कि रोशनी की मौजूदगी में जिस उत्साह से चले थे, क्या उतने ही उल्लास से अंधेरी डगर पर चल पाएंगे?

इसमें आप ऐसे कार्य कर सकते हैं जिनसे दूसरों के साथ दयालुता, सहानुभूति और प्यार को बावा मिले। दूसरों के प्रति सच्ची करुणा करने, उनकी मदद करने से गामा तरंगें मस्तिष्क में तेजी से बती हैं। परिवार में आप जिसे सबसे अधिक प्रेम करते हैं, उसकी मुस्कराती हुई तस्वीर को एक मिनट तक लगातार देखें। अगर कोई आपसे अपशब्द बोले, अपमान करे उस समय उनके साथ उलझने के बजाय अच्छी बातों और उस व्यक्ति का ध्यान करें जिसे आप सर्वाधिक प्रेम करते हैं। ऐसा करने से दुख और तनाव हावी नहीं हो पाता। मुंह खोलकर पूरी तरह मुस्कराएं। इन सभी को नियमित करने से खुशी की मात्रा बती जाती है।



हम सभी पर धर्म सत्ता और कर्म सत्ता का शासन चलता है। इसलिए जीवन में सुख और दुख दोनों मिलते ही रहते हैं। हमने जिस चीज का टेंडर भरा है, वही तो हमारे लिए खुलेगा और मिलेगा। जिस सुख की तलाश में हम अथक रूप से भागे-फिरते हैं, उसे पा जाने के बाद भी शांति और सुख कहां? एक नई चिंता शुरू हो जाती है कि वह सुख बना रहे, बचा रहे। फिर उसे बचाने और बनाए रखने में जो दुख उपजता है, वह बढ़ता ही जाता है। महत्वपूर्ण यह भी है कि दुख भी बड़े काम की चीज है। कई बार तो दुखों के ये झंझावात ही महानता और जीवन में विशेष उपलब्धियों का कारण बनते हैं। दुख हमें धर्म की, प्रभु की याद दिलाता है। धर्म की शरण में जाते ही सद्बुद्धि का दरवाजा खुलता है और आनंद की स्वर लहरी गुंजायमान होने लगती है।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ सुनील बने भौतिक चिकित्सक संघ अध्यक्ष

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** भौतिक चिकित्सक कल्याण संघ के 21 पदों पर चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में नई



कार्यकारिणी गठन हुआ। चुनाव में संघ के अध्यक्ष पद पर डॉ सुनील पाण्डेय एक फिर निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष बनने पर संघ के पदाधिकारियों ने डॉ पाण्डेय का सम्मान कर बधाई दी। बता दें कि डॉ सुनील पाण्डेय ने लगातार प्रयास के बाद ही मध्य प्रदेश सरकार के नोटिफिकेशन जारी कर फिजियोथैरेपिस्ट को विधिमान्य चिकित्सक का दर्जा प्राप्त हुआ। डॉ. सुनील पाण्डेय के कार्य काल में संघ के माध्यम से फिजियोथैरेपी चिकित्सा में काफी प्रगति हुई। अध्यक्ष बनने पर डॉ पाण्डेय ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य हर जरूरतमंद मरीजों को समय पर योग्य भौतिक चिकित्सक द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध हो।

### वैभव बने जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष

**भोपाल।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के नए अध्यक्ष के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बेटे वैभव यादव को चुना गया है। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा विगत दिनों माधव क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में वैभव यादव को पदभार सौंपा गया। इस दौरान मध्य प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन और जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजब रहे। वैभव लंबे समय से खेलकूद एवं साहित्यिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं।

### एमपी के तीन आईपीएस अफसर बनेंगे आईजी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** रविवार को केंद्र सरकार ने डीआईजी से महानिरीक्षक (आईजी) और समकक्ष पदों पर नियुक्ति के लिए 65 आईपीएस अधिकारियों के पैनल को मंजूरी दे दी। इन अधिकारियों में से 8 अधिकारी 2003 से 2006 बैच के हैं, जबकि शेष 57 अफसर 2007 बैच के हैं। इन अफसरों में एमपी कैडर के 2007 बैच के अधिकारी सचिन अतुलकर, रुचिका जैन व कृष्णावेणी देसावतु के नाम शामिल हैं।

### बेतवा नदी के संरक्षण के लिए बन रही डीपीआर

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 30 मार्च से चल रहे 'जल गंगा सवर्धन अभियान के तहत कई जलाशयों का जीणोद्धार किया जा रहा है,तो नदियों के संरक्षण के लिए भी पहल की जा रही है। इसी क्रम में बेतवा नदी के संरक्षण के लिए आईआईटी के विशेषज्ञों द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है। जानकारी के अनुसार विदिशा जिले की जीवनदायिनी बेतवा नदी की दीर्घकालिक सुरक्षा एवं पुर्नजीवन जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्धेश्यों की प्राप्ति एवं सतत जल प्रबंधन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। बेतवा नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण के लिए जिला प्रशासन वृहद परियोजना तैयार कर रहा है।

### एम्स में नर्स दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी लगी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** एम्स में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्स सप्ताह समारोह पर विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में नर्सिंग पेशेवरों और छात्रों द्वारा वैज्ञानिक शोध, अकादमिक गैलरी और शैक्षणिक पोस्टर प्रस्तुत किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मरीजों की देखभाल और नर्सिंग प्रथाओं को उन्नत बनाने के लिए नवाचारी विचारों एवं शोध गतिविधियों को साझा करना था। प्रदर्शनी का मूल्यांकन एम्स भोपाल के तीन वरिष्ठ संकाय सदस्यों प्रो. डॉ. विजेंदर सिंह (मनोरोग विभाग), प्रो. डॉ. अजय हलदर (प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग) और प्रो. डॉ. रेखा लालवानी (शरीर रचना विभाग) द्वारा किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी को गांवों तक पहुंचाएगी भाजपा

## भोपाल में जल्द आयोजित की जाएगी बैठक, अभियान के लिए सीएम-मंत्री और भाजपा नेताओं को मिलेगी जिम्मेदारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। भाजपा इसे अभियान के तौर पर लेगी, जिसमें प्रदेश से लेकर ब्लाक स्तर के पदाधिकारी घर-घर जाकर देश को मिली सफलता के बारे में लोगों को बताएंगे। अभियान में राज्य सरकार भी अपने स्तर पर सक्रिय होगी।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में पनाह लिए आतंकियों के खिलाफ सेना को ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत सीजफायर को लेकर जिस तरह से केन्द्र सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर आई है, उससे उबरने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि सिंदूर में मिली सफलता के बारे में हर नागरिकों को अवगत कराया जाए और उन्हें बताया जाए कि केन्द्र सरकार की किस तरह की रणनीति के चलते पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े। जानकारों की मानें तो जल्द ही भोपाल में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। उनकी सरकार के मंत्रियों के साथ भी बैठक होगी, जिसमें बताया जाएगा कि किस तरह से ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी की जानकारी जन-जन तक पहुंचानी है। कौन राष्ट्रीय महामंत्री भोपाल आएगे, फिलहाल तय नहीं है, लेकिन एक दो दिन में राष्ट्रीय महामंत्री के बारे में निर्णय ले लिया जाएगा।

### निचले स्तर तक होंगी बैठकें

भोपाल में राष्ट्रीय महामंत्री की बैठक के उपरांत प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा संभागीय और जिला मुख्यालय स्तर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष स्तर के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जिन्हें यह बताया जाएगा कि किस तरह से उन्हें गांव-गांव, नगरों और जिला मुख्यालयों में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी बतानी होगी। इस कार्य में भाजयुमो और महिला मोर्चा की भी सहभागिता होगी।

### नाटक मंडलियां भी उतरेंगी मैदान पर

जानकारों की मानें तो ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी लघु फिल्म और नुक्कड़ नाटकों का गांव-गांव में प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें किस तरह से भारतीय सेना ने दुश्मन के घर में घुसकर उन्हें मात दी है, इसमें सरकार के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किस तरह की रणनीति बनाई है, जिससे पाकिस्तान को बैकफुट पर आना पड़ा।



### प्रभारी मंत्री भी होंगे सक्रिय

जानकारों की मानें तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी अपने प्रवास के दौरान भारतीय सेना के शौर्य का बखान करेंगे, तो जिलों के दौरे के दौरान प्रभारी मंत्री भी ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बारे में आम जनता को बताएंगे। इसके लिए उनके द्वारा अलग से जनसभाएं व समाजिक संगठनों की बैठकों में भाग लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैबिनेट की बैठक में भी इस मामले में मंत्रियों से चर्चा करेंगे। इस अभियान के जरिए यह बताने की कोशिश की जाएगी कि देश की आजादी के इतिहास में पहली बार सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर उन्हें तबाह किया है।

### पूरे प्रदेश में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

इस अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश सहित पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकालेगी। यह यात्रा 13 से 23 मई तक निकाली जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा ने संबित पात्रा,विनोद तावड़े,तरुण चुघ और अन्य वरिष्ठ नेता अभियान के लिए समन्वय करेंगे। प्रदेश में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री यात्राओं का नेतृत्व करेंगे।

### विपक्ष की आपत्ति पर भी कटाक्ष करेंगे नेता

बताया गया है कि भाजपा की इस मुहिम के दौरान नेता विपक्षी दलों द्वारा सीजफायर पर उठाए जा रहे सवाल का भी जवाब देंगे। बैठकों में बताया जाएगा कि अमेरिका ने इस मामले में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं किया है। अलबत्ता पाकिस्तान में जब भारी नुकसान हुआ, तो उनके लोगों ने भारत से आग्रह किया, तब जाकर सीजफायर पर सहमति हुई है। इसके लिए भाजपा रणनीति के तहत आगामी दिनों में अपने कार्यक्रम भी तय कर सकती है।

### संघ भी चलाएगा मुहिम

जानकारों की मानें तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा भी ऑपरेशन सिंदूर के बारे में आम जनता को बताया जाएगा। संघ से जुड़े दूसरे संगठन भी इस मामले में गांव-गांव तक मुहिम चलाकर लोगों को बताएंगे कि किस तरह से हमारी सेना ने पराक्रम के जरिए पाकिस्तान की सेना को शिकस्त दी है और वहां पनपे आतंकियों को मार गिराया है। कारगिल युद्ध में मिली सफलता और एयर स्ट्राइक के बारे में भी लोगों को बताया जाएगा।

# बीएसएफ की वर्दी में हेडक्वार्टर के पास घूमता संदिग्ध युवक पकड़ाया

**जागरण, ग्वालियर।** शहर के बिलौआ थाना क्षेत्र में बीएसएफ टेकनपुर हेडक्वार्टर के पास पुलिस ने रविवार देर रात एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। युवक मकोड़ा गांव के पास बीएसएफ की हवलदार रैंक की वर्दी पहनकर घूम रहा था। पुलिस ने उसे रोककर पहचान पत्र मांगा तो वह घबरा गया और कोई वैध आईडी नहीं दिखा सका, उसके पास एक बैग मिला। युवक की पहचान



उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के रहने वाले राहुल पुत्र मलखान सिंह जाटव के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि उसका बड़ा भाई बीएसएफ में है, लेकिन जब पुलिस ने भाई का नाम पूछा तो वह नहीं बता सका। बाद में जांच में सामने आया कि उसका कोई भाई बीएसएफ में नहीं है। राहुल बीएसएफ की भर्ती में फेल हो गया था, लेकिन घरवालों से कहा कि उसका चयन हो गया है। घरवालों को दिखाने के लिए वह वर्दी पहनता था।

**सख्ती से पूछताछ हुई तो उगला सच :** पुलिस को सूचना मिली कि मकोड़ा क्षेत्र में बीएसएफ की वर्दी में एक युवक संदिग्ध रूप से घूम रहा है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को रोका और पूछताछ की। वह पहले खुद को बीएसएफ जवान बताता रहा था, लेकिन जैसे-जैसे सवाल बढ़े, वह घबराया और सच उगल दिया।

### बैग से दो जोड़ी सिविल व एक बीएसएफ की वर्दी मिली

पुलिस को आरोपी राहुल के बैग से दो जोड़ी सिविल ड्रेस, एक बीएसएफ की वर्दी मिली है। वर्दी को जब्त कर लिया है। हालांकि, उसके पास से कोई हथियार या जासूसी उपकरण नहीं मिला है। वैसे पुलिस को लगता है कि मामला इतना साधारण नहीं है। युवक बीएसएफ हेडक्वार्टर के पास वर्दी में घूम रहा था, जो सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। जांच की जा रही है कि कहीं वह किसी और मकसद से तो नहीं आया था। पुलिस इस बात का पता भी लगा रही है कि युवक को यह वर्दी और बैग कहां से मिले, क्योंकि बीएसएफ और टेकनपुर जैसे हाई सिक्योरिटी जोन में बिना अधिकृत आईडी वर्दी मिलना संभव नहीं है।

### राम पर टिप्पणी, राहुल के खिलाफ शिकायत

**वाराणसी, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ वाराणसी में आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है। यह शिकायत अमेरिका दौरे के दौरान दिए गए उस कथित बयान को लेकर की गई है, जिसमें उन्होंने भगवान राम को 'पौराणिक व्यक्ति' कहा था। शिकायत एडवोकेट हरिशंकर पांडे द्वारा एसीजेएम (एमपी/एमएलए) कोर्ट में दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी सनातन धर्म के प्रतीकों, अवतारों और मान्यताओं के खिलाफ 'बेतुके और आपत्तिजनक' बयान देते रहे हैं। यह बयान न केवल हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह घृणास्पद भाषण की श्रेणी में है। राहुल गांधी और उनकी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस बार-बार ऐसे बयानों से लोगों की भावनाएं आहत करते हैं और ये 'आदतन अपराधी' बन गए हैं। इसमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीर सावरकर के खिलाफ की गई उनकी टिप्पणी पर की गई मौखिक टिप्पणी का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें शीर्ष अदालत ने गांधी को फटकार लगाई थी।

# विदेश में नौकरी के नाम पर बना रहे साइबर गुलाम, शिकायतों के बाद पुलिस अलर्ट

## धोखेबाजों से बचाव के लिए साइबर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** विदेश में खासतौर पर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में आकर्षक पैकेज पर नौकरियों के नाम पर युवाओं को साइबर ठग नए तरीके से जाल में फंसा रहे हैं। इन युवाओं को भारी-भरकम वेतन देने का लालच देकर विदेश में बंधक बनाकर गुलामों की तरह से काम कराया जा रहा है। यह साइबर गुलामी शोषण का एक नया जरिया है जिसमें देश के युवाओं को विदेश में अवैध रूप से ले जाकर उन्हें साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जाता है। इस तरह के कई मामले सामने आने के बाद अब प्रदेश की साइबर पुलिस ने आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी की है।

**इस तरह करते हैं धोखाधड़ी:** विदेश में नौकरी और अधिक कमाई की चाहत रखने वाले युवाओं को फंसाने इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड माफिया सक्रिय है। इन युवाओं द्वारा जैसे ही जॉब साइट्स व सोशल मीडिया पर नौकरी के लिए अपना बायोडाटा अपलोड करते हैं, वैसे ही साइबर फ्रॉड से जुड़े लोग उन्हें साइबर गुलाम बनाने की स्क्रीनिंग में जुट जाते हैं। इन युवाओं से ये धोखेबाज वॉट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया के जरिए संपर्क करते हैं। इसके बाद वे उन्हें विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर थाईलैंड, म्यांमार और आसपास के देशों में बुला लेते हैं। इन युवाओं के यहां आते ही पासपोर्ट और दस्तावेज छीन लेते हैं और उन्हें किसी भी तरह से अपने देश और परिजनों को फोन तक नहीं करने दिया जाता। इसके बाद इन युवाओं को धमकाकर उनकी नकली सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाई जाती है।

### फ्रॉड से बचाव के लिए इन सलाहों पर करें अमल

- अमल किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनजान माध्यम से आए विदेश में नौकरी के प्रस्ताव स्वीकार नहीं करें।
- किसी भी नौकरी के सत्यापन के लिए संबंधित देश के भारतीय दूतावास से परामर्श करें। नौकरी के लिए विदेश जाने की जल्दबाजी न करें।
- नौकरी ज्वाइन करने से पहले उस देश में स्थित भारतीय दूतावास के जरिए विदेशियों को नौकरी देने वाली कंपनियों की जांच करें।
- विदेश में किसी भी नौकरी की पेशकश को स्वीकार करने से पहले एजेंट्स के साथ-साथ कंपनियों के पिछले रिकॉर्ड की भी छानबीन करें।
- इस तरह के संदिग्ध मेल या संदेशों की जानकारी अपने नजदीकी पुलिस थान और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल दी जाए।

# अटल जी ने मध्यस्थता स्वीकार नहीं की थी: जीतू

**विसं भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि उनकी पार्टी आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ सरकार के साथ है। लेकिन जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रीय डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर सरकार मध्यस्थता को स्वीकार करती है, तो इस देश देख रहा है। पटवारी ने कहा कि पूरा देश और कांग्रेस पार्टी सेना के शौर्य को सिर आंखों पर लेता है। पाकिस्तान ने जिस तरह से आमजनता पर निशाना साधा, उसे सेना ने बड़े ही साहस से नष्ट कर दिया, यह हम सबको गर्व महसूस कराता है। कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट संदेश था कि पार्टी इस मामले में सरकार के हर निर्णय पर साथ है। लेकिन देश का हर नागरिक जो आस लगाए बैठा था कि वो पाकिस्तान जिसकी न तो राजनीतिक हैसियत बची और न ही सामरिक चिंता,जो दुनिया के रहमो-करम पर है,उसका इलाज करो,उसे इस हद तक ले जाओ कि वह फिर से सिर ने उठा पाए,लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पीएम मोदी जो भाषण देते थे कि एक के बदले 10 सिर लाएंगे। लाहौर तक



घुस जाएंगे। पीओके को भारत में मिलाएंगे। चीन को भी लाल आंख दिखाएंगे।लेकिन ऐसा क्यों नहीं हुआ। जीतू ने कहा कि जिसकी कोई हैसियत नहीं है,उससे बैठकर बात करें। ट्रंप के जो संदेश है कि मध्यस्थता करो। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री के पद पर मनमोहन सिंह रहे हो या अटलबिहारी वाजपेयी उन्होंने कभी भी मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है। अगर प्रधानमंत्री और उनकी सरकार ऐसा सोचती है,तो देश उन्हें देख और समक्ष रही है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस अब भी विदेश नीति के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकवादी घटना के खिलाफ सरकार के साथ है।

# बीबीए-बीसीए में कठिन होगा 5 फीसदी एनआरआई सीटों पर प्रवेश

## इस बार तकनीकी शिक्षा विभाग कराएगा प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे के कालेजों में बीसीए, बीबीए , बीएमएस और बीबीएम में तकनीकी शिक्षा विभाग प्रवेश कराएगा। नियमावली विभाग ने जारी कर दी है। कोर्स की एनआरआई की पांच फीसदी सीटों पर प्रवेश देना काफी मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि कालेजों में अभी तक स्पांसरशिप के तहत प्रवेश दिए जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब एनआरआई सीटों पर एआईसीटीई (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद) के तहत तैयार की कई परिभाषा के तहत ही प्रवेश दिए जाएंगे। इससे उक्त सीटों पर प्रवेश देने विभाग को खासी मशक्कत करना होगी। एआईसीटीई ने बीबीए और बीसीए के साथ बीएमएस और बीबीएम के प्रवेश पर अपना अधिकार जमा लिया है। उक्त दोनों कोर्स में प्रवेश देने निजी और सरकारी कालेजों को एआईसीटीई से मान्यता लेना अनिवार्य हो गया है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने उच्च शिक्षा विभाग के नियमों को दरकिनार करते हुए एआईसीटीई के तहत अपने नियम तैयार कर गाइडलाइन जारी कर दी है। इसके तहत बीबीए और बीसीए में एनआरआई की पांच फीसदी सीटों पर एआईसीटीई द्वारा जारी एनआरआई के लिए तैयार की गई गाइडलाइन के तहत ही प्रवेश दिए जाएंगे। इसमें एनआरआई को आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) की धारा 115-ग के खंड (ड) के दायरे में आना होगा। इसके अभाव में विद्यार्थी एनआरआई कोटे की पांच फीसदी सीटों पर प्रवेश नहीं ले पाएगा। विभाग पांच फीसदी सीटों के लिए पृथक से काउंसलिंग कराएगा। जबकि उच्च शिक्षा विभाग अपनी काउंसलिंग किसी एनआरआई द्वारा पांच फीसदी कोटे पर स्पांसरशिप देने पर प्रवेश दे दिया जाता था। कोई एनआरआई नहीं मिलने की दशा में सीट को सामान्य पूल की सीटों में मर्ज कर सामान्य कोटे में विद्यार्थियों को प्रवेश देने की व्यवस्था थी। अभी तक सूबे के करीब 300 बीबीए और 200 बीसीए कालेज अपनी स्थानीय विश्वविद्यालयों से संबद्धता लेकर कोर्स को संचालन कर रहे थे।



### डीटीई को मिली प्रवेश की जिम्मेदारी

उच्च शिक्षा विभाग काउंसलिंग के माध्यम से प्रदेश के 500 कालेज में चल रहे बीसीए और बीबीए की पचास हजार सीटों पर कराता था। आगामी सत्र 2025-26 में तकनीकी शिक्षा विभाग उक्त कोर्स के साथ बीबीएम और बीएसएम की सीटों पर भी काउंसलिंग कर प्रवेश देगा। इससे जहां उच्च शिक्षा विभाग का भार कम हो जाएगा। वहीं तकनीकी शिक्षा विभाग का दायरा बढ़ जाएगा। सूबे के एक दर्जन विश्वविद्यालय में सबसे ज्यादा भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास बीबीए 77 कालेज की 5110 और बीसीए 61 कालेज की 2500 सीटें मौजूद हैं।

**प्रदेश के कॉलेजों में सीटों की स्थिति**

| विवि | बीबीए | सीट | बीसीए | सीट |
|---|---|---|---|---|
| बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल | 77 | 7110 | 61 | 4500 |
| देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर | 69 | 11662 | 35 | 3660 |
| विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन | 35 | 3850 | 21 | 1560 |
| अवधेश प्रताप सिंह विवि रीवा | 36 | 4150 | 34 | 3500 |
| रानी दुर्गावति विवि जबलपुर | 21 | 3200 | 14 | 1200 |
| जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर | 14 | 1100 | 10 | 730 |
| क्रांतिसूर्य टंट्या भील विवि खरगौन | 13 | 1200 | 04 | 300 |
| क्रांतिवीर तात्या टोपे विवि गुना | 3 | 210 | 00 | 00 |
| महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विवि छतरपुर | 2 | 130 | 01 | 80 |
| पं. शंभूनाथ शुक्ला विवि शहडोल | 5 | 400 | 01 | 60 |
| शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाडा | 3 | 300 | 03 | 180 |
| रानी अवंतिबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर | 4 | 250 | 05 | 145 |

**समीक्षा** | मुख्य देव-स्थानों को जल्द ही देवलोक के रूप में विकसित करने की कार्य योजना बनेगी

# सिंहस्थ मेले में सुरक्षा के लिए सेना होगी तैनात: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में सुरक्षा की दृष्टि से सेना भी मौजूद रहेगी। सभी मुख्य देव-स्थानों को जल्द ही देवलोक के रूप में विकसित करने की कार्य योजना बनाई जाएगी। उज्जैन में न्यायपालिका द्वारा भी न्यायिक संस्था शुरू की जाएगी। इसके लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने सोमवार को मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज निर्माण की समीक्षा के दौरान यह बात कही। उन्होंने अधिकारियों से सहा कि श्रद्धलुओं को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए उज्जैन जिले को मेडिकल टूरिज्म का हब बनाने की दिशा में काम किया जाए। इसके लिए योगा, वेलनेस, नेचुरोपैथी, एलोपैथी और आयुर्वेद के केंद्रों के साथ मेडिकल डिवाइस उद्योग, फार्मा कंपनियों और मेडिकल रिसर्च संस्थाओं को साथ लेकर एकीकृत कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि मालवा क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक आधारभूत




सुविधाओं का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सभी सिंहस्थ कार्यों की मॉनिटरिंग आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल कर करें, जिससे कार्य की भौतिक प्रगति के साथ कार्य की गुणवत्ता का आंकलन भी हो सके। सिंहस्थ-2028 अंतर्गत रेलवे से समन्वय बनाकर शासन के सभी आवश्यक विभाग इंटीग्रेटेड कार्य योजना बनाए, जिससे श्रद्धालुओं का आवागमन सुव्यवस्थित रूप से हो सके। उन्होंने केंद्रीय मदद की आवश्यकता होने पर केन्द्र सरकार संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्यों की सूची बनाने के निर्देश दिए।

### गंगा दशहरा पर बड़ा आयोजन आएंगे रामदेव

मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले महीने 5 जून को गंगा दशहरा के दिन उज्जैन में बड़ा आयोजन किया जाएगा,जिसमें बाबा रामदेव भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बाबा रामदेव उज्जैन में वेलनेस सेंटर बनाएंगे।

### पीएम ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत की नीति का किया उद्घोष

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को संबोधित करते हुए भारत की आतंकवाद के विरुद्ध नीति का उद्घोष किया है। भारत ने आपरेशन सिंदूर सिर्फ स्थगित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। यह एक वाक्य भारत का संदेश समझने के लिए काफी है। प्रधानमंत्री के राष्ट्र को संबोधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सीएम ने कहा कि भारत ने पहलगाम की घटना में जिन विधवाओं का सिंदूर उज?ा उसका हिसाब पाकिस्तान से चुकता करने का कार्य किया है। मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत अर्थ व्यवस्था बना है साथ ही राष्ट्रवासियों ने धारा 370 को समाप्त होते देखा है। राष्ट्रहित से जुड़ा ऐसे कठिन निर्णय प्रधानमंत्री ने लिए हैं जिनकी कल्पना नहीं की जा सकती। डॉ.यादव ने कहा कि जो मार भारत ने पाकिस्तान पर मिसाइलों से की उससे कहीं अधिक मार प्रधानमंत्री के शब्दों से हुई है और इस संबोधन ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सेना अध्यक्ष सहित अन्य दुश्मनों की जमीन खिसका दी है। डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया बदलते दौर का भारत देख रही है।

## पृष्ठ एक के शेष

### 3.10 लाख विद्यार्थियों ..

बेहतर है। 12वीं लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.64 रहा, जबकि लड़कों का 85.70 प्रतिशत। विशेष उल्लेख ट्रांसजेंडर छात्रों का है, जिनकी सफलता दर 100 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल यह 50 प्रतिशत थी।

### 6 वर्ष के निचले स्तर...

वहीं, फरवरी से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक का मानना है कि अगर महंगाई दर 4 फीसदी से नीचे बनी रहती है, तो ब्याज दरें घटाना आसान हो जाएगा। इस साल अब तक रिजर्व बैंक अब तक दो बार ब्याज दर में कटौती कर चुका है। इसके अलावा अब आगे भी कटौती की उम्मीद बढ़ गई है।

### मप्र कैबिनेट: जंगली हाथी ....

क्षेत्रों के बाहर जंगली हाथियों की सुरक्षा, रहवास प्रबंधन तथा विकास के लिए काम किया जाएगा। जंगली हाथियों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। वन्य-प्राणियों के रेस्क्यू और पुनर्वास के लिए कार्य किया जाएगा। इसके लिए ग्रामीणों, वन विभाग और अन्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। विभिन्न प्रकार का फेंसिंग कार्य किया जाएगा, जिसमें सोलर फेंसिंग भी शामिल है। निगरानी और ट्रेकिंग कार्य के लिए पेट्रोलिंग वाहन और रेडियो कॉलर क्रय किए जाएंगे। साथ ही हाथी मित्र दल का गठन किया जाएगा, जो ग्रामीणों को बताएगे कि हाथियों के साथ ऐसा कुछ नहीं करें, जिससे हाथी उत्तेजित हो, क्योंकि उत्तेजित हाथी या दूसरे जानवर ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।

### मंत्री विजय शाह ने कर्नल...

में शाह द्वारा दिए गए भाषण का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें उन्हें यह कहते सुना जा रहा है कि उन्होंने (आतंकियों ने) कपड़े उतार-उतारकर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा। अब मोदी जी कपड़े तो नहीं उतार सकते, इसलिए उनके समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। देश के मान-सम्मान और हमारी बहनों के सुहाग का बदला तुम्हारी जाति, समाज की बहनों को पाकिस्तान भेजकर ले सकते हैं। **दिल्ली नाराज, खतरे में पड़ सकती है कुर्सी :** विजय शाह के इस बयान से केन्द्रीय नेतृत्व नाराज है। बताया गया है कि इस संबंध में प्रदेश संगठन से एक दो दिन में रिपोर्ट मांगी गई है। अगर मामले ने तूल पकड़ा, तो शाह की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। हालांकि पार्टी का एक गुट उन्हें बचाने में लग गया है और केन्द्रीय नेताओं को शाह के बयान का भाव बताने का प्रयास किया जा रहा है।

### तीन बेटियों को जहर ....

अहिरवाल ने बताया कि वह हरियाणा के बिमानी जिले के बिडोला गांव में उसकी ससुराल है। 5 मई को भाई की शादी थी, इसलिए तीनों बेटियों के मुहरई आए थे। पति ने बारात के दिन शराब पीकर झगड़ा किया, इसलिए उन्हें बारात में नहीं जाने दिया। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे रोज की तरह बेटियों को लेकर बाजार में समोसा खिलाने पड़ोसी गजेंद्र की बाइक लेकर गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 को बिहार में राहुल देखेंगे फिल्म 'फुले'

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 15 मई को बिहार दौरे पर आएंगे। पटना और दरभंगा दोनों जगहों पर उनका अलग-अलग कार्यक्रम तय किया गया है। राहुल पटना में ओबीसी समाज के विचारक ज्योतिराव फुले पर बनी फिल्म 'फुले' देखेंगे। इस दौरान सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि और दलित वर्ग के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। कांग्रेस इस पहल को दलित वोट बैंक को साधने की रणनीति के तौर पर देख रही है। इससे पहले पार्टी ने राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर इरादे स्पष्ट कर दिए थे। पटना के कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी दरभंगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वो जनता से सीधे संवाद करेंगे। इस जनसभा के जरिए राहुल गांधी राज्य की आम जनता से सीधे संवाद करेंगे और कांग्रेस पार्टी की चुनावी प्राथमिकताओं, मुद्दों और विजन को साझा करेंगे।

### ट्रेलर-ट्रक की टक्कर में 13 की मौत, 12 घायल

**रायपुर।** जिले के रायपुर-बलोदाबाजार मार्ग पर सारागांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और ट्रेलर ट्रक के बीच टक्कर होने से नौ महिलाओं और चार बच्चों समेत कम से कम 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और बारह अन्य घायल हो गए। रायपुर एसएपी किरण राठौर के अनुसार चटौद गांव का एक परिवार बंसरी गांव में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने गया था। लौटते समय खरोरा थाना क्षेत्र के सारागांव के पास जिस ट्रक में वे यात्रा कर रहे थे, उसकी टक्कर एक ट्रेलर से हो गई। सूचना मिलने पर रायपुर पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त लोगों को बचाया। घायलों को खरोरा के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस को संदेह है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई। रायपुर के जिला कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

### चिनाब: सलाल डैम का एक और गेट खोला

**जम्मू।** भारत ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में चिनाब नदी पर सलाल डैम का और एक गेट खोला गया है। इससे पहले बगलिहार बांध के कई गेट खोल दिए गए थे। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने सबसे पहले पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता को सस्पेंड किया था। इसके बाद भारत ने चिनाब नदी के पानी को रोक दिया था। इसमें पहले बगलिहार डैम और फिर सलाल डैम को बंद कर पानी रोका गया था। हालांकि, जम्मू-कश्मीर में बीते दिनों आई बारिश के बाद डैम का जलस्तर बढ़ गया था। इसके बाद रामबन में चिनाब नदी पर बने बगलिहार हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट बांध के दो गेट खोले गए थे। इसके अलावा चिनाब नदी पर ही बने रियासी के सलाल बांध के भी तीन गेट खोल दिए गए थे। पहलगाम अटैक के बाद से भारत ने सबसे पहले सिंधु नदी पर बने बांध को बंद कर दिया था।

### हमास ने अंतिम अमेरिकी इजरायली बंधक को छोड़ा

**दीर अल बलाह।** हमास ने अंतिम अमेरिकी-इजरायली बंधक एडन अलेक्जेंडर को रिहा कर दिया है। वह रेडक्रास के माध्यम से इजरायल लौट गए हैं। इजरायली सेना ने इसकी पुष्टि भी कर दी है। अलेक्जेंडर को 19 महीने पहले एक इजरायली मिलिट्री कैंप से अगवा किया गया था। उन्हें गाजा में गुप्त ठिकानों पर रखा गया। हमास ने इससे पहले कहा था कि वह एक अमेरिकी इजराइली नागरिक को सोमवार को रिहा कर सकता है। यह अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के लिए एक सद्भावना संकेत है, जो युद्धरत पक्षों के बीच एक नए युद्धविराम की नींव रख सकता है। इजराइली सैनिक एलेक्जेंडर को 7 अक्टूबर 2023 को हमास के सीमापार हमले के दौरान दक्षिण इजराइल में उनके सैन्य अड्डे से बंधक बनाया गया था। इस हमले के बाद ही गाजा में युद्ध छिड़ गया था।

---

पाकिस्तान को धूल में मिलाने का मौका खोने के सवाल पर पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे बोले

# युद्ध फिल्मों जैसा नहीं, भारत ने सैन्य कार्रवाई रोकी है, सीजफायर नहीं

**पुणे, जेएनएन।** पाकिस्तान और भारत के बीच सीजफायर पर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने बड़ा बयान दिया है। पुणे के इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के डायमंड जुबली समारोह में उन्होंने कहा, यह सैन्य कार्रवाई को रोकने का ऐलान है, सीजफायर नहीं। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि आगे या हफ्तों में क्या होता है। जनरल नरवणे ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को एलओसी पर गलत हरकतें करने से रोकने का कड़ा संदेश दिया है। अगर पाकिस्तान हरकतों से बाज नहीं आता है, तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, युद्ध बॉलीवुड फिल्मों जैसा नहीं होता, यह एक गंभीर मामला है।

पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने भारत-पाक के बीच हुए समझौते के बाद आगे की स्थिति पर भी बात की। जनरल नरवणे ने कहा, पिछले हफ्ते हालात बहुत तनावपूर्ण थे, इसकी शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर से हुई। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी कैंपों और उनके ठिकानों पर हमला किया। इसके बाद चार दिनों तक जमीन और आसमान में जोरदार लड़ाई हुई। आखिर में सैन्य कार्रवाई रोकने का ऐलान किया गया। उन्होंने कहा कि युद्ध में बच्चे माता-पिता को खो देते हैं। कभी-कभी बच्चे अंधाधुंध गोलाबारी का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि युद्ध पीढ़ियों तक लोगों को डरा सकता है। पूर्व सेना प्रमुख ने कहा, युद्ध के दौरान कूटनीति बहुत जरूरी है। भारत ने पाक के खिलाफ पूरी तरह से युद्ध क्यों नहीं किया? जवाब में उन्होंने कहा,युद्ध उनकी पहली पसंद नहीं होगी। कूटनीति को पहला तरीका होना चाहिए। एक सैनिक के तौर पर, अगर आदेश दिया गया, तो मैं युद्ध में जाऊंगा, लेकिन यह मेरी पहली पसंद नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा,झगड़े से बचने के लिए रक्षा और सेना में निवेश करना जरूरी है।



### डिफेंस पर खर्च कभी बेकार नहीं जाता

जनरल नरवणे ने कहा कि युद्ध एक महंगा सौदा है, जिसमें लाखों डॉलर के सैन्य उपकरण बर्बाद हो जाते हैं। युद्ध के बाद फिर से सब कुछ बनाने में बहुत पैसा खर्च होता है। यह एक बड़ा आर्थिक बोझ होता है। उन्होंने कहा कि डिफेंस पर किया गया खर्च बेकार नहीं है। यह देश के लिए एक जरूरी इंश्योरेंस है। एक अच्छी तरह से तैयार सेना झगड़े से बचने में मदद करती है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देती है।

### बंकर में छिप गए थे पाक आर्मी चीफ मुनीर



● सीजफायर होने के बाद सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचे, अभी भी निकलने से डर रहे

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** भारत के हमलों के दौरान पाक आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर को बंकर में छिपना पड़ा। 10 मई को रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर भारत ने हवाई हमले किए थे। इस दौरान मुनीर को दो से तीन घंटे तक बंकर में छिपे रहना पड़ा। सीजफायर होने के बाद अब उन्हें एक सुरक्षित घर में ले जाया गया है। भारत-पाक में सीजफायर होने के बाद भी पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर बाहर नहीं आ रहे हैं। एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। भारत और पाक में 4 दिन (6 से 10 मई) तक जबरदस्त सैन्य संघर्ष देखने को मिला। भारत की ओर से आतंकी ठिकानों पर हमलों के बाद पाक ने भारत में ड्रोन का झुंड भेजा था,इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों का जवाब देते हुए कई एयरबेस पर हवाई हमले किए थे। इनमें सबसे अहम रावलपिंडी का नूर खान एयरबेस पर हमला था। इसी बेस पर हमले ने मुनीर को डरा दिया था।

**पाकिस्तान के लिए खास है नूर खान बेस:** नूर खान एयरबेस रावलपिंडी में है। यह पाक के सबसे मजबूत सैन्य ठिकानों में से एक है। यहां पर ना सिर्फ सबसे शक्तिशाली हवाई उपकरण हैं, बल्कि उनकी सुरक्षा में चीनी एयर डिफेंस सिस्टम भी तैनात हैं। पाक के अधिकतर वीआईपी यहीं से उड़ान भरते हैं। यहां पाक वायुसेना के एयर मोबिलिटी कमांड का मुख्यालय भी है। ऐसे में जब भारत का हमला हुआ तो असीम मुनीर यहां फंस गए और बंकर में छुपकर जान बचानी पड़ी। भारत के हमले के बाद जो सैटेलाइट तस्वीरें आई हैं, उनमें दिख रहा है कि नूर खान एयरबेस को काफी नुकसान हुआ है।

---

# 'फर्जी' दिखाना चाहता था चीन सैटलाइट तस्वीर से खोली पोल

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी ढांचों को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। हवाई हमलों में दर्जनों पाक वायुसेना के ठिकानें ध्वस्त हुए हैं। इनमें रावलपिंडी स्थित रहीमयार खान एयरबेस से लेकर मुरीदके एयरबेस तक शामिल है। हालांकि, पाक इसे स्वीकार करने के बजाए, चीन के साथ प्रॉपेगैंडा फैलाने में जुटा है, लेकिन चीनी स्पेस कंपनी की सैटेलाइट तस्वीरों ने पाकिस्तान के झूठ की पोल खोलकर रख दी है। पाकिस्तानी सेना ने कहा, उसके वायुसेना के अड्डों पर भारतीय हमलों में कुछ इंफ्रास्ट्रक्चर व एक विमान को आंशिक क्षति हुई है, जो जल्द ऑपरेशनल हो जाएगा। इस पर ओपनसोर्स इंटेलिजेंस @detresfa ने एक्स पर लिखा, 'चीनी फर्म द्वारा जारी की गई तस्वीरों से भारत के आदमपुर एयरबेस के भीतर एक संरचना में नुकसान का पता चलता है, यह वह जगह है, जिसे पाकिस्तान ने निशाना बनाया है, हालांकि, जब पुरानी तस्वीरों के साथ क्रॉस-रेफरेंस किया जाता है, तो नुकसान मौजूदा घटनाओं से पहले का होता है और मार्च 2025 में भी दिखाई देता है।

### ऑस्ट्रेलियन मीडिया

#### 'नकल के लिए भी अक्ल चाहिए', पाक की हो रही जग हंसाई

**नई दिल्ली।** सीजफायर पर सहमति के बाद पाक की फजीहत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है, उसके कर्म ही ऐसे हैं कि पूरी दुनिया में जगहंसाई हो रही है। ऑस्ट्रेलिया के मीडिया-स्काई न्यूज ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान का मजाक उड़ाया है। उसने यूट्यूब पर डाले वीडियो रिपोर्ट में कहा कि भारत की तीनों सेना के प्रेस कॉन्फ्रेंस की नकल करते हुए पाक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस तो कर ली, लेकिन उसकी तरह सबूत और विजुअल से अपने दावों को साबित नहीं कर सका। स्काई न्यूज ने फिर उन ट्वीट को दिखाया, जिसमें लोग पाकिस्तान के प्रेस कॉन्फ्रेंस की आलोचना कर रहे थे। उनका कहना था कि नकल में भी अक्ल चाहिए, जो पाकिस्तान की तरफ से नहीं दिखाया गया।

---

# कश्मीर पर ट्रंप की मध्यस्थता को लेकर कांग्रेस ने मांगा स्पष्टीकरण

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र से यह स्पष्ट करने का आग्रह किया कि क्या वह कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए तैयार है और उसने साथ ही सचेत किया कि इस तरह का रुख शिमला समझौते का उल्लंघन हो सकता है। कांग्रेस ने डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रोजाना दिए जा रहे इन बयानों का जिक्र किया,जिनमें दावा किया गया है कि ट्रंप इस मामले में हस्तक्षेप कर रहे हैं। कांग्रेस ने कहा, इस मामले पर केंद्र सरकार का स्पष्टीकरण अनिवार्य है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने यहां पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि पार्टी



● कांग्रेस नेता वेणुगोपाल और सचिन पायलट ने पूछा सवाल

जानना चाहती है कि क्या देश की विदेश नीति में कोई बदलाव हुआ है। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या शिमला समझौते का उल्लंघन हुआ है। उधर, सचिन पायलट ने कहा कि 1971 में जब युद्ध छिड़ा था, तब अमेरिका ने कहा था कि हम बंगाल की खाड़ी में सातवां बेड़ा भेज रहे हैं। तब तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी आगे बढ़ीं और वो किया,जो देशहित में जरूरी था। आज उन्हें याद कर रहे हैं। उन्हीं परंपराओं को कायम रखते हुए प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी और तमाम दलों ने फिर से सरकार को पूरा समर्थन दिया था।

---

# चीन के दुश्मन देशों को 6 जेनरेशन फाइटर जेट का ऑफर

● भारत के पार्टनर को जीसीपीपी देने की तैयारी में जापान

### जीसीएपी एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट



**टोक्यो, जेएनएन।** भारत के बाद जापान ने एक और दोस्त देश को छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान का ऑफर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जापान अपने अगली पीढ़ी के विमानों को ऑस्ट्रेलिया को निर्यात करने पर विचार कर रहा है, जिसे वह ग्लोबल एयर कॉम्बैट प्रोग्राम (जीसीएपी) के तहत यूके और इटली के सहयोग से विकसित कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, टोक्यो ने कथित तौर पर पिछले महीने भारत को जीसीएपी कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। जापान की निक्केई एशिया और यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि जापान ने भारत को जीसीएपी में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है। ये भी कहा गया है कि भारत के साथ कनाडा ने भी नेक्स्ट जेनरेशन जेट के निर्माण में दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, जापान सरकार ने अभी तक इसे स्वीकार नहीं किया है। जापान, इटली और ब्रिटेन मिलकर छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान बना रहे हैं और प्रोजेक्ट का नाम जीसीएपी यानि ग्लोबल एयर कॉम्बैट प्रोग्राम है। जीसीएपी प्रोजेक्ट के तहत साल 2035 तक छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रोजेक्ट में बीएई सिस्टम्स (ब्रिटेन), मित्सुबिशि हैवी इंडस्ट्री (जापान) और लिओनार्डो (इटली) जैसी कंपनियां शामिल हैं। इस फाइटर जेट में मोस्ट एडवांस सेंसर, स्टील्थ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी को शामिल किया जाएगा।

---

### राष्ट्रपति ट्रंप का दावा-हमने कराया संघर्ष विराम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाक संघर्ष विराम का एक बार फिर श्रेय लेने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, हमने भारत-पाक से कहा था कि संघर्ष नहीं रोका तो व्यापार नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा, 'शनिवार को, मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल संघर्ष विराम कराने में मदद की, मुझे लगता है कि यह स्थायी युद्धविराम होगा। दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं।' उन्होंने कहा, मैं यह बताते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं कि भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के नेताओं का रुख हालात की गंभीरता को समझने में अडिग और प्रभावशाली रहा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ने शांति बहाली में बड़ी भूमिका निभाई और साथ ही व्यापार को एक हथियार की तरह उपयोग किया।

■ बोले-हमने भारत-पाक से कहा था कि संघर्ष नहीं रोका तो व्यापार नहीं करेंगे

---

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच इसरो ने निभाई बड़ी भूमिका, नारायणन बोले

# लोगों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे 10 उपग्रह

**इंफाल, जेएनएन।** इसरो अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन ने कहा कि देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्देश्य से 10 उपग्रह लगातार काम कर रहे हैं। रविवार को मणिपुर के इंफाल में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा, भारत एक 'जीवंत अंतरिक्ष शक्ति' बन रहा है और 2040 तक इसका पहला अंतरिक्ष स्टेशन होगा।

इसरो प्रमुख ने कहा, आज 34 देशों के 433 उपग्रहों को भारत से उठाकर कक्षा में स्थापित किया गया है। मुझे आपको यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि आज देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्देश्य से 10 उपग्रह लगातार 24/7 काम कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बीच आई है। देश ने पिछले महीने पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए 7 मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत-पाक ने शनिवार को तत्काल प्रभाव से जमीन, हवा और समुद्र पर सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की घोषणा की थी। नारायणन ने कहा, अगर हमें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, तो हमें अपने उपग्रहों के माध्यम से सेवा करनी होगी। हमें अपने 7,000 किमी लंबे समुद्र तट की निगरानी करनी होगी। हमें पूरे उत्तरी भाग की लगातार निगरानी करनी होगी। उपग्रह और ड्रोन तकनीक के बिना हम यह हासिल नहीं कर सकते।



### मौसम की निगरानी के लिए विकसित कर रहे उपग्रह

उन्होंने कहा, इसरो जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण का अध्ययन करने और मौसम की निगरानी के लिए जी20 देशों के लिए एक उपग्रह विकसित कर रहा है। आज, हमारे श्रेय के लिए हमने प्रक्षेपण वाहनों की एक पीढ़ी विकसित की है। हमारे पास 1975 में हमारा पहला उपग्रह था। तब से आज तक हमने विभिन्न प्रकार और क्षमताओं के 131 उपग्रहों की कल्पना और निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका संयुक्त रूप से एक महंगा और उन्नत पृथ्वी-इमेजिंग उपग्रह बनाएंगे, जिसे देश से लॉन्च किया जाएगा।

---

### आईएनएस विक्रांत का पता पूछने वाला युवक मानसिक बीमार

**कोच्चि, जेएनएन।** हार्बर पुलिस ने कोच्चि नेवल बेस पर कथित तौर पर संदिग्ध कॉल करने के आरोप में जिस कोझीकोड निवासी को हिरासत में लिया है, वह मनोवैज्ञानिक समस्याओं से पीड़ित है, पुलिस ने सोमवार को बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान कोझीकोड के इलाथुर निवासी मुजीब रहमान के रूप में हुई है। कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त पुट्टा विमलादित्य ने बताया कि मुजीब का 2021 से मनोवैज्ञानिक समस्याओं का इलाज चल रहा है। हालांकि, कार्यालय ने कहा कि मुजीब द्वारा नौसेना बेस को कथित तौर पर किए गए कॉल को लेकर दर्ज मामले की विस्तृत जांच की जाएगी, जिसमें नौसेना में सेवारत विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत का स्थान जानने की मांग की गई थी। विज्ञानकोझिकोड के इलाथुर के मूल निवासी मुजीब को रविवार रात पुलिस ने उत्तरी जिले से हिरासत में लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राज्य पुलिस के अलावा खुफिया ब्यूरो और नौसेना के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं।

केरल पुलिस ने किया था गिरफ्तार

---

### 'मेरे पिता करीना कपूर के साथ ज्यादा खुश हैं'

**नई दिल्ली।** सैफ अली खान और अमृता सिंह के तलाक के बाद इब्राहिम और सारा का पालन-पोषण उनकी मां ने किया। उन्होंने कहा, अब मेरे पिता बेबो के साथ बहुत खुश हैं और मेरी मां अब तक की सबसे अच्छी मां हैं। इब्राहिम ने कहा, मैं चार या पांच साल का था, इसलिए मुझे ज्यादा याद नहीं है, सारा के लिए यह शायद अलग था, क्योंकि वो बड़ी थी। सैफ अली खान ने 1991 में अमृता सिंह से शादी की थी और 13 साल बाद वे अलग हो गए। इस दौरान दोनों दो बच्चे सारा और इब्राहिम के पैरेंट्स बने। सैफ अली खान और अमृता सिंह के तलाक के बाद भाई-बहन इब्राहिम अली खान और सारा अली खान का पालन-पोषण मुख्य रूप से उनकी मां ने किया है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि सैफ से इन बच्चों की बॉन्डिंग खराब है बल्कि ये दोनों अपने पिता के उतने ही करीब हैं जितने अपनी मां से हैं। सैफ अली खान ने साल 2012 में दूसरी शादी की और इस बार उन्होंने 10 साल छोटी करीना कपूर खान से निकाह किया। राजीव मसंद के साथ हाल ही में हुई बातचीत के दौरान, इब्राहिम ने बताया कि कैसे उनके माता-पिता के ब्रेकअप ने उन्हें और सारा को प्रभावित किया। जब अमृता और सैफ के तलाक की वजह से उनपर होनेवाले असर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने विनम्रतापूर्वक जवाब दिया कि दोनों अपने बच्चों के सामने अपने रिश्ते के हालात को संभालने को लेकर बहुत सावधान थे। उन्होंने कहा, मैं चार या पांच साल का था, इसलिए मुझे ज्यादा याद नहीं है। सारा के लिए यह शायद अलग था क्योंकि वो बड़ी थी। लेकिन मेरी मॉम और डैड ने इसका पूरा ख्याल रखा कि मुझे टूटे हुए घर से होने वाला दर्द महसूस न हो।



---

# विदेश सचिव मिसरी की बेटी की ट्रोलिंग अक्षम्य है : आयोग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने 10 मई को भारत-पाक के बीच सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के लिए हुए समझौते के मद्देनजर विदेश सचिव विक्रम मिसरी, उनके परिवार और विशेष रूप से उनकी बेटी को मीडिया द्वारा ऑनलाइन ट्रोल किए जाने की कड़ी निंदा की है। उधर, एआईएमआईएम चीफ असुद्दीन ओवैसी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस घटना की निंदा की है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने युवती के व्यक्तिगत संपर्क विवरण को साझा करने की निंदा की, इसे 'बेहद गैर-जिम्मेदाराना कृत्य' और 'गोपनीयता का गंभीर उल्लंघन' कहा, जो उसकी सुरक्षा को खतरे में डालता है। रहाटकर ने कहा कि मिसरी जैसे वरिष्ठ सिविल सेवकों के परिवार के सदस्यों पर व्यक्तिगत हमले न केवल अस्वीकार्य हैं, बल्कि नैतिक रूप से अक्षम्य भी हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगहों पर संयम और सम्मान का आह्वान करते हुए, एनसीडब्ल्यू ने नागरिकों से इस तरह के व्यवहार से ऊपर उठने का आग्रह किया। रहाटकर ने कहा, हमें गरिमा और जिम्मेदार आचरण चुनना चाहिए।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी, बेटी को संघर्ष विराम पर ट्रोल किया गया। एक्स अकाउंट लॉक करने के लिए मजबूर किया गया। मिसरी परिवार को अनुभवी राजनयिक निरुपमा मेनन राव और राजनेताओं असदुद्दीन ओवैसी और अखिलेश यादव से भी समर्थन मिला है। भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम की घोषणा को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनके परिवार को ट्रोल करना बेहद शर्मनाक है। मिसरी समर्पित राजनयिक हैं, उन्होंने भारत की सेवा पेशेवर तरीके से और दृढ़ संकल्प के साथ की है और उनके अपमान का कोई आधार नहीं है। राव ने पोस्ट किया था, अपनी बेटी का शोषण करना और अपने प्रियजनों के साथ दुर्व्यवहार करना शालीनता की हर सीमा को लांघता है।

---

# डीपीएस के पूर्व छात्र आर्यन गोस्वामी को जर्मनी में मिला एफएस स्पिरिट अवार्ड



**जागरण, भोपाल।** भोपाल के रहने वाले और दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के पूर्व छात्र आर्यन गोस्वामी को हाल ही में जर्मनी के प्रतिष्ठित फ्रैंकफर्ट स्कूल ऑफ फाइनेंस एंड मैनेजमेंट द्वारा एफएस स्पिरिट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार हर साल उन छात्रों को दिया जाता है जो विश्वविद्यालय के समुदाय में उल्लेखनीय योगदान देते हैं, नेतृत्व क्षमता दिखाते हैं और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को अपनाते हैं। आर्यन को यह सम्मान उनके सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) के क्षेत्र में किए गए कार्यों, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के साथ उनकी इंटर्नशिप, और जर्मनी में विभिन्न छात्र पहलों का नेतृत्व करने के लिए मिला। आर्यन ने अपनी स्कूली शिक्षा डीपीएस भोपाल से पूरी की और फिर मुंबई के एनएमआईएमएस विश्वविद्यालय सेबीएससी (इकोनॉमिक्स ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने कई कॉलेज आयोजनों में नेतृत्व करते हुए सर्वश्रेष्ठ आयोजक का खिताब भी हासिल किया। वर्तमान में वे फ्रैंकफर्ट स्कूल में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और साथ ही सीएआईए सर्टिफिकेशन भी कर चुके हैं। एफएस स्पिरिट अवार्ड के तहत उनका नाम विश्वविद्यालय के डोनर वॉलपर अंकित किया गया है - जो कि छात्रों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

### एयरफोर्स स्टेशन की सुरक्षा में देरी से पहुंचे तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

**जागरण, ग्वालियर।** एयरफोर्स स्टेशन की सुरक्षा को लेकर लापरवाही पर तीन पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया गया है। इसके अलावा 13 पुलिस वालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दरअसल, ग्वालियर एसएसपी ने आधी रात के बाद 1 बजकर 40 मिनट पर रिस्पांस टाइम चेक किया। आला अधिकारी यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि किसी अप्रिय स्थिति में पुलिस कितने समय पर एक्शन लेती है।

---

# म्यांमार में स्कूल पर तानाशाह सेना की बमबारी, 17 छात्रों की मौत, 20 घायल

**नेपीता, जेएनएन।** भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में सैन्य जुंटा ने एक स्कूल पर बमबारी की। इसमें 17 छात्रों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक घायल हैं। यह स्कूल सागाइंग क्षेत्र के डेपायिन शहर में है, जिसे म्यांमार की अपदस्थ राष्ट्रीय एकता सरकार चला रही थी। इस हमले पर सैन्य जुंटा ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार किया है। म्यांमार में लंबे समय से गृहयुद्ध जारी है, जिस कारण हजारों की संख्या में लोगों की मौत हुई है और कई लाख आबादी विस्थापित हुई है। म्यांमार की अपदस्थ सरकार ने बताया कि हमला सोमवार को किया गया। उस वक्त स्कूल में बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे। अभी तक 17 छात्रों के मौत की पुष्टि हो चुकी है। यह हमला तब हुआ है, जब हाल में विनाशकारी भूकंप के बाद दोनों पक्षों में संघर्ष विराम लागू था। छाया राष्ट्रीय एकता सरकार द्वारा संचालित यह स्कूल म्यांमार के सागाइंग क्षेत्र के डेपायिन शहर में है, जो मांडले से लगभग 160 किमी (100 मील) उत्तर में है और 28 मार्च को आए भूकंप के केंद्र से बहुत दूर नहीं है। एनयूजी के प्रवक्ता फोन लैट ने कहा, अभी तक हमारे पास जो जानकारी है, उसके अनुसार 17 छात्र मारे गए हैं और 20 घायल हुए हैं। एनयूजी के प्रवक्ता ने फोन लैट ने कहा, कुछ छात्र बम से हुए नुकसान के कारण लापता हो सकते हैं, इसलिए, मरने वालों की संख्या अधिक हो सकती है। म्यांमार तब से संघर्ष की चपेट में है जब से सेना ने 2021 में तख्तापलट करके सत्ता में वापसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए घातक बल का इस्तेमाल किया।



---

# चार दिन में दूसरी बार होल्कर स्टेडियम उड़ाने की धमकी दी



### पुलिस को सर्चिंग में नहीं मिली संदिग्ध वस्तु

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के होल्कर स्टेडियम को लेकर चार दिन में दूसरी बार धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ है। इस ईमेल में लिखा कि स्टेडियम में बम प्लांट कर दिया है और जल्द ही एक बड़ा धमाका होने वाला है। इस संबंध में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के एक प्रशासनिक अधिकारी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम और बम स्क्वॉड मौके पर पहुंचे और सघन जांच शुरू की, लेकिन जांच में कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि सोमवार सुबह उन्हें एमपीसीए की ओर से कॉल आया था, जिसमें बताया कि उनके आधिकारिक ईमेल पर एक बार फिर धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ है। इस मेल में यह दावा किया कि स्टेडियम में बम रखा गया है। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई और बम स्क्वॉड की टीम को बुलाकर जांच कराई। हालांकि, स्टेडियम में कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। इससे पहले 9 मई को भी एमपीसीए को इसी प्रकार की धमकी दी थी, उस ईमेल में कहा गया था कि स्टेडियम में बम विस्फोट किया जाएगा और साथ ही यह चेतावनी भी दी थी कि पाकिस्तान से पंगा न लिया जाए। ईमेल में यह भी लिखा गया था कि सरकार को समझाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान के स्लीपर सेल पूरे देश में सक्रिय हैं, उस समय एमपीसीए के अधिकारी रोहित पंडित ने तुकोगंज थाने में इस धमकी की जानकारी दी थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे, लेकिन उस समय भी कुछ नहीं मिला था।

# जून में बघवार से रामपुर नैकिन तक पटरी बिछाने का लक्ष्य

## गोविंदगढ़ से आगे सीधी तक ट्रेन चलने का रास्ता साफ



**जागरण, रीवा।** ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन परियोजना में 18 माह पहले रीवा से गोविंदगढ़ तक के बीच पटरी बिछाने के साथ सीआरएस किया जा चुका है। कमीशनिंग के साथ ही ट्रेन चलने की चर्चा ने भी जोर पकड़ा लेकिन मामला ठण्डे बस्ते में चला गया। उक्त परियोजना में गोविंदगढ़ से बघवार के बीच लगभग 13 किलोमीटर की लाइन बिछ चुकी है, जिसका मार्च 2025 में सीआरएस ने निरीक्षण किया। जिसके बाद सीधी के बघवार स्टेशन तक ट्रेन चलाने का रास्ता साफ हो चुका है। अब रेलवे ने बघवार से रामपुर नैकिन तक पटरी बिछाने को प्राथमिकता में रखा है, जिसके तहत जून 2025 तक यह काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। सम्भावना है कि इसी वर्ष बघवार से रामपुर नैकिन तक पटरी बिछने के बाद सीआरएस का निरीक्षण हो जायेगा, जिससे रामपुर नैकिन तक ट्रेन जा सकेगी। बता दें कि किसी भी रेलवे ट्रैक के बिछाए जाने के बाद सबसे पहले कड़ी जांच कमिश्नर रेल सेफ्टी द्वारा की जाती है। जांच के बाद कमीशनिंग जारी होती है। जिसके बाद ही उस रेलखण्ड में गाडियों को संचालित किया जा सकता है। रीवा से गोविंदगढ़ के बीच 19.4 किलोमीटर की पटरी बिछाने के बाद 29 दिसम्बर 2023 को मुंबई से आए सीआरएस मनोज कुमार अरोड़ा द्वारा कमीशनिंग की गई थी। जिसके बाद गोविंदगढ़ से बघवार के बीच लगभग 13 किलोमीटर की दूरी के लिए पटरी बिछाने के काम ने रफ्तार पकड़ी और यह पूर्णता की ओर जा पहुंचा।

### सीधी के लिए दिसम्बर तक समय तय

गौरतलब है कि पटरी को सीधी तक पहुंचाने के लिए दिसम्बर 2025 तक का समय तय किया गया है। हालाकि दिसम्बर 2025 तक यह लक्ष्य हासिल करना मुश्किल लग रहा है। विदित हो कि करीब 18 माह पहले गोविंदगढ़ स्टेशन शुरू हुआ। जिसके उद्घाटन के बाद गोविंदगढ़ से ट्रेन चलाने की मांग क्षेत्रीय लोगों द्वारा उठाई गई। स्टेशन के उद्घाटन व नई ट्रेन के संचालन पर सहमति बनी। इतना ही नहीं, नोटिफिकेशन जारी करते हुए ट्रेन का नम्बर तय हो गया और एक नई ट्रेन गोविंदगढ़ से सिलपरा होकर रीवा तक चलाने के समय सारिणी भी आ गई लेकिन फिर मामला गायब हो गया। अब परियोजना के तहत बघवार तक पटरी बिछाने का काम पूरा हो चुका है।

## मजदूर संघ की बैठक सम्पन्न

**रीवा।** भारतीय भवन सर्निमाण सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के रीतनीत में पहले श्रमिक गीत हुई जिसमें मुख्य अतिथ के रूप में गजराज तिवारी भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विकास शुक्ला भवन निर्माण के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल साकेत अध्यक्षता श्यामलाल यादव मुख्य वक्ता रहे। संचालन भवन निर्माण के जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत ने किये जिसमें गजराज तिवारी द्वारा संगठन के बारे में जानकारी दिये। मुख्य रूप से बाबूलाल साकेत द्वारा प्रधानमंत्री आवास के अतिरिक्त मण्डल द्वारा एक लाख अनुदान एवं सदस्यता बढ़ाने पर चर्चा किये गये जिसमें जिला मंत्री विकास शुक्ला द्वारा पदाधिकारी एवं गठन पर गति डालने पर चर्चा किये। भवन निर्माण के कोषाध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, अर्चना साकेत, बबिता कोल, मुन्नी सोंधिया महेश साकेत बिट्टी रावत कैलाश यादव, राजेन्द्र सोंधिया, मिठाईलाल प्रजापति, तेजभान कुशवाहा एवं सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जनकवि शम्भू काकू की 17वीं पुण्य तिथि पर संगोष्ठी 15 मई को

**रीवा।** बघेलखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव समिति रीवा द्वारा आगामी 15 मई 25 को बघेली के जनकवि शम्भू प्रसाद द्विवेदी 'शम्भू काकू' की 17वीं पुण्य तिथि पर स्वागत भवन स्थित महाराजा रघुराज सिंह सभागार में दोपहर तीन बजे से विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डा.प्रभाकर चतुर्वेदी करेगें जबकि अन्य अतिथियों में डॉ.एन.पी.पाठक, पूर्व कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, डॉ.चन्द्रिका प्रसाद 'चन्द्र', मानस मण्डल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय उपस्थित रहेगें। संगोष्ठी का संचालन कवि रानरेश तिवारी 'निष्ठुर' करेगें।

बघेलखण्ड सांस्कृतिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष जगजीवनलाल तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर शम्भू काकू के परिजन एवं शहर के कवि साहित्यकार उपस्थित रहेगें। आयोजन समिति के डॉ.राजेश मिश्रा, हेमन्त त्रिपाठी, अशोक वर्मा, अभिषेक त्रिपाठी ने रीवा नगर के साहित्यकारों से उपस्थित होने की अपील की है।

## महर्षि बाल मंदिर छात्रों ने बढ़ाया मान

**रीवा।** बोर्ड के परीक्षा परिणाम में रीवा शहर के महर्षि बाल विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारिका नगर के छात्रों ने मान बढ़ाया है। का रहा दबदबा विगत 22 वर्षों से संचालित महर्षि बाल विद्या मंदिर के छात्रों ने हाई स्कूल/हायर सेकण्ड्री की कक्षाओं में बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण परीक्षा परिणाम दिया। 12वीं की परीक्षा मे 25 छात्र सम्मलित हुए जिसमें 18 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा 05 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार से हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 24 छात्र सम्मलित हुए जिनमें से 17 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं 04 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें 12वी के छात्र आर्या मिश्रा 91.5 प्रतिशत, अनुज मिश्रा 85 प्रतिशत, प्राची साकेत 83.5 प्रतिशत एंव 10वी के छात्रों में शिवांगी चतुर्वेदी 91प्रतिशत, प्रकुल श्रीवास्तव 85 प्रतिशत, शिशिर सेन 84.2 प्रतिशत, माही पाण्डेय 83 प्रतिशत रहा। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक ऋषि त्रिपाठी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते अपनी शुभकामनाएँ दी।

# इकलौते संस्कृत महाविद्यालय के अस्तित्व पर संकट

## भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में स्वामित्व दर्ज कराने लिखे पत्र ठंडे बस्ते में, भवन भी जर्जर

जागरण, रीवा

जागरण स्पेशल न्यूज



शासकीय व्यंकट संस्कृत महाविद्यालय का अस्तित्व संकट से जूझ रहा है। महाविद्यालय भवन के दो तरफ बेजा अतिक्रमण पसर चुका है। इस अतिक्रमण से निजात पाने महाविद्यालय अकेले जद्दोजहद कर रहा है। जिला प्रशासन की मदद अब तक महाविद्यालय को नहीं मिली। जबकि पांच वर्ष पहले उच्च शिक्षा विभाग विशेष रूप से भूमि सुरक्षा अभियान आरम्भ किया था। इस अभियान के तहत महाविद्यालय ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया परंतु अब तक जिला प्रशासन ने कुछ नहीं किया। अभी विगत वर्ष उच्च शिक्षा विभाग ने पुनः अभियान के तहत कार्यवाही करने महाविद्यालय को निर्देशित किया। इस पर महाविद्यालय प्रबंधन ने पुनः गत जनवरी 2024 को हुजूर तहसीलदार को पत्र लिखा था। इस पत्र में महाविद्यालय ने अपने स्वामित्व की समस्त भूमि को नामांतरित करने की मांग उठाई, जिस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। गौरतलब है कि हिंदू धर्म की आस्था से जुड़े संस्कृत महाविद्यालय को एक कतरा जमीन सरकार नहीं दे सकी। लक्ष्मणबाग संस्थान की जमीन में महाविद्यालय संचालित है। इस भूमि में महाविद्यालय का स्वामित्व दर्ज कराने प्रबंधन ने आवेदन कर रखा है।

**छत पर चढ़कर पीते हैं शराब :** महाविद्यालय के इर्द-गिर्द बसे अतिक्रमणकारियों का आतंक है। महाविद्यालय की छत पर चढ़कर असामाजिक तत्व शराब पीते हैं और जुंआ खेलते हैं। महाविद्यालय प्रबंधन बिना प्रशासनिक मदद के इस अराजक स्थिति पर लगाम नहीं कस पा रहा। अराजकता के माहौल में महाविद्यालय के छात्रों पठन-पाठन निरंतर प्रभावित होता है लेकिन इससे शासन-प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

**1845 में हुई स्थापना :** महाविद्यालय में फिलहाल करीब 115 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। करीब 1845 में तत्कालीन बघेल शासक द्वारा स्थापित विद्यालय ने 1955 में महाविद्यालय का स्वरूप लिया, जिसका भवन अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। अतिप्राचीन ग्रंथ व पुस्तकों को सहेजने में कॉलेज का जर्जर पुस्तकालय अक्षम हो गया है, जिसकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था अब तक नहीं बन सकी।

### फैक्ट फाइल

स्थापना वर्ष- **1955**
16 में से बचे शिक्षकों की संख्या- **04**
विद्यार्थी संख्या- **115**

### नासूर बन गई हैं समस्याएं

- जर्जर भवन के नीचे कक्षाएं चलती हैं। ऊपर छत में दिनदहाड़े जुआं और शराबखोरी होती है। किसी के द्वारा आपत्ति दर्ज कराने पर विवाद आम बात।
- महाविद्यालय का पूरा भवन जर्जर।
- घट रही विद्यार्थियों व शिक्षकों की संख्या।
- पिछले सालों में आई बाढ़ की वजह से पुस्तकालय में रखे प्राचीन ग्रंथ होने लगे खराब।

**छात्रावास की आवश्यकता :** महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र दूरदराज से आते हैं। इन छात्रों को स्थानीय स्तर पर ठहरने की सुविधा नहीं मिल पाती। ऐसे में छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस लिहाज से महाविद्यालय प्रबंधन को एक छात्रावास की आवश्यकता है परंतु शासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि महाविद्यालय की इस जरुरत को पूरा करने में अभी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# 22 मई से शुरू होंगी कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा

**जागरण, रीवा।** सभी कक्षाओं के लिए लोकल के साथ बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम आ चुका है। इन परीक्षाओं में सफल हुए छात्र-छात्राएं अब जहां अगली कक्षा की तैयारियों में जुट गए हैं। वहीं जो परीक्षार्थी किसी कारण से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे या फिर सफल नहीं हो सके हैं, उन्हें दोबारा अवसर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं की पुनः परीक्षाएं कराई जा रही हैं, जिसके लिए परीक्षार्थियों ने तैयारी तेज कर दी है। ताकि इस बार उन्हें सफलता मिल ही जाए। पास व अनुपस्थित छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। यह वे छात्र-छात्राएं हैं जो किसी विषय में उत्तीर्ण नहीं हो सके हैं या फिर किसी कारण से परीक्षा में ही शामिल नहीं हो सके थे। समस्त शासकीय, अशासकीय शालाओं तथा डाइस कोड प्राप्त मदरसों के कक्षा 5वीं व 8वीं की वार्षिक मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित परीक्षार्थियों के लिए पुनः परीक्षा का आयोजन 22 मई से 28 मई के बीच होगी।

**अनुत्तीर्ण और अनुपस्थित रहे छात्र हो सकेंगे शामिल, ताकि एक बार फिर उन्हें परीक्षा में सफलता हासिल करने का मौका मिल सके**

**5 वीं की अपेक्षा 8वीं के अधिक छात्र :** जानकारी के अनुसार पुनः परीक्षा में शामिल होने पर परीक्षार्थियों की संख्या ज्यादा नहीं है, इसमें कक्षा 5 वीं की अपेक्षा कक्षा 8 वीं के परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होगी। जानकारी के मुताबिक 5वीं में जिले के 36118 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें 34703 छात्र पास हुए थे। कुल 1415 छात्र फेल हुए थे या अनुपस्थित थे। वहीं 8वीं में कुल 39504 छात्रों ने परीक्षा दी थी 34598 छात्र पास हुए थे, 4906 छात्र फेल हुए या फिर अनुपस्थित थे।

**22 मई से शुरू हो रहीं परीक्षाएं :** जानकारी अनुसार कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं के परीक्षार्थियों के लिए पुनः परीक्षा 22 मई से कराई जा रही हैं। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक रखा गया है। कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं का पहला प्रश्न पत्र हिन्दी का होगा, वहीं कक्षा 8 वीं का अंतिम प्रश्न पत्र 28 मई को होगा, इस दिन संस्कृत की परीक्षा होगी। वहीं कक्षा 5 वीं की बात की जाए तो 5 वीं कक्षा की पुनःपरीक्षाएं 27 मई को समाप्त होंगी। अंतिम प्रश्नश्रपत्र अतिरिक्त भाषा संस्कृत का होगा। जानकारी के अनुसार कक्षा 5 वीं का पहला प्रश्न पत्र हिन्दी का 22 मई को होगा, 23 मई को गणित, 24 मई को पर्यावरण अध्ययन, 26 मई को अंग्रेजी, 27 मई को अतिरिक्त भाषा हिन्दी, संस्कृत का पेपर होगा। इसी तरह कक्षा 8 वीं में भी पहला प्रश्न पत्र हिन्दी का होगा। इसके बाद 23 मई को सामाजिक विज्ञान, 24 मई को विज्ञान, 26 मई को गणित, 27 मई को द्वितीय भाषा अंग्रेजी, हिन्दी और 28 मई को तृतीय भाषा संस्कृत का पेपर होगा। पटरीक्षाओं के लिए विभाग द्वारा सभी तैयारियां की जा रही हैं, जिससे शासन की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षाएं पूरी कराई जा सकें।

## हनुमना-नईगढ़ी की लोक जैव विविधता पंजी का होगा निर्माण

**रीवा।** मध्य प्रदेश जैव विविधता बोर्ड भोपाल के स्वीकृत के अनुसार मऊगंज जिले के हनुमना, नईगढ़ी जनपद की लोक जैव विविधता पंजी (पी.बी.आर.) तैयार करने का निर्णय लिया गया है। प्रोजेक्ट को-इन्वेस्टिगेटर ने बताया कि उक्त पंजी निर्माण हेतु जनपद क्षेत्र की उपलब्ध वन संपदा, औषधीय पौधे, पालतू और जंगली जानवरों, जलीय जीव, कृषि (रबी, खरीफ, जायद फसलों), उद्यानिकी, बागवानी, पशु पालन, डेयरी उद्योग, मत्स्य पालन, जल स्रोतों, तालाब, पूजा स्थल, पशु-पक्षी, प्राकृतिक मनोरंजन स्थल, पौधे एवं जीव के विभिन्न उपयोग पर आधारित परंपरागत ज्ञान, उद्यम आदि के आंकड़ों को एकत्रित किया जाएगा। इस कार्य में जनपद क्षेत्र के वन, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशु पालन, पंचायत, शिक्षा विभाग, जन प्रतिनिधिगण, उन्नतशील किसानों, वैद्यों, ज्ञान धारकों का सहयोग लिया जाएगा। यह पंजी जनपद क्षेत्र में जैव विविधता संबंधी योजनाओं को स्वीकृत एवं संचालित करने हेतु मार्गदर्शिका का कार्य करेगी। कार्य योजना के चर्चा हेतु दोनों जनपद की जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक जनपद कार्यालय शीघ्र आयोजित की जावेगी।

**इस महीने समिति द्वारा की जायेगी कार्यवाही**

# शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री अर्जित करना नहीं, समाज राष्ट्र और मानवता का दायित्वों को समझना भी है

## जेएनसीटी में छात्रों को डॉ एस एस तिवारी ने दिया सफलता का मंत्र



**जागरण, रीवा।** जेएनसीटी इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा में सोमवार की शाम एक अविस्मरणीय अनुभव की साक्षी बनी, जब तकनीकी शिक्षा के मंदिर में नवागत विद्यार्थियों का स्वागत और अंतिम वर्ष के छात्रों को विदाई देने हेतु भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन महज एक पारंपरिक फ्रेशर्स-फेयरवेल नहीं रहा, बल्कि यह एक ऐसा सजीव मंच बन गया जहाँ युवा सपनों और वरिष्ठ अनुभवों का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस गरिमामयी समारोह में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य सदानंद गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही भारत का स्वर्णिम भविष्य है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री अर्जित करना नहीं, बल्कि समाज, राष्ट्र और मानवता के प्रति अपने दायित्वों को समझना है। उन्होंने तकनीकी शिक्षा को आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बताते हुए छात्रों को नवाचार और उद्यमिता की राह पर बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जेएनसीटी एवं कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एस.एस. तिवारी ने जेएनसीटी के गौरवशाली इतिहास और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास सदैव यही रहा है कि तकनीकी शिक्षा में नैतिक मूल्यों का समावेश हो ताकि हमारे विद्यार्थी विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें।

प्राचार्य प्रोफेसर मिहिर पांडेय ने कॉलेज की उपलब्धियों और विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की, साथ ही आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी शाम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य और नाटकों के माध्यम से अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन पर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जे एस परिहार, सभी विभागाध्यक्ष, सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन ने यह संदेश दिया कि जेएनसीटी में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और नेतृत्व विकास की पाठशाला भी है।

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के नामांकन के संबंध में निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में नागरिक सुरक्षा एवं स्वयंसेवकों के नामांकन/भर्ती के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो स्वयंसेवक तथा प्रत्येक नगरीय निकाय के वार्ड से 2 से 5 स्वयंसेवक बनाये जांय जो नागरिक सुरक्षा के आपातकालीन एवं आपदा प्रबंधन के समय अपनी भूमिका निभायेंगे। उन्होंने स्वयंसेवकों की भर्ती में भूतपूर्व सैनिकों, सीनियर एनसीसी के सदस्य, निजी सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये हैं।

# शहर में प्रतिमाह बिक रहा लगभग एक करोड़ का पानी

## अधिकांश पानी बेचने वालों के पंजीयन ही नहीं, न ही श्रम व खाद्य विभाग की अनुमति

**जागरण, रीवा।** शहर में प्राकृतिक व प्राचीन जल स्रोतों की कमी नहीं, फिर भी शहरवासियों को पीने तक का पानी नसीब नहीं हो रहा। पीएचई जिसने शहर में पेयजल प्रदाय करने का जि मा ले रखा है प्रत्येक वार्ड, मोहल्ले, घरों में पानी पहुंचा पाने में नाकाम है। ऐसे में शहरवासियों को मजबूरन पानी की आवश्यकता की पूर्ति करने पानी खरीदना पड़ रहा है। शहर में पेयजल समस्या का लाभ पानी बेचने वाले उठा रहे हैं। इनमें से कई पानी विक्रय करने वालों के पंजीयन ही नहीं, न ही श्रम विभाग व खाद्य विभाग की अनुमति है, फिर भी बेखौफ होकर शहर भर में खुलेआम पानी की बिक्री कर रहे हैं। इनमें से कईयों के प्लांट इनके घरों पर ही संचालित हो रहे हैं। 20 लीटर की पानी की बोतलें प्रतिदिन प्रदाय करने के साथ ही ये लोग सील बंद पानी की बोतल व पानी के पाऊच भी तैयार कर रहे हैं।

### पानी में कैल्शियम की मात्रा ज्यादा

जिले भर में निकलने वाले पानी में कैल्शियम की अधिकता होने से पानी खारा निकलता है, जिसका उपयोग लोग पीने के लिए नहीं कर पाते। अधिकतर दुकानों पर पानी पीने के लिए पानी की बोतलें मंगवाई जाती हैं, कोई भी धार्मिक, सामाजिक व पारिवारिक आयोजन होने पर पानी की बोतलें बुलवाई जाती है। कहीं पार्टी वगैरह का आयोजन होता है तो पानी की बोतलें मंगवाई जाती हैं। नलों में गंदा व बदबूदार पानी आने के चलते कई घरों में नियमित पानी की बोतलें खरीदी जाती हैं। जानकारों की मानें तो शहर में प्रतिमाह लगभग एक करोड़ रुपए का पानी विक्रय हो रहा है। जो पानी बेचा जा रहा है उसमें से कितने लोगों द्वारा पानी का परीक्षण करवाया जाता जाता है ये पानी बेचने वालों को ही नहीं पता, पूछने पर एकाध पानी बेचने वाले ने बताया कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं है, ये तो मालिक बता सकते हैं, वे हमें पानी पहुंचाने को बोलते हैं हम पहुंचा देते हैं, इससे ज्यादा हमें जानकारी नहीं।

### लोगों के स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ेगा नहीं कह सकते

शहर में लगभग सैंकड़ों लोग पानी की बोतलों के साथ ही सीलबंद पानी की बोतलें व पानी के पाऊच का धंधा कर रहे हैं, इनमें से कितने लोगों ने प्रशासनिक अनुमति ले रखी है, कितने के पंजीयन हैं, ये तो पानी बेचने वालों की जांच से पता लगाया जा सकता है। फिलहाल शहर में मानक के साथ अमानक पानी भी धड़ल्ले से बिक्री किया जा रहा है, जो लोगों के स्वास्थ्य पर क्या असर डालेगा कहा नहीं जा सकता।

# अत्यावश्यक है मूल्य आधारित शिक्षा : शिक्षाशास्त्री जाधव

## विद्यालयीन शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण जारी



**जागरण, रीवा।** राज्य आनंद संस्थान मप्र शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से रीवा एवं शहडोल संभाग के विभिन्न सीएम राइज विद्यालय के शिक्षकों का 6 दिवसीय प्रशिक्षण उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड स्कूल क्रमांक-1 के सभागार में जारी है। राज्य के रिसोर्स पर्सन एवं शिक्षाशास्त्री उमेश जाधव ने कहा कि मनुष्य की शिक्षा यंत्रवत् न होकर नैतिक मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए। मूल्य आधारित शिक्षा ही व्यक्ति को आंतरिक सुख दे सकती है अन्यथा तमाम सुख सुविधाओं के बीच भी व्यक्ति असंतुष्ट और दुखी रहता है और अपने आसपास के परिचितों पर भी विश्वास नहीं कर पाता है। सत्य तो यह है कि स्वयं में सहज और सरल होना ही सुख है।

मप्र राज्य आनंद संस्थान के जिला संपर्क व्यक्ति डॉ. मुकेश येंगल ने बताया कि आनंद संस्थान मप्र शासन के निर्देशक सत्यप्रकाश आर्या के मार्गदर्शन में विंध्य क्षेत्र में पांच बैच में एक माह तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में रिसोर्स पर्सन एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् उमेश जाधव, दिल्ली के शिक्षाविद् एवं रिसोर्स पर्सन आभा मिश्रा सहित राज्य आनंद संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश प्रसाद तिवारी, संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा केपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य जेपी जायसवाल, प्राचार्य देवराज सिंह, शिवेश श्रीवास्तव सहित प्रशिक्षित वालेंटियर्स में आशा अहिरवार, शमा बानो, राजीव मिश्रा, रेणु शाह, संध्या सिंह, विजयश्री सिंह, शिवनंद तिवारी, रत्नेश द्विवेदी की उपस्थिति में लगभग 85 शिक्षक प्रथम बैच में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें रीवा व शहडोल संभाग के महिला व पुरूष शिक्षक शामिल हैं। राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश प्रसाद तिवारी ने बताया कि सार्वभौमिक मूल्यों पर आधारित 6 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला पांच बैच में हो रही है, जो जून के प्रथम सप्ताह तक चलेगी। आने वाले समय में पाठ्यक्रमों में इसका समावेश किया जाना है। प्रशिक्षण में शिवेश श्रीवास्तव, शाहिद परवेज, सुदीप रॉय सहित संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा के अधिकारी, कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# भगवान बुद्ध ने संपूर्ण विश्व को दिया मानवता का संदेश



## अंबेडकर भवन इटौरा में मनाई गई बुद्ध जयंती, अनुयायियों ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

**रीवा।** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में करुणा के सागर महामानव तथागत बुद्ध की 2588 वीं जयंती समारोह का कार्यक्रम अंबेडकर भवन इटौरा में आयोजित किया गया जिसमें अतिथियों एवं विद्वान वक्ताओं द्वारा महामानव तथागत गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए पंचशील के सिद्धांतों पर चलने का संदेश दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भंते आनंद बोधि एवं भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आर एस बौद्ध की अध्यक्षता तथा एस एल बौद्ध वरिष्ठ समाज सेवी आर एस वर्मा एवं बीपी बौद्ध जिला अध्यक्ष की विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भगवान बुद्ध ने संपूर्ण विश्व में मानव मानव को जोड़ने का काम करते हुए मानवता का संदेश दिया। जयंती के पावन अवसर पर रामसुजान साकेत अध्यक्ष विश्वविद्यालय अपाक्स ,बीपी बौद्ध ,एस एल बौद्ध वरिष्ठ समाजसेवी ,सूर्यभान दरोगा ,सत्य सागर ,अनिल बौद्ध, द्वारिका सिंह बौद्ध ,राजकुमारी बौद्ध ,भीमलाली बौद्ध ,अनीता सागर ,प्रीति ,ललिता, कीर्ति,मोहनलाल कुशवाहा, आर एस पुष्कर ,राजबहोर बौद्ध ,भैयालाल बौद्ध,सरजीत प्रसाद ,चंद्रिका प्रसाद , छात्र-छात्राएं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

# कॉमर्स में वैभवि और साईंस में लक्ष्मी कुशवाहा ने किया टॉप





## डी.पॉल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएससी 12वीं के नतीजों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजनो के डी.पॉल विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने सीबीएससी 12वीं बोर्ड के आज घोषित नतीजों में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विंध्याचल परियोजना एवं विद्यालय को गौरवांवित किया है। 12वीं के घोषित नतीजों में कॉमर्स स्ट्रीम में विद्यालय की छात्रा वैभवि द्विवेदी ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में टॉप किया है। वही विज्ञान संकाय में लक्ष्मी कुशवाहा ने 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में इस स्ट्रीम में टॉप किया है। घोषित नतीजों में विद्यालय के 22 छात्र.छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अर्जित कर एक बार फिर विद्यालय का परचम लहराया है। जानकारी के मुताबिक विद्यालय के कॉमर्स संकाय में 16 छात्र.छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। जिसमें वैभवि द्विवेदी को 96 प्रतिशत अमन सिद्धिकी 95.6 गरीमा पाण्डेय 94. 6 एल्बा सारा सानू 94.4 आयुष कुमार द्विवेदी 94.4 अमन दीप सिंह 94.2 आन्या अग्रवाल 94 सिवांगी पाण्डेय 92.6 जोत्सना सोनी 91 कंचारानी संध्या को 91 गौरव कुमार शर्मा को 93.4 सेव्या पाण्डेय को 93 साबिया उपाध्याय 90.8 एवं सान्या सिद्धिकी ने 90.6 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। वही विज्ञान संकाय में विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी कुशवाहा ने 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर इस संकाय में टॉप किया है। वही विद्यालय के आयुष धर द्विवेदी को 92.4 प्रतिशत आबाद खान को 91.8 रजनीश कुमार शाह 90.8 प्रांजल पाण्डेय 90.6 शाहिन परवीन 90.4 तथा आरादा नायर को 90.2 प्रतिशत अंक हासिल हुये। सीबीएससी द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र.छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन में विद्यालय के प्राचार्य फादर जोबी जोसफ ने हर्ष व्यक्त करते हुये छात्र.छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने एक बार फिर विद्यालय एवं परियोजना का गौरवांवित किया है।

# 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94.8 प्रतिशत अंक के साथ मानस गुप्ता ने किया टॉप



## डी.पॉल विद्यालय के 25 छात्र छात्राओं ने अर्जित किये 90 प्रतिशत से अधिक अंक

**जागरण विंध्यनगर।** विंध्याचल परियोजना के डी.पॉल विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने आज सीबीएससी के घोषित 10वीं के परीक्षा परिणामों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये एक बार फिर विंध्याचल परियोजना एवं विद्यालय को गौरवांवित किया है। विद्यालय के 25 छात्र.छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। जिसमें मानस गुप्ता ने 94.8 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में टॉप किया। जानकारी के मुताबिक 10वी बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणामों में मानस गुप्ता 94.8 रिश्विका तिवारी काजल पाण्डेय सिद्धार्त शिवहरे 94.8 अर्पित साहा 94.8 शानवी सिंह बघेल प्रियांषु कुमार जायसवाल ऐस्लीन सेंटो 94.2 विवान जायसवाल 94 सुबह श्रीवास्तव 94 सुजल विश्वकर्मा तृप्ति त्रिपाठी दिव्यांका त्रिपाठी 92.2 प्रतिशत पाठा संजना 92 अवनीश कुमार शाह 91.8 श्रेया सिंह 91 अभय कुमार मिश्रा 90.8 दिव्यांषु शाह 90.6 हर्षिता 90.4 अर्पिता सिंह 90.2 कृष्णा सारस्वत 90 प्रतिशत शौरसी पाण्डेय 89.8 आयुशी सिंह 89.8 अभ्यान गुप्ता एवं आकाश यादव ने भी 89.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान अर्जित किया है। सीबीएससी द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र.छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन में विद्यालय के प्राचार्य फादर जोबी जोसफ ने हर्ष व्यक्त करते हुये छात्र.छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने एक बार फिर विद्यालय एवं परियोजना का गौरवांवित किया है।

# विज्ञान संकाय में 96.8 प्रतिशत के साथ विवेक व वाणिज्य संकाय में 96.2 प्रतिशत के साथ अरायना जैन ने किया टॉप

## शत प्रतिशत रहा दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर का परीक्षा परिणाम

**जागरण विंध्यनगर।** सीबीएससी के कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षा परिणामों में दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर के छात्र.छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के 23 छात्र .छात्राओं ने 90 प्रतिशत के अधिक अंक अर्जित किये। विद्यालय के विवेक ने 96.8 प्रतिशत अंको के साथ एवं विज्ञान संकाय में एवं अरायना जैन ने 96.2 प्रतिशत अंको के साथ वाणिज्य संकाय में टॉप किया। 90 प्रतिशत के अधिक अंक अर्जित करने वालों में विद्यालय के विज्ञान संकाय में विवेक जी अरनव सिंह बघेल जयप्रकाश बैस फैबा विलसन शिवशेखर पाण्डेय गिरीराज अरूनेश दुबे उत्कृष्ट पाण्डेय प्रयांक जेठा सत्काक्षी सिंह साक्षी अग्रवाल अभिषेक भारद्वाज राज सिंह पियुष शुक्ला सीखा सिंह ने हासिल किये। वही वाणिज्य संकाय में आरान्या जैन खुशी श्रीवास्तव प्रिंश कुमार तिवारी सानवी कश्वप अजली सिंह आनवी अग्रवाल स्मृति सिंह परी कुमार वैष्वी सिंह ने 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक अर्जित किये हैं। सीबीएस 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र.छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ.जनार्दन पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुये छात्र.छात्राओं को बधाई दी है।

# 98.6 प्रतिशत अंको के साथ तन्मय ने किया ऊर्जांचल टॉप

## 69 छात्र छात्राओं ने हासिल की 90 प्रतिशत से अधिक अंक डीपीएस विंध्यनगर के छात्र छात्राओं का कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जागरण विंध्यनगर।** विंध्याचल परियोजना के दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र.छात्राओं ने 10वीं के घोषित परीक्षा परिणामों में एक बार फिर अपना परचम लहराया। विद्यालय के छात्र तन्मय वर्मा ने 98०6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में ऊर्जांचल में टॉप किया। विद्यालय के 69 छात्र.छात्राओं ने 90 या उससे अधिक अंक किये हैं। विद्यालय के छात्र एडिविक रौशन 98.2 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान परए अनंत माल 98.2 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान पार्थ मोतियानी 98 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान पर रहे। वही 90 या उससे अधिक प्रतिशत अंक अर्जित करने वानों में शिशिर सराफ देव्यांश अग्रवाल भव्या सिंह अनिवेश यादव विराट गर्ग अर्पित राज नमन नायक अभिनव रतन तिवारी प्रत्यिुष यादव वंशिका सिंह आर्या नारायण केशव झा प्रांजल सिंह शिवांशु प्राताप सिंह श्रेया सिंह अरनव कुमार सिंह सोम्या सिंह रागनी परिदा सक्षम विवेक रैकवार अरूनव सिंह अनुमोल जैन श्लोक शौर्या खुशबू साहू जयप्रकाश मेहता कृति पटेल हरिअंश कौशिक मो.साहिब रोहित कुमार सिंह आर शेखावत काव्या तिवारी अंविंशा सिंह लौव कुमार अंश कुमार सिंह शिवांग जायसवाल वंशिका सिंह गहिरवार आयुष शुक्ला औरव प्रकाश मोहंती तनिष्का विश्वास सक्षम साहू रौशन ठाकुर आयान उस्मानी आर्द्या रस्तोगी विकास कुमार सोनी चैतन्य श्रीराम आयुशी उमेष सोलंकी संस्कृति अविधा कण्ठ श्लोक राज कुश कुमार आदित्य अभिषेक मेहोरोत्रा हिमांशु सोनी अभिलाशा सिंघल मोह.महशुद तनिष्का जायसवाल आयुष कुमार सिंह सिद्धार्त दुबे सौविक बैनेक अर्पित गुप्ता मांशवि पवार सुहाना श्रद्धिदाज एडवाया गुप्ता ऋध्रन वर्मा आन्या अग्रवाल और जयरेयान एक्का ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवांवित किया है। सीबीएस 10वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र.छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुये छात्र.छात्राओं को बधाई दी है।

# सासन पावर लिमिटेड के टाउनशिप स्थित बुद्धा मंदिर में मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा





## आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया बुद्ध मंदिर को विशाल भण्डारे का भी आयोजन

**जागरण बैढ़न।** सासन पावर लिमिटेड के अधिकारियों के सामूहिक पहल पर परियोजना के आवासीय परिसर तियरा टाउनशिप में स्थित बुद्धा मंदिर प्रांगण में बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ बुद्ध-पूर्णिमा का महापर्व मनाया गया । यह पर्व वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है । वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि पर भगवान विष्णु के 9 वें अवतार भगवान गौतम बुद्ध के जीवन के तीन महत्वपूर्ण घटनाएँ एक ही तिथि पर रही हैं, जिसमें उनका जन्म, परमज्ञान एवं मोक्ष हुआ था । इस पावन तिथि पर बुद्ध मंदिर को आकर्षण रोशनी और फूलों से सजाया गया था एवं सासन पावर लिमिटेड के उच्च अधिकारियों, कर्मचारियों के पहल पर सेवा एवं समर्पण के भाव से टाउनशिप के निवासियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इस पावन दिवस पर विधि-विधान पूर्वक भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना, ध्यान किए। उसके पश्चात् विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद का लुफ्त उठाया । सभी लोगों ने त्याग, सेवा, समर्पण की भावना एवं उनके चहल कदमों का अनुकरण करने का संकल्प लिया, एवं सामाजिक सौहाद, धर्म के प्रति सम्मान, शांति, करूणा और मानवता के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित किया गया। विदित हो कि सासन पावर लिमिटेड के आवासीय परिसर तियरा में स्थित बुद्ध मंदिर परिसर एक बहुत ही रमणीय पर्यटक स्थल, देव स्थल एवं आध्यात्मिक स्थल के रूप में उभरा है । पहाड़ों की गोंद में स्थित सुरम्य वनों एवं सुन्दर बागों के बीच एक ऊँची पहाड़ी पर विशाल बुद्ध जी की 35 फिट प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके नीचे मेडिटेशन सेंटर ध्यान योग कक्ष में सर्वधर्म एवं अनेकता में एकता के प्रतीत भाव को दर्शित करती हुई श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद सरस्वती, आदिगुरू शंकराचार्य, भगवान महावीर, गुरूनानक देव, संत कबीरदास, श्री रामानुजाचार्य, श्री चैतन्य महाप्रभु, श्री थीरूवल्लूर की मूर्तियाँ स्थापित की गई हैं । जहाँ अद्भुत आनंद एवं असीम शांति की अनुभूति प्रदान करती है । पहाड़ी के नीचे विशाल शिव मंदिर परिसर स्थित है जिसमें शिवलिंग, शंकर जी, लक्ष्मी माता जी, दुर्गा माता जी, सरस्वती माता जी, गणेश जी, हनुमान जी, राधा-कृष्णा जी की भी प्रतिमायें जो शिव मंदिर के चारों तरफ छोटे-छोटे मनमोहक मंदिर में सुन्दर मूर्तियाँ स्थापित की गई है । शिव मंदिर प्रांगण के सामने मनमोहक साई बाबा की भी बेहद खुबसूरत प्राकृतिक पत्थरनुमा गुफा एवं प्रतिमा स्थापित की गई है । जहाँ पर आस्था एवं विश्वास के साथ दिव्यता की अनुभूति होती है । विदित हो कि इसी महीने के प्रथम सप्ताह में कम्पनी प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा योग्य पुजारियों/आचार्यों के दल द्वारा पूरे विधि-विधान से की गई थी । उसके पश्चात् विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। सम्पूर्ण प्रांगण का उपयोग एवं उपभोग स्थानीय लोगों के द्वारा की जाती है और वे इस अनुपम कार्य के लिए कम्पनी प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते थकते नहीं हैं, और इस क्षेत्र के विकास के लिए कम्पनी का अहम कदम मानते हैं ।

# कलेक्टर की जन सुनवाई में 94 लोगों ने दिया अपना आवेदन

**जागरण बैढ़न।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 94 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करायें।जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नर्सों के समर्पण को किया गया नमन




## एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

**जागरण विंध्यनगर।** विंध्य अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया जो फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। यह दिवस नर्सों के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को वैश्विक स्तर पर मान्यता देने का प्रतीक है। इस अवसर पर विंध्य अस्पताल की समर्पित और संवेदनशील नर्सिंग स्टाफ के प्रति गहरी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया गया। इस आयोजन में ई.सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विंध्याचल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ प्रबंधन टीम के सदस्य संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन एजे राजकुमार महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम तथा राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल भी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. प्रतिमा महेन्द्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ विंध्य अस्पताल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ई. सत्य फणि कुमार ने सभी नर्सों को बधाई दी और रोगी सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नर्सों के अथक प्रयासों के कारण विंध्य अस्पताल को दो बार सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवा पुरस्कार प्राप्त हुआ है। डॉ.प्रतिमा महेन्द्र ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों से स्टाफ का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सभी नर्सों ने नाइटिंगेल प्रतिज्ञा ली जो उनके पेशेवर आदर्शों की पुष्टि है। इसके बाद केक काटा गया और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नर्सों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मैट्रन श्रीमती सविता पटेल ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की विरासत और इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा फ्लोरेंस नाइटिंगेल को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ।

# नईगढ़ी पुलिस ने हत्या और दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** नईगढ़ी थाना पुलिस ने हाल ही में दो गंभीर मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। पहला मामला 07.05.25 को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट से महिला की मौत का था। मृतका सोनिया रजक की मौत के बाद यह मामला हत्या में तब्दील हुआ। पुलिस ने महज 72 घंटे में मुख्य आरोपी गुलसेन रजक को सतना जिले के कृष्णगढ़ से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर 15.03.25 को दर्ज एक दुष्कर्म प्रकरण में फरियादिया ने आरोपी आनंद जैसवाल पर बलात्कार, वीडियो वायरल करने और धमकी देने का आरोप लगाया था। मामले में संजीदगी दिखाते हुए पुलिस ने सायबर सेल और मुखबिर तंत्र के सहयोग से आरोपी को रीवा के गंगेव से गिरफ्तार किया। दोनों ही मामलों में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के मार्गदर्शन, और थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने सक्रियता, सतर्कता और संवेदनशीलता का परिचय दिया।

# यातायात पुलिस द्वारा 50 से अधिक यात्री बसों की चेक किए गए परमिट फिटनेस

**जागरण बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के निर्देशन में थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा आज औचक चेकिंग लगाया जाकर यात्री बसों की चेकिंग की गइ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत आज अलग.अलग टीम लगाया जाकर शहर के अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा बस स्टैंड पर 53 यात्रियों बसों के दस्तावेज चेक किए गए एवं समझाइश दी गई थी वाहनों के सभी दस्तावेज फिटनेस परमिट रजिस्ट्रेशन इंश्योरेंस एवं प्रदूषण सर्टिफिकेट वैध होने चाहिए मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधान अनुसार नहीं पाए जाने वाले यात्री बसों पर चालानी कार्यवाही की गई चेकिंग के दौरान जिन यात्री बसों में मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधान अनुसार वाहनों में कमियां पाए जाने पर चलने कार्रवाई की गई है यातायात पुलिस ने अपील की है कि वाहनों के समस्त दस्तावेज वैध और पूर्ण रखे एवं यातायात नियमों का पालन करें उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात आरक्षक संजीव कुमार आरक्षक लक्ष्मण एवं आरक्षक धीरज आर जितेंद आर रूपेश अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।



# संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में छाए विराट कोहली लिखा-बल्लेबाजी लाइनअप में 'बड़ा खालीपन' आएगा



**जेएनएन, मेलबर्न।**

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन से महानता हासिल की है और अब वह सफेद जर्सी पहनकर उनके गेंदबाजों को परेशान नहीं कर पाएंगे, तो ऑस्ट्रेलिया के सभी अखबारों ने उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं। सोमवार को कोहली ने अपने 14 साल के शानदार टेस्ट करियर से अलविदा कहा तो ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख अखबार 'दैनिक सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने इस भारतीय आइकन के बारे में कहा कि ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कोहली का अविश्वसनीय बल्लेबाजी कौशल और मैदान पर तीखे तेवर का संयोजन आकर्षित करता था, जिससे कईयो को उसमें अपनी झलक दिखती। अखबार ने लिखा, कोहली की ऑस्ट्रेलिया में पहली सीरीज 2011-12 में थी, जिसमें माइकल क्लार्क की अगुआई वाली टीम का प्रदर्शन एकतरफा रहा। 4-0 के स्कोरलाइन के बावजूद कोहली ने कई समकालीनों की तुलना में अधिक निडरता दिखाई और एडिलेड में शतक के साथ इसका समापन किया। इसमें लिखा, एससीजी दर्शकों को ऊंगली दिखाने के लिए उनकी आलोचना भी हुई। अखबार ने लिखा, यह ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के साथ लड़ाई की शुरुआत थी, जो इस साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेटर के रूप में उनके अंतिम दिन समाप्त हुई, जब उन्होंने उसी भीड़ को 'सैंडपेपर' का इशारा किया।

■ 'ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कोरपोरेशन' (एबीसी) ने भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में उनके सफल कार्यकाल पर प्रकाश डाला, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक सीरीज जीत भी शामिल है। एबीसी ने लिखा, उनके टेस्ट करियर को 2014 से 2022 के बीच कप्तान के रूप में उनके कार्यकाल के लिए भी याद किया जाएगा, जिसमें उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में से 40 में जीत दिलाई और इस प्रारूप में देश के सबसे सफल कप्तान बने तथा दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (53) और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (48) और स्टीव वॉ (41) के बाद जीत के मामले में चौथे स्थान पर रहे।

■ 'न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू' में छपी खबर का शीर्षक 'विराट कोहली ने संन्यास की घोषणा करके 1.4 अरब दिलों को तोड़ दिया।

■ 'फॉक्स स्पोर्ट्स' ने लिखा कि कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति से भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में 'बड़ा खालीपन' आ जाएगा।

## पत्नी अनुष्का संग कोहली ने किए संत प्रेमानंदजी के दर्शन

**मथुरा (उप्र)।** टेस्ट से संन्यास लेने के बाद कोहली अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज के दर्शन करने वृंदावन पहुंचे। वे आश्रम में करीब साढ़े तीन घंटे रुकने बाद लगभग पौने दस बजे वापस हो गए। एक्स पर साझा किए गए वीडियो में विराट और अनुष्का को संत से आशीर्वाद लेते देखा जा सकता है। इस क्लिप में विराट और अनुष्का को प्रेमानंद जी महाराज से बात करते देखा गया, जिसमें उन्होंने विराट से पूछा कि



क्या वह खुश है। विराट ने एक दिन पहले ही सोमवार को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था और अगले ही दिन वह वृंदावन पहुंचे। इससे पूर्व वह इसी वर्ष 10 जनवरी को और दो साल पहले (2023 में) चार जनवरी को भी आश्रम में उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने आ चुके हैं। आश्रम के सूत्रो के अनुसार वह मंगलवार तड़के ही आश्रम पहुंच गए थे और करीब साढ़े तीन घंटे ठहरने के बाद लौट गए। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने संत प्रेमानंद से भेंट करने के बाद आश्रम का भ्रमण कर वहां संचालित प्रकल्पों के बारें में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने लौटने से पूर्व वाराह घाट पर कुछ ही दूर स्थित संत प्रेमानंद के भी गुरु गौरांगी शरण महाराज के भी दर्शन किए।

## हैरानी की बात है, उन्हें मैदान से विदाई मिलनी चाहिए थी : कुंबले

इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा के खामोशी से टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने पर भारत के पूर्व कप्तान और महान स्पिनर अनिल कुंबले को हैरानी हुई है, जिनका मानना है कि इन दोनों सीनियर बल्लेबाजों को मैदान पर विदाई मिलनी चाहिए थी। कुंबले ने कहा कि यह बड़ी हैरानी की बात है। दो महान खिलाड़ी कुछ दिन के अंतर पर ही विदा हो गए। मुझे ऐसा लगा नहीं था। मैं हैरान रह गया हू। मुझे लगा था कि अभी तक कुछ साल और टेस्ट क्रिकेट खेल सकता है। उन्होंने कहा कि अब वह सिर्फ वनडे में खेलेगा। कोई खिलाड़ी खेद के साथ नहीं जाता और मुझे यकीन है कि उसने इस पर काफी विचार किया होगा। आखिर में यह उसका फैसला है। भारत के लिये सर्वाधिक 619 टेस्ट विकेट लेने वाले कुंबले ने कहा कि इस दर्जे के खिलाड़ियों को प्रशंसकों के सामने विदा लेने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये काफी खामोशी से चले गए। हर खिलाड़ी को अपने हिसाब से विदा लेनी चाहिए, लेकिन मैदान पर से। आर अश्विन के संन्यास के समय भी हमने यह बात कही थी।

## कोहली के भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी : किरमानी

भारत के पूर्व विकेटकीपर सैयद किरमानी का मानना है कि विराट कोहली के पास अभी भी टेस्ट क्रिकेट को देने के लिए काफी कुछ है और उन्हें कुछ समय और खेलना चाहिए था। कोहली के भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी है। हर किसी को एक दिन रिटायर होना है, लेकिन उसे कुछ दिन और खेलना चाहिए था। मैं उसके फैसले का सम्मान करता हूं और भविष्य के लिए शुभकामना देता हूं। विराट खेल में निरंतरता लेकर आए, जिसने उन्हें अलग बनाया।

## खेल एक नजर

### चार देशों का टूर्नामेंट खेलेगी जूनियर महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम अर्जेंटीना में 25 मई से चार देशों का टूर्नामेंट खेलेगी। टीम रोसारियो में अर्जेंटीना, उरूग्वे और चिली से छह नुमाइशी मैच खेलेगी। भारतीय टीम 25 मई को चिली से पहला मैच खेलेगी और अगले दिन उरूग्वे से सामना करेगी। विश्राम दिवस के बाद अर्जेंटीना से 28 मई को मुकाबला होगा। रिटर्न चरण में 30 मई को चिली से, एक जून को उरूग्वे और दो जून को अर्जेंटीना से सामना होगा। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा चिली के सैंटियागो में दिसंबर 2025 में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है। हम विश्व कप को ध्यान में रखकर सर्वश्रेष्ठ टीम के चयन की प्रक्रिया में हैं।

### फ्रेंच ओपन : पूर्व चैंपियन वावरिंका व अनुभवी गैसकेट को वाइल्ड कार्ड

**पेरिस, जेएनएन।** तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका और फ्रांस के दिग्गज रिचर्ड गैसकेट उन आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें मंगलवार को फ्रेंच ओपन के लिए वाइल्ड-कार्ड प्रविष्टियां दी गईं। मार्च में 40 साल के हो चुके वावरिंका ने 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता था।



उन्होंने 2015 में फ्रेंच ओपन और 2016 में अमेरिका ओपन में यह सफलता को दोहराई थी। वावरिंका पिछले कुछ समय से चोटों से जूझ रहे हैं और एटीपी रैंकिंग में 132वें स्थान पर खिसक गए हैं। गैसकेट फ्रेंच ओपन में अपना आखिरी टूर्नामेंट खेलेंगे। फ्रांस के इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2007 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग हासिल की थी। अपने समय के शानदार खिलाड़ियों में शामिल गैसकेट कभी भी ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए। वह दो बार विंबलडन और एक बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे। उन्होंने टूर स्तर के 16 खिताब जीते और 2017 में डेविस कप जीतने वाली फ्रांस टीम के सदस्य थे।

### 17 मई से फिर से शुरू होगा पीएसएल का सत्र


**लाहौर, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को 17 मई से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के फिर से शुरू होने की पुष्टि की। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि लीग के बचे हुए मैचों के कार्यक्रम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। लीग का फाइनल 25 मई को होगा। भारत के साथ युद्ध जैसी स्थिति के कारण पीएसएल को निलंबित कर दिया गया था। पीसीबी ने पहले लीग को यूएई में स्थानांतरित करने की घोषणा की थी, लेकिन इसके एक दिन बाद ही इसे निलंबित कर दिया। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि एलिमिनेटर, क्वालिफायर और फाइनल सहित शेष आठ मैचों को रावलपिंडी और लाहौर में खेला जाएगा।

# आईपीएल में खिलाड़ियों की उपलब्धता के लिए विदेशी बोर्ड पर दबाव बना रहा बीसीसीआई

## 17 मई से फिर शुरू होगा टूर्नामेंट, अभी भी सुरक्षा को लेकर चिंता

**नई दिल्ली, जेएनएन।**

बीसीसीआई और आईपीएल टीमें 17 मई से फिर से शुरू हो रहे आईपीएल के लिए अपने खिलाड़ियों को भेजने के लिए विदेशी बोर्ड पर दबाव बना रहे हैं। हालांकि भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के कारण अभी भी सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं। बीसीसीआई के आला अधिकारियों ने आईपीएल सीओओ हेमांग अमीन से कहा है कि वे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से खुद बात करके सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करे। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण नौ मई को लीग स्थगित कर दी गई थी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि हम विदेशी बोर्ड से निजी तौर पर बात कर रहे हैं, जबकि टीम सीधे अपने खिलाड़ियों के संपर्क में है। हमें उम्मीद है कि अधिकांश लौट आएंगे।



### ऑस्ट्रेलिया ने खिलाड़ियों पर छोड़ा फैसला

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत लौटने या नहीं लौटने का फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ दिया है। टीम अधिकारियों ने बताया कि कुछ विदेशी खिलाड़ी वापसी को लेकर अभी भी आशंकित हैं, लेकिन अधिकांश के लौट आने की संभावना है। सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथ ने कहा कि संशोधित कार्यक्रम का ऐलान कल रात हुआ। हम अपने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क कर रहे हैं। इसके बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी। हमारा मैच 20 मई को है तो अभी काफी समय है। पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस के लौटने की उम्मीद कम है, हालांकि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के जेवियर बार्टलेट, आरोन हार्डी, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई और दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन लौट सकते हैं। सनराइजर्स को कप्तान पैट कमिंस और ट्रेविस हेड के लौटने की उम्मीद है।

### बटलर, बेथेल और जैक्स के सामने खड़ी हुई दुविधा

आईपीएल 2025 के प्लेऑफ मैचों में जोस बटलर, जेकब बेथेल और विल जैक्स के खेलने पर संशय लग चुका है, क्योंकि उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में चुना गया है। इंग्लैंड के खिलाड़ी आईपीएल स्थगित होने के बाद स्वदेश वापस लौट गए थे, लेकिन उनके शनिवार को टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने से पहले लौटने की उम्मीद है। लेकिन नई तारीखों की वजह से बटलर (गुजरात), बेथेल (आरसीबी) और जैक्स (मुंबई) क्लब और देश के बीच टकराव का सामना कर रहे हैं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने नवंबर की आईपीएल बड़ी नीलामी से पहले यह वादा किया था कि जिन इंग्लिश खिलाड़ियों के पास केंद्रीय अनुबंध है, वे 2025 में आईपीएल के लिए पूरी तरह उपलब्ध रहेंगे। इसकी वजह से बेथेल को 22 मई से जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट टीम में शामिल नहीं किया गया। लेकिन यह वादा आईपीएल की मूल तारीखों तक ही सीमित था। इंग्लैंड ने मंगलवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान किया, जो 29 मई से शुरू होगी। ईसीबी के प्रवक्ता ने कहा, अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मूल आईपीएल तारीखों के आधार पर जारी किए गए हैं।

■ जोफ्रा आर्चर (राजस्थान) और जेमी ओवर्टन (सीएसके) को भी वनडे टीम में शामिल किया गया है, हालांकि उनकी टीमें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। आरसीबी के दो अन्य इंग्लिश खिलाड़ियों लियम लिविंगस्टन और फिल सॉल्ट को वनडे टीम से बाहर कर दिया गया है। हालांकि सॉल्ट को 6 जून से शुरू होने वाली टी-20आई सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है।


■ वेस्टइंडीज की वनडे टीम में भी दो खिलाड़ी हैं, जिन पर इस टकराव का असर पड़ सकता है। रोमारियो शेफर्ड (आरसीबी) और शरफेन रदरफोर्ड (गुजरात)। शमार जोसेफ भी वनडे टीम और आईपीएल दोनों में शामिल हैं, लेकिन उनकी टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना बेहद कम है।

## ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने घोषित की टीम

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ग्रीन और कोंस्टास ऑस्ट्रेलियाई टीम में

**मेलबर्न/जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स मैदान पर 11 जून से खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए मंगलवार को अपनी-अपनी टीम की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में आक्रामक सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और फिट होकर लौटे हरफनमौला कैमरन ग्रीन को जगह दी गई है। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया टीम में लगभग वही सदस्य हैं, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका से खेला था। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा कि टीम ने श्रीलंका को सीरीज में हराकर डब्ल्यूटीसी चक्र का शानदार समापन किया। इससे पहले भारत को एक दशक में पहली बार टेस्ट सीरीज में परास्त किया। ऑस्ट्रेलिया की यही टीम वेस्टइंडीज में 25 जून से होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी।





## एनगिडी की वापसी, रबाडा भी शामिल



तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की 15 सदस्यीय दक्षिण अफ्रीका की टीम में वापसी हुई है। कगिसो रबाडा नशीली दवाओं के सेवन के कारण एक महीने के निलंबन पूरा कर टीम में शामिल छह तेज गेंदबाजों में से एक हैं। इसमें मार्को यानसेन, वियान मुल्डर और कॉर्बिन बॉश तेज गेंदबाजी हरफनमौला है। टीम में केशव महाराज और सेनुरन मुथुसामी के रूप में दो स्पिनर भी शामिल हैं। तेम्बा बावुमा टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम 31 मई को अरुंडेल में अभ्यास शुरू करेगी। टीम इसके बाद जिम्बाब्वे से तीन से छह जून तक अभ्यास मैच खेलेगी।

**ऑस्ट्रेलिया :** कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, कोंस्टास, कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, स्टार्क, ब्यू वेबस्टर। **रिजर्व :** ब्रेंडन डोगेट।

**दक्षिण अफ्रीका :** बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, कॉर्बिन बॉश, टोनी डीजोर्जी, मार्को यानसेन, केशव महाराज, एडेन मारक्रम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, डेन पैटरसन, रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन।

# वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में मंधाना दूसरे नंबर पर, टॉप 10 में एकमात्र भारतीय

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं, जिससे उनकी नजरें एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी हैं। पिछली बार 2019 में नंबर एक वनडे बल्लेबाजी बनीं मंधाना ने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में श्रीलंका में सम्पन्न त्रिकोणीय सीरीज की पांच पारियों में 264 रन बनाए और सीरीज की दूसरी सबसे सफल बल्लेबाज रहीं। फाइनल में 116 रन की पारी खेलने वाली मंधाना शीर्ष पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट से सिर्फ 11 रेटिंग अंक पीछे हैं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने शीर्ष स्थान में अपनी जगह मजबूत की। वह दो स्थान के फायदे से सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स (पांच स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्राइओन (नौ स्थान के फायदे से 18वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई भारतीय स्पिनर स्नेह राणा को गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है, जिसमें इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर चल रही हैं। त्रिकोणीय श्रृंखला में सिर्फ 14 की औसत से 15 विकेट चटकाने वाली स्नेह चार स्थान आगे बढ़कर 34वें पायदान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की ऐशले गार्डनर वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। भारतीय की दीप्ति शर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ है और वह पांचवें स्थान पर हैं।



# अल्काराज पहली बार इटैलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में, सबालेंका भी जीतीं

**रोम, जेएनएन।** दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रूस के कारेन खाचानोवा को हारकर पहली बार इटैलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के अल्काराज ने मंगलवार को दो घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में खाचानोव को 6-3, 3-6, 7-5 से पराजित किया। यह उनकी खाचानोव पर लगातार पांचवीं जीत है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अल्काराज का सामना ब्रिटेन के जैक ड्रैपर से होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त ड्रैपर ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के कोरेनटिन मोटेट 1-6, 6-4, 6-3 से पराजित किया। ड्रैपर पांचवीं बार किसी मास्टर्स 1000 के अंतिम आठ में पहुंचे हैं। ड्रैपर ने हाल ही में अल्काराज को हराकर इंडियन वेल्स की ट्रॉफी जीती थी। दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक को 6-1, 7-6 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनाई। बेलारूस की खिलाड़ी सबालेंका सामना अब चीन की क्विन झांग से होगा, जिन्होंने बिनाका को 7-5, 6-1 से हराया।





■ अल्काराज पिछले चार साल में इस टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंचने वाले पहले स्पेनिश खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 2021 में राफेल नडाल पहुंचे थे। उन्होंने दस बार यह ट्रॉफी जीती है।

# भारत के मानेपल्ली और ईरा थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रॉ में

**बैंकॉक, भाषा।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ियों थारुन मानेपल्ली और ईरा शर्मा ने मंगलवार को थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया, जबकि दिग्गज खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत टूर्नामेंट से बाहर हो गए। 23 साल के मानेपल्ली ने पुरुष एकल क्वालीफायर में चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 17-21, 21-19, 21-17 से हराने के बाद श्रीकांत को 40 मिनट में 21-6, 21-19 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने कम रैंकिंग वाले फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ को सिर्फ 29 मिनट में 21-10, 21-11 से हराया लेकिन मलेशिया के जस्टिन होह ने उन्हें 39 मिनट में 21-14, 22-20 से हराकर बाहर कर दिया। ईरा ने महिला एकल में म्यांमार की थेट हतार थुजार को 46 मिनट में 18-21, 21-12, 21-8 से और फिर थाईलैंड की थामोनवान नितिथिकराई को 34 मिनट में 21-12, 21-18 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। पुरुष एकल में सतीश करुणाकरण को मलेशिया के आदिल शोलेह के खिलाफ कड़े मुकाबले में 17-21, 21-12, 12-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की जोड़ी भी मिश्रित युगल में हार के साथ बाहर हो गई।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स : 9 स्वर्ण सहित 26 पदक जीतकर मप्र सातवें स्थान पर

# खेलो इंडिया : अवधेश को रजत, कलारिपयट्टू में कांसा

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को मप्र के खिलाड़ियों ने एथेलेटिक्स और कलारिपयट्टू खेल में दो पदक अर्जित किए। इसके साथ ही मप्र 9 स्वर्ण, 6 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 26 पदक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है। बिहार में चार से 15 मई तक खेले जा रहे इन खेलों में एथेलेटिक्स में अवधेश ने बालक यूथ अडंर-18 वर्ग के 1500 मी. इवेंट में 3:56.78 सेकंड का समय लेकर रजत पदक प्राप्त किया। वहीं कलारिपयट्टू में प्रियांशी जामलिया और समृद्धि पटेल ने स्वर्ड एण्ड शील्ड और फ्लेक्सिबल स्वर्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किया।



### मप्र के मुक्केबाज जसरीत फाइनल में

बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के जसरीत ने 65 किग्रा भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में पहुंच गए। जसरीत ने पहले दौर में बाय मिलने पर क्वार्टर फाइल जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने मणिपुर के खिलाड़ी को 5-0 से हारते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में हरियाणा के खिलाड़ी को स्प्लिट डिसीजन 2-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया फाइनल। स्वर्ण पदक के लिए उनका सामना हरियाणा के खिलाड़ी से होगा। जसरीत मुक्केबाजी अकादमी में मुख्य कोच रोशनलाल से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।



# पाकिस्तान के सीमित ओवरों के मुख्य कोच बने माइक हेसन

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के माइक हेसन को मंगलवार को सीमित ओवरों की टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हेसन पीएसएल के समाप्त होने के एक दिन बाद 26 मई को पाक टीम के साथ जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच के रूप सफलता हासिल करने वाले हेसन को पीसीबी के इस पद के लिए विज्ञापन देने के बाद प्रबल दावेदार माना जा रहा था। इस साल चैंपियन्स ट्रॉफी में लचर प्रदर्शन के बाद न्यूजीलैंड दौरे पर भी पाकिस्तान का प्रदर्शन खराब रहा था। चार विदेशी दावेदारों सहित कुल सात लोगों ने इस पद के लिए आवेदन सौंपे थे। हेसन अभी इस्लामाबाद यूनाईटेड के मुख्य कोच हैं, जो पीएसएल की गत चैंपियन है। उन्हें आईपीएल में कोचिंग का भी अनुभव है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि हेसन के पास काफी अंतरराष्ट्रीय अनुभव है और वह प्रतिस्पर्धी टीमों के विकास में अपनी क्षमता को साबित कर चुके हैं। हेसन 2023 के बाद से पाकिस्तान टीम के साथ नियुक्त किए गए पांचवें विदेशी मुख्य कोच हैं।

### पेयजल संकट की निगरानी के लिये कंट्रोल रूम स्थापित

**सतना।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि ग्रीष्मकाल में पेयजल संबंधी निराकरण के दृष्टिगत बिगडे, सुधार योग्य हैण्डपम्पों का तत्काल सुधार कराये जाने के लिए जिला एवं जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया हैं। कंट्रोल रूम में बिगडे हैण्डपम्पों की सूचना दिये जाने पर तत्परता से सुधार कार्य कराये जाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### सतना जिले के 9 नक्शा विहीन ग्रामों के नक्शा हुए पोर्टल पर ऑनलाइन

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा प्रत्येक टीएल और राजस्व अधिकारियों की बैठक में जिले के नक्शा विहीन गांवों के नक्शा तैयार करने की प्राथमिकतापूर्ण मानीटरिंग के फलस्वरूप इस सप्ताह जिले के और 9 नक्शा विहीन गांवों के नक्शे तैयार कर पोर्टल पर आनलाइन कर दिये गये हैं। इसके पहले 8 मई को जिले के 16 नक्शा विहीन गांवों के नक्शे तैयार कर पोर्टल पर आनलाइन कर दिये गये थे।

# बेसमेंट पार्किंग को लेकर प्रशासन सख्त, 5 दुकानदारों पर ठोका 25 हजार का जुर्माना

## नंदा शॉप, व्ही वीनस, नवीन ड्रेसेस, मेट्रो शूज और अनिल स्टूडियो रहे निशाने पर

## नगर निगम व पुलिस विभाग ने ढाई घंटे तक की ताबड़तोड़ कार्यवाही



जागरण सतना

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने मंगलवार की शाम नगर निगम का अतिक्रमण अमला और पुलिस टीम कार्यवाही के लिए मैदान में उतरी । रीवा रोड जहां पर आवागवन में लोगो को कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है। वहीं से बुधवार की शाम कार्यवाही शुरू की गई है। यह कार्यवाही कलेक्टर एवं निगमायुक्त के निर्देश पर की गई है। उल्लेखनीय है कि बेसमेंट पार्किंग का मुद्दा कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में भी गूंजा था।

### शाम 6 बजे शुरू हुई कार्यवाही

बताया जाता है कि बेसमेंट पार्किंग खाली कराये जाने को लेकर नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी अंशुमान सिंह और पुलिस बल ने शाम 6 बजे से कार्यवाही शुरू कर दी। यह कार्यवाही रात साढे बजे तक चली ।ढाई घंटे चली इस कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण अधिकारी ने 5 बडी दुकानो पर कार्यवाही की है। बेसमेंट पार्किंग को लेकर जिन बड़ी दुकानो पर नगर निगम ने जुर्माना ठोका है उसमें रीवा रोड़ में संचालित नंदा शाप , व्ही वीनस , नवीन ड्रेसेस, मेट्रो शूज और अनिल स्टूडियो का नाम शमिल है इन सभी से 5-5 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया है।

### ठेलों में लगाये गये 12 साउंड जब्त ढाई हजार का स्पॉट फाइन

सेमरिया चौराहे से बिरला रोड की तरफ जाने पर यानी टाउनहाल के सामने फल बेचने वाले ठेलो में साउंड लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले 12 नग माइक और साउंड नगर निगम की टीम ने जप्त कर लिये है। इन ठेले वालो से ढाईहजार रूपये स्पाट फाइन वसूल किया गया है।



"रीवा रोड में कामर्सियल बिल्डिंग है , बडी दुकाने है लोग खरीद दारी करने आते है और वाहन सडक पर खड़ा कर देते है जिससे आवागवन में व्यवधान पैदा होता है। भवन अनुज्ञा में ऐसे व्यापारियों के पास पार्किंग की परमिशन रहती है। इसलिए जिनके पास बेसमेंट पार्किंग है वे उनका उपयोग करें जिससे यातायात का दबाव कम हो सके। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

**शेर सिंह मीना आईएएस आयुक्त नगर निगम सतना**

# चाकू से जानलेवा हमला व कट्टे से फायर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## कोलगवां पुलिस ने कार्यवाही कर दबोचा, न्यायालय ने आरोपी को भेजा जेल



**जागरण सतना।** महिला पर चाकू और कट्टे से फायर करने वाले आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

### ये है घटना

पुलिस को सूचना मिली थी एक महिला पर कुछ लोगो ने जानलेवा हमला किया है जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी लगते ही कोलगवां पुलिस ने मौके पर पहुचकर घायल महिला श्रीमती अनीता सिंह पत्नी नंदकिशोर सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी पानी की टंकी हनुमान नगर नई बस्ती थाना कोलगवां से मौके पर पहुचकर पूछताछ की। महिला ने बताया कि वह उक्त पते की निवासी है और दो माह पहले उसके लडके शुभम बरगाही की हत्या हुई थी उसी रंजिश की बात को लेकर रवि मिस्त्री, मोहित सोधिया (परिवर्तित नाम ) आकाश सिंह (परिवर्तित नाम ) रंजिश रखते थे 12 मई की शाम तकरीबन साढे 7 बजे किराना का सामान लेने दुकान गई थी जैसे ही शारदा साडी सेंटर के सामने पहुची वहां मौजूद तीनो चाय पी रहे थे। मुझसे आकर बोले की तु अपने लडके के मर्डर में हम लोगो को फसना चाहती है आज तुझे निपटा देते है इतना कहकर मोहित ने गर्दन में पीछे चाकू जैसे धारदार हथियार से वार किया। मैं वहां से भागी तभी पीछे से रवि मिस्त्री ने जानसे मारने की नियत से कट्टे से फायर कर दिया और मैं नाली में जाकर गिर गई। पुलिस ने बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है मुखबीर की सूचना पर तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है जिसमें दो नाबालिक बताये जा रहे है। आरोपी रवि मिस्त्री उर्फ रवि रैकवार पिता रमेश रैकवार उम्र 21 साल निवासी वार्ड नम्बर 18 हनुमान नगर नई बस्ती को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। आरोपी रवि मिस्त्री के निशान देही पर 315 बोर का देशी कट्टा व दो कारतूस एवं नाबालिक किशोर से घटना में प्रयोग किया गया चाकू बरामद किया गया है।

# आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में जड़ा ताला

## परीक्षा परिणाम नहीं आने से थे परेशान , मझगवां कॉलेज का मामला



**जागरण, सतना।** मझगवा महाविद्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब गुस्साए छात्र-छात्राओं ने कॉलेज गेट पर ताला जड़ दिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। आक्रोशित छात्र छात्राओ ने कॉलेज प्रबंधन मुर्दाबाद के नारे लगाये। बताया जाता है कि बीए प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओ की मार्कसीट अभी उन्हे प्राप्त नही हुई जिससे आगे की पढाई के लिए वे अब तक फार्म नही भरपाये है।

जानकारी के मुताबिक तकरीबन 98 छात्र.छात्राओं की मार्कशीट प्रबंधन द्वारा नही दिये जाने से उनका भविष्य दाव पर लग गया है जिसके चलते मंगलवार को कॉलेज में तालाबंदी कर दी गई है। सूत्र बताते है कि छात्राओ ने दोपहर 1 बजे कॉलेज में तालाबंदी की थी। जो शाम तकरीबन साढे चार बजे तक बंद था इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ कार्यालय के अंदर ही रह गया। इस के बाद जब प्राचार्य बाहर आये तब जाकर आंदोलन समाप्त हुआ। बीए की छात्रा ने प्रबंधन की लापरवाही के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 98 छात्रों का भविष्य खतरे में डाल दिया। मार्कशीट नहीं मिली तो फॉर्म कैसे भरें हमारी पढ़ाई का क्या होगा।

### प्रबंधन ने दी सफाई, विश्वविद्यालय की बताई कमी



छात्र छात्राओ द्वारा किये गये उग्र प्रदर्शन के बाद कॉलेज प्रबंधन पूरी तरह से हिल गया ।बच्चो के बीच पहुचे प्राचार्य डॉ शिवानंद गौतम ने स्वीकार करते हुये बताया कि छात्रो ने कईबार मार्कसीट नही मिलने की शिकायत दर्ज कराई है जिसे हमने विश्वविद्यालय को भेजा है मगर उसके बाद भी मार्कसीट नही मिल पाई। इतना ही नहीं प्रबंधन ने परीक्षा तिथि बढ़ाने की गुहार भी लगाई है।

# पिंडरा जल चौपाल में बनी मंदाकिनी पुनर्जीवन की रणनीति

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जारी है श्रमदान

**जागरण सतना।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत म.प्र.जन अभियान परिषद के संयोजन एंव दीनदयाल शोध संस्थान के नेतृत्व में मां मंदाकिनी पुनर्जीवन जन जागरूकता अभियान के तृतीय दिवस मंगलवार को मझगवां जनपद के ग्राम पिंडरा में मां मंदाकिनी नदी के तट पर जल चौपाल का आयोजन हुआ।

मां मंदाकिनी पुनर्जीवन नदी जल चौपाल कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां से आये अजय चौरसिया ने ग्रामीण जनों को जल संरक्षण की विविध प्रविधियां के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि हम धरती का पानी लगातार निकालते रहेंगे और उसमें वापस डालने के लिए कोई प्रयास नहीं करेंगे, तो धरती के अंदर का जल खत्म हो जाएगा। जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगेगा और भूमि बंजर होने लगेगी। इसलिए हमें जल के उपयोग के साथ-साथ जल की बचत और संग्रहण पर प्रयास प्रारंभ करना चाहिए। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक विजयेन्द्र जड़िया द्वारा ग्राम जनों के साथ संवाद कर मां मंदाकिनी के जल स्तर में हुए बदलाव के कारण एवं नदी के पुनर्जीवन हेतु समुदाय द्वारा किए जा सकने वाले उपायों पर चर्चा की गई। दीनदयाल शोध संस्थान प्रशिक्षक अशोक पाण्डेय द्वारा जल संरक्षण एवं नदी पुनर्जीवन विषय पर लोगों को जानकारी दी गई। समाजसेवी जीतेंद्र द्विवेदी ने नदी के महत्व एवं सामुदायिक प्रयासों के महत्व पर चर्चा की। तत्पश्चात ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सरमनिया मवासी द्वारा सभी ग्राम वासियों का आभार एवं मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन हेतु कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागियों ने जागरूकता रैली का आयोजन किया एवं नदी तट पर पहुंचकर मां मंदाकिनी की पूजा अर्चना की एवं श्रम सेवा कर तट की साफ-सफाई करते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया।

# कलेक्टर ने सुनी 105 आवेदकों की समस्यायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 105 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम ग्रामीण एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 33 आवेदन

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 33 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमरपाटन एसडीओपी की तत्परता से कई चेहरों पर लौटी मुस्कान, परिजनों ने जताया आभार



**जागरण सतना।** पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में अमरपाटन एसडीओपी श्रीमती प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में 1मई से आज दिनाँक तक अमरपाटन अनुभाग मे ऑपरेशन मुस्कान के तहत अब तक 13 बालक बालिका दस्तयाब किये गए गुमसुदा चल रहे बालक बालिकाओं को पाकर परिजनों ने एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और पुलिस टीम का आभार जताया है।

# मुख्यमंत्री व कैबिनेट मंत्रियों से मुलाकात कर सांसद गणेश सिंह ने लोकसभा क्षेत्र के लिए रखी मांगे

**सतना।** मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व सरकार में अन्य कैबिनेट मंत्रियों से मंगलवार को सतना सांसद गणेश सिंह ने मुलाकात कर सतना.मैहर के बिकास को लेकर कई मांगे रखी है और उनमं स्वीकृति की मांग की है। सीएम से मुलाकात के दौरान सांसद ने सतना.चित्रकूट फोर लेन सडक़ मार्ग में राज्य सरकार की सहमति के साथ निर्माण कार्य की प्रक्रिया की औपचाकिताएं पूरी कर कार्य शुरु कराने के साथ सतना लोकसभा क्षेत्र के लिए अति महत्वाकांक्षी बरगी दाई तट नहर निर्माण के कार्य में तेजी कराने की मांग भी रखी है। सांसद ने डॉ यादव से कहा कि मैहर में आपके द्वारा यह जनता को भरोसा दिलाया गया है कि कैलेंडर बदलने से पहले बरगी का पानी किसानों के खेतों तक पहुंच जाएगा लिहाजा दिसंबर के पहले टनल प नहरों का काम पूरा करा दिया जाए जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके।

# कलेक्टर के निर्देश पर कुमर बहादुर को मिली क्षतिपूर्ति राशि

**जागरण सतना।** आवेदक कुमर बहादुर गुप्ता द्वारा 15 अप्रैल 2025 को जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि वर्ष 2021 में नियोजक आशीष जैन के पास कार्यरत थे। माह फरवरी 2021 में कार्य करते समय कुमर बहादुर 11 केवी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिसमें उसके दोनों हाथ काटने पड़े। दुर्घटना के बाद नियोजक द्वारा आवेदक का इलाज करवाया गया। दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ कि नियोजक शिकायतकर्ता को एक मुश्त 5 लाख रुपए क्षतिपूर्ति राशि देगा एवं जब तक एक मुश्त राशि नहीं देता तब तक रुपए 6 हजार प्रति माह जीवनयापन के लिए देगा। लेकिन नियोजक पिछले 16 माह से समझौता अनुसार न तो एकमुश्त राशि दे रहा है और न ही मासिक जीवनयापन के लिए निर्धारित की गई राशि ही दी जा रही थी। कलेक्टर द्वारा प्राप्त आवेदन पर प्रभारी सहायक श्रमायुक्त सतना को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी सहायक श्रमायुक्त अनुराग प्रताप सिंह एवं श्रम निरीक्षक मनोज कुमार यादव द्वारा आवेदक कुमर बहादुर गुप्ता को समझौता अनुसार एकमुश्त राशि रुपए 5 लाख एवं विगत 16 माह की बकाया 96 हजार रुपए जीवन-यापन राशि सहित कुल 5 लाख 96 हजार रूपये का भुगतान नियोजक से कराया गया।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 सतना - 9993315949 सीधी-7089620900 सिंगरौली-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com